kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-205 | शुक्रवार, 29 अगस्त 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



कांग्रेस की तथाकथित वोटर अधिकार यात्रा में जिस तरह से कांग्रेस-आरजेडी के मंच से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत मां को गाली दी गई, वह घोर निंदनीय और भर्त्सनीय है। यह अभद्रता की सारी सीमा लांघ चुके दो शहजादों का बिहार की धरती पर बिहार की संस्कृति का तिरस्कार भी है। जेपी नड्डा

मोदी की यात्रा से प्रगाढ़ होंगे भारत और जापान के संबंध 11

दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर 12

## संक्षेप

### दिनेश पटनायक कनाडा में भारत के उच्चायुक्त

**नयी दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी दिनेश के. पटनायक को कनाडा में भारत का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। श्री पटनायक भारतीय विदेश सेवा के 1990 बैच के अधिकारी हैं और वह स्पेन में भारत के राजदूत की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उल्लेखनीय है कि कनाड़ा में भारत के उच्चायुक्त की नियुक्ति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाड़ा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच गत जून में जी-7 की आउटरीच बैठक के दौरान हुई मुलाकात में संबंधों को सुधारने पर बनी सहमति के बाद की गयी है। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने दिल्ली और ओटावा में उच्चायुक्तों की बहाली का निर्णय लिया था। खालिस्तानी संगठन से जुड़े हरदीप सिंह निज्जर की दो वर्ष पहले हुई हत्या को लेकर जस्टिन ट्रूडो सरकार ने इसमें भारत का हाथ होने का आरोप लगाया था। भारत ने इससे साफ इंकार किया था और इन आरोपों के चलते दोनों देशों के संबंधों में खटास आ गयी थी। यह खटास इस हद तक पहुंच गयी कि दोनों देशों ने अपने-अपने देशों में तैनात राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था।

### पीईटी परीक्षा के समय बारिश में अभ्यर्थियों को केंद्र पहुंचने परेशानी न हो: मुख्य सचिव

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दीपक कुमार ने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रारंभिक अर्हता परीक्षा के दौरान बारिश होने पर अभ्यर्थियों को केंद्र तक पहुंचने में किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने इसके साथ निर्देश दिया कि कक्षा नौ से 12 तक के छात्रों की छात्रवृत्ति दो अक्तूबर तक उनके खाते में सीधे पहुंच जाए। मुख्य सचिव ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग करते हुए कहा कि पीईटी 6 व 7 सितंबर को प्रदेश के 48 जिलों के 1479 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में होगा। इसमें 25,31,996 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। हर पाली में लगभग 6 लाख अभ्यर्थी भाग लेंगे।

### मैनपुरी में उपमंडल अधिकारी निलंबित

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के करहल विकास खण्ड में तैनात बिजली विभाग के उपमंडल अधिकारी सुखवीर सिंह को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में वह बांदा जिले में सम्बद्ध रहेंगे। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि सुखवीर सिंह ने कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन किया है,इसकी जांच कराई जा रही है। करहल उपमंडल में तैनात सुखवीर सिंह का मंगलवार को एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह सरकारी गाड़ी में डयूटी समय मे शराब पीते हुए विभाग के अधिकारियों को गाली दे रहे हैं। यह वीडियो वायरल होने के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों ने संज्ञान लिया और दक्षिणांचल विद्युत वितरण खण्ड के प्रबंध निदेशक ने उपमंडल अधिकारी सुखवीर सिंह को निलंबित कर दिया।

# संभल में 30 प्रतिशत घटी हिंदू आबादी

## संभल हिंसाः न्यायिक आयोग ने मुख्यमंत्री योगी को सौंपी 450 पन्नों की रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संभल जिले में बीते वर्ष में हुई हिंसा के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लगभग 450 पृष्ठों की एक रिपोर्ट सौंपी गई है। इस रिपोर्ट में न केवल 24 नवंबर को हुई हिंसा का जिक्र है, बल्कि संभल के इतिहास में हुए दंगों की संख्या और उन दंगों के दौरान क्या-क्या हुआ, इसका भी विवरण दिया गया है। रिपोर्ट पहले राज्य कैबिनेट के समक्ष पेश की जाएगी। कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद आगामी विधानसभा सत्र के दौरान इसे सदन में रखा जाएगा।

विस्तृत रिपोर्ट में संभल में हिंदुओं की घटती आबादी का कारण भी बताया गया है और दंगों की साजिशों का भी जिक्र है। 24 नवंबर 2024 को संभल की मस्जिद में सर्वे करने के दौरान हिंसा हुई थी। इस हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया गया था। संभल में हिंसा पर न्यायिक जांत रिपोर्ट में जनसांख्यिकीय परिवर्तन का भी जिक्र है, जहां कभी यहां की 45 प्रतिशत आबादी हिंदू थी, लेकिन यह घटकर 15 से 20 प्रतिशत रह गई है।

माना जा रहा है कि रिपोर्ट में बाबर के दमन के साक्ष्य के साथ डेमोग्राफिक बदलाव, दंगे और आतंकी नेटवर्क पर बड़ा खुलासा किया गया है। रिपोर्ट को बेहद गोपनीय बताया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपी गई रिपोर्ट में संभल जनपद को लेकर कई गंभीर और चौंकाने वाले तथ्य दर्ज हैं। इस रिपोर्ट से बड़े मामले सामने आएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 24 नवंबर को हुए दंगे पर साजिशकर्ता को ये पता था कि वहां सर्वे होना है। प्रशासन ने संभल जामा मस्जिद के प्रबंधन को बताया था कि वहां सर्वे होना है। संभवतः वहीं से सर्वे की बात लीक हुई और भीड़ जुटी। वहां अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों ● शेष पेज 11 पर



### हिंसा में विदेशी हथियार का प्रयोग

रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि सम्भल में 1947, 1948, 1953, 1958, 1962, 1976, 1978, 1980, 1990, 1992, 1995, 2001, 2019 में दंगे हुए। जो आजादी के बाद से अबतक 15 हैं। वहीं यह भी कहा गया है कि संभल कई सारे आतंकवादी संगठनों का अड्डा बन चुका है। इसके अलावा संभल दंगों में विदेशी हथियार का प्रयोग किया गया था, इसके साक्ष्य भी न्यायिक आयोग को मिले हैं। रिपोर्ट में मेड इन यूएसए हथियार मिलने की बात कही गई है।

# राज्य द्वारा बनाए गए 13 अधिनियमों में होगा बदलाव

- जल्द विधानसभा में पेश होगा सुगम्य व्यापार (प्राविधानों का संशोधन) विधेयक-2025
- सुगम व्यापार के लिए जल्द खत्म होंगे 99 फीसदी आपराधिक कानून



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र के अनुरूप प्रदेश में औद्योगिक व श्रम सुधारों की दिशा में बड़े कदम बढ़ा दिए हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य में उद्योग और व्यापार से जुड़े 13 राज्य अधिनियमों में लगभग 99 प्रतिशत आपराधिक प्रावधान समाप्त करने की तैयारी हो रही है। शीघ्र ही उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बनने जा रहा है, जो व्यावहारिकता के दृष्टिकोण से इतने बड़े पैमाने पर आपराधिक प्रावधानों को गैर- आपराधिक श्रेणी में परिवर्तित करेगा। इसके लिए राज्य सरकार जल्द विधानसभा में सुगम्य व्यापार (प्राविधानों का संशोधन) विधेयक-2025 पेश करेगी। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को और सशक्त बनाने के लिए नए कदम उठाना समय की मांग है। साथ ही यह भी उतना ही आवश्यक है कि औद्योगिक विकास के साथ श्रमिकों की सुरक्षा और सुविधा की गारंटी सुनिश्चित हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'श्रमेव जयते के भाव को आत्मसात करते हुए हमें ऐसे सुधार करने होंगे, जो उद्यमियों और श्रमिकों, दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हों।

खत्म होगी कारावास की सजा, लगेंगे आर्थिक दंड मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार शीघ्र ही 'सुगम्य व्यापार (प्राविधानों का संशोधन) विधेयक, 2025 लाने जा रही है। इसके तहत आबकारी अधिनियम, शीरा अधिनियम, वृक्ष संरक्षण अधिनियम, राजस्व संहिता, गन्ना अधिनियम, भूगर्भ जल अधिनियम, नगर निगम अधिनियम, प्लास्टिक कचरा अधिनियम, सिनेमा अधिनियम तथा क्षेत्र व जिला पंचायत अधिनियम सहित कई कानूनों को अधिक व्यावहारिक स्वरूप दिया जाएगा। इनमें जहां पहले कारावास की सज़ा का प्रावधान था, वहां अब अधिक आर्थिक दंड व प्रशासनिक कार्रवाई को वरीयता देने की योजना है। नए प्रावधानों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अनावश्यक दंडात्मक प्रावधानों को समाप्त कर, उनकी जगह पारदर्शी और न्यायसंगत व्यवस्था लागू करना समय की मांग है। बैठक में अवगत कराया गया कि इस विधेयक पर संबंधित 14 विभागों से राय ली गई है। अधिकांश विभाग सहमत हैं, जबकि कुछ ने आपत्तियां दर्ज कराई हैं। ● शेष पेज 11 पर

### कांग्रेस-आरजेडी के मंच से प्रधानमंत्री पर अभद्र भाषा का प्रयोग निंदनीय

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार के दरभंगा के अतरबेल में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ प्रयोग की गई बेहद अभद्र भाषा की कड़ी निंदा की है। यह कार्यक्रम बिहार यूथ कांग्रेस के नौशाद द्वारा कराया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे लोकतांत्रिक मर्यादा और भारतीय संस्कृति पर सीधा प्रहार बताया। मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कांग्रेस और आरजेडी के नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के प्रति इस्तेमाल की गई अपमानजनक भाषा न केवल प्रधानमंत्री का अपमान है, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है। योगी आदित्यनाथ ने लिखा, कांग्रेस और आरजेडी के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए प्रयुक्त अभद्र भाषा अत्यंत निंदनीय एवं राजनीतिक मर्यादा का पतन है। यह कृत्य सिर्फ प्रधानमंत्री का नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों की भावनाओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि एक साधारण मां ने अपने संघर्ष और संस्कारों से ऐसे पुत्र को गढ़ा, जिसने स्वयं को राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित कर दिया और आज वह विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में करोड़ों भारतीयों के हृदय में बसते हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि बिहार की जनता इस तरह की 'घृणित राजनीति' का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देगी और भारतीय संस्कृति तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करेगी।

# उप्र में उच्च प्राथमिक विद्यालयों का विलय अब तीन किमी के अंदर होगा

- अपर मुख्य सचिव बेसिक दीपक कुमार ने आदेश जारी किया

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर के नियमों में अब संशोधन कर दिया गया है। 50 से कम छात्र नामांकन वाले विद्यालयों के मर्जर के नियम में संशोधन किया गया है। अभी तक प्रदेश में जहां विद्यालयों के पेयरिंग की व्यवस्था की सीमा एक किलोमीटर की थी, जिसे विभाग ने बढ़ाकर तीन किलोमीटर कर दिया है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव बेसिक दीपक कुमार ने आदेश जारी कर दिया है। उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विद्यालयों में 50 से कम संख्या वाले छात्रों के मर्जर को लेकर चल रहे विवाद के बीच अब विभाग ने मर्जर के दायरे को बढ़ाकर तीन किलोमीटर कर दिया है। बीते जुलाई महीने में 50 से कम छात्र संख्या वाले 5000 से अधिक स्कूलों के मर्जर को लेकर उठे विवाद खड़ा हो गया था। अभिभावकों का कहना था कि विभाग ने उनके बच्चों का मर्जर एक किलोमीटर के दायरे में ना कराकर तीन से पांच किमी के दायरे में कराया है। इस बारे में बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा था कि पांच हजार विद्यालयों का मर्जर एक किमी के दायरे में ही किया गया है। अब विभाग की तरफ से इस नियम को भी संशोधित कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने अपने निर्देश में कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष में छोटे एवं कम संसाधनों वाले विद्यालयों को बड़े विद्यालयों के साथ शामिल किए जाने के संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के सचिव की तरफ से एक निर्देश जारी किया गया है। इस आदेश के संदर्भ में प्रदेश के बेसिक शिक्षा विद्यालयों में 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों की पेयरिंग के नियम में संशोधन किया गया है। अब ऐसे विद्यालयों की एक किलोमीटर की सीमा से बढ़ाकर तीन किलोमीटर की सीमा में किया जाएगा।

# नेपाल के रास्ते बिहार में घुसे तीन पाकिस्तानी आतंकी

एजेंसी

मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)। नेपाल के रास्ते भारतीय क्षेत्र के बिहार में घुसे पाकिस्तान के तीन आतंकियों की खोज में जिले की पुलिस व सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल व अन्य सुरक्षा एजेंसियां जुटी हैं। भारत-नेपाल सीमा पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

खुफिया एजेंसी की ओर से दी जानकारी के आधार पर जैश-ए मोहम्मद के जिन तीन आतंकियों की खोज की जा रही है, उनमें रावलपिंडी पाकिस्तान का निवासी हसनैन अली, उमरकोट का आदिल हुसैन एवं बहावलपुर का मोहम्मद उस्मान शामिल है।

राज्य पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी अलर्ट के आलोक में पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने जिले से लगी नेपाल की सीमा पर स्थित सभी थानों के साथ-साथ सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने को कहा है। पुलिस अधीक्षक ने सभी आतंकियों के पासपोर्ट लगी तस्वीर व उनका नाम पता जारी करते हुए कहा है कि आतंकियों के सिर पर 50 हजार के इनाम की घोषणा की गई है। एसपी ने आम आदमी के लिए दो नंबर जारी किए हैं। एसपी ने अपने संदेश में साफ किया है कि इन तीनों के दिखने या उनके बारे में किसी भी तरह की जानकारी होने पर नजदीकी थाना को सूचना दें। पुलिस के डायल 112 पर भी सूचना दी जा सकती है । साथ ही पुलिस अधीक्षक के मोबाइल नंबर 9031827100 , 9431822988 पर भी वाट्सएप संदेश या फोन कर जानकारी दी जा सकती है। एसपी की ओर से जारी निर्देश के बाद पूरे जिले में सघन वाहन जांच की जा रही है। खास तौर पर भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी व पुलिस की टीम एक-एक व्यक्ति की तलाशी ले रही है। पूर्वी चंपारण पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने कहा कि भारत-नेपाल की सीमा सहित पूरे जिले में हाई ● शेष पेज 11 पर





आदिल हुसैन | हसनैन अली | मोहम्मद उस्मान

- सूचना देने पर 50 हजार के इनाम की घोषणा, पूरे प्रदेश में अलर्ट

### वैष्णव देवी हादसे में उप्र के 11 मृतकों की हुई पहचान

लखनऊ। जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को वैष्णो देवी में हुए भूस्खलन में उत्तर प्रदेश के कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। इस भूस्खलन में अब तक 34 लोगों की जान जा चुकी है। सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और अधिकारियों को राज्य में मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। मृतकों में आगरा की भावना (12), सुनीता (35) और सेजल (2), मुजफ्फरनगर के कार्तिक (22), अनंत (6) और दीपेश कुमार, लखनऊ की चांदनी (30), गाजियाबाद की नीरा (35) शामिल है जबकि ममता देवी (45), राम वीरी और अंजलि (25) के घर के पते नहीं बताए गए हैं। उत्तर प्रदेश के सात घायलों में संगीता, उमंग, कमलेश, वैष्णवी, पूर्वी, गोरान और मयंक शामिल हैं। वैष्णो देवी मंदिर के ट्रैक पर यह हादसा मंगलवार दोपहर तीन बजे अर्धकुमारी मंदिर से कुछ दूर इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ था।

## आक्रांताओं के नाम पर शहर और मार्गों के नाम नहीं होने चाहिए : भागवत

# 'तीन बच्चे पैदा करने चाहिए, यह देश के लिहाज से ठीक'

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने देश की जनसंख्या का जिक्र करते हुए कहा कि पर्याप्त जनसंख्या के लिए परिवार में तीन बच्चे होने चाहिए। अगर तीन बच्चे होते हैं, तो माता-पिता और बच्चों सभी का स्वास्थ्य ठीक रहता है। देश के नजरिए से तीन बच्चे ठीक हैं। तीन से बहुत ज्यादा आगे बढ़ने की जरूरत नहीं है।

आरएसएस के 100 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा, ''भारत की जनसंख्या नीति 2.1 बच्चों की बात करती है, जिसका अर्थ है कि एक परिवार में तीन बच्चे। हर नागरिक को यह देखना चाहिए कि उसके परिवार में तीन बच्चे हों।'' उन्होंने कहा, ''सभी नागरिकों को तीन बच्चे पैदा करने पर विचार करना चाहिए, जिससे जनसंख्या पर्याप्त हो और कंट्रोल में भी रहे। भारत की जनसंख्या नीति का जिक्र करते हुए, आरएसएस प्रमुख ने आगे कहा, हमारे देश की जनसंख्या नीति 1998 या 2002 में बनाई गई थी, और उसमें साफ तौर से जिक्र किया गया था कि किसी भी समुदाय की जनसंख्या 2.1 से कम नहीं होनी चाहिए। कोई आंशिक बच्चे नहीं पैदा कर सकता, इसलिए जनसंख्या विज्ञान के मुताबिक, हमें प्रति परिवार कम से कम तीन बच्चों की जरूरत है। भागवत ने कहा कि जब किसी ने गुरुजी (एम.एस. गोलवलकर) से पूछा कि क्या विभाजन होगा, तो संघ ने इसका विरोध किया था। उन्होंने कहा कि उस वक्त संघ की ताकत बहुत कम थी। विभाजन के खिलाफ कोशिश की गई थी, और बीच में मिलने की कोशिश भी हुई, लेकिन अब कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने आगे कहा कि 'अखंड भारत' को ध्यान में रखना सिर्फ राजनीति नहीं है, बल्कि यह एक सच्चाई है। यह जिंदगी का एक फैक्ट है। यह भारत की वास्तविकता को दर्शाता है। पिछले कुछ साल से देश में शुरू हुई 'शहरों के नाम बदलने की राजनीति' पर मोहन भागवत ने कहा, ''आक्रमणकारियों के नाम पर शहरों और रास्तों के नाम नहीं होने चाहिए। मैंने मुस्लिम के नाम न हो ऐसा नहीं कहा। वीर अब्दुल हमीद और अब्दुल कलाम के नाम पर होने चाहिए। आक्रांताओ के नाम नहीं होने चाहिए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जातिगत आरक्षण पर संवेदना से विचार करना चाहिए। दीनदयाल जी ने एक दृष्टि दी है, जो नीचे है उसे ऊपर आने के लिए हाथ उठाकर कोशिश करनी चाहिए, और ऊपर जो है उसे हाथ पकड़ कर ऊपर खींचना चाहिए। संविधान सम्मत आरक्षण को संघ का समर्थन है। इसके साथ ही, शिक्षा पर बात करते हुए मोहन भागवत ने बताया, ''नई शिक्षा नीति में पंचकोशीय शिक्षा का विचार शामिल किया गया है, जिसमें कला, खेल और योग ● शेष पेज 11 पर





# राष्ट्रपति-राज्यपाल अपने फैसलों के लिए कोर्ट में जवाबदेह नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि राज्य सरकारें उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका (मामला) नहीं कर सकतीं जो राष्ट्रपति या राज्यपाल ने विधानसभा से पास हुए विधेयकों पर लिया हो, चाहे राज्य यह कहे कि इससे लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है।

केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह बात चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ के सामने कही। संविधान पीठ में जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर भी शामिल थे। मेहता ने कहा कि राष्ट्रपति इस बात पर सुप्रीम कोर्ट की राय लेना चाहती हैं कि क्या राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत ऐसी याचिकाएं दायर कर सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति यह भी जानना चाहती हैं कि संविधान के अनुच्छेद 361 का दायरा क्या है। यह अनुच्छेद कहता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल अपने अधिकारों और कर्तव्यों के निर्वहन के लिए किसी भी अदालत के प्रति जवाबदेह नहीं होंगे।

मेहता ने संविधान पीठ को बताया कि इन सवालों पर पहले भी चर्चा हुई है। लेकिन राष्ट्रपति का मत है कि अदालत की स्पष्ट राय जरूरी है, क्योंकि भविष्य में ऐसा मामला फिर उठ सकता है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 32 के तहत राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रपति या राज्यपाल के फैसलों को चुनौती देने वाली याचिका स्वीकार नहीं की जा सकती। न तो कोर्ट ऐसे मामलों में कोई निर्देश दे सकता है और न ही इन फैसलों को अदालत में चुनौती दी जा सकती है। उन्होंने आगे कहा, अनुच्छेद 32 का उपयोग तब किया जाता है, जब मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। लेकिन सांविधानिक ढांचे में राज्य सरकार खुद मौलिक अधिकार नहीं रखती। राज्य सरकार की भूमिका यह है कि वह अपने नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करे। सॉलिसिटर जनरल ने आठ अप्रैल के उस फैसले का भी जिक्र किया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर राज्यपाल समयसीमा के भीतर विधेयकों पर फैसला नहीं करते तो राज्य सीधे सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकते हैं। इस पर सीजेआई गवई ने कहा कि वह आठ अप्रैल के दो जजों के फैसले पर कोई ● शेष पेज 11 पर



- केंद्र बोला-राज्य सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटीशन नहीं दे सकते

# सीडीओ की अध्यक्षता में उद्यान विभाग की संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**बैठक में एकीकृत बागवानी विकास मिशन, पर ड्राप मोर क्रॉप माइक्रोइरिगेशन योजना और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराए गए कार्यों की समीक्षा की गई**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । बुधवार को संगम सभागार में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एकीकृत बागवानी विकास मिशन, ल्लपर ड्राप मोर क्रॉपङ्क माइक्रोइरिगेशन योजना और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराए गए कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में जिला उद्यान अधिकारी ने जानकारी दी कि इस वर्ष विभिन्न फसलों और परियोजनाओं के लिए निम्नलिखित भौतिक लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं – टिश्यू कल्चर केला 60 हे, पपीता 04 हे, ड्रैगन फ्रूट 03 हे, जामुन 04 हे, स्ट्रॉबेरी 02 हे, बेल 06 हे, करौंदा 04 हे, बेर 03 हे, अमरूद 11 हे, संकर शाकभाजी क्षेत्र विस्तार 120 हे, सिंघाड़ा 04 हे, प्याज 15 हे, लहसुन 20 हे, जैविक खेती 15 हे?, घेराबंदी 1500 रनिंग मीटर, सब्जियों हेतु मचान 20 हे?, जल संग्रहण संरचना 01, बल्ब एवं राइजोम (ग्लैडियोलस, रजनीगंधा, जरवेरा) 08 हे? और लूज फ्लावर (गेंदा, रोज, कमल) 100 हे?।ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्यबैठक में बताया गया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना में लाभार्थियों का ऑनलाइन पंजीकरण विभागीय क्ध्ठ्ठ पोर्टल http://dbt.uphorticulture.in पर किया जाएगा। लाभार्थियों का चयन ल्लप्रथम आवक-प्रथम पावकङ्क के आधार पर होगा। पंजीकरण के दौरान फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भू-अभिलेख, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) एवं पंजीकरण पावती संलग्न करना अनिवार्य होगा। लाभार्थी किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, प्रयागराज, कक्ष संख्या 85 में उपस्थित होकर दस्तावेज जमा कर सकते हैं।माइक्रोइरिगेशन और PMFME योजना पर भी जोरल्लपर ड्राप मोर क्रॉपङ्क माइक्रोइरिगेशन योजना के अंतर्गत इच्छुक किसानों के पास स्वंय के नाम उपयुक्त भूमि होनी चाहिए। इसके लिए upmip.in पर ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य रहेगा।वहीं, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के तहत सूक्ष्म खाद्य उद्योगों को बढ़ावा देने और कुशल-अकुशल रोजगार सृजन पर बल दिया गया। इस योजना में एक जिला, एक उत्पाद (ग्क्ध्घ्) के अंतर्गत अमरूद उद्योग को प्राथमिकता दी जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा शैक्षिक योग्यता कम से कम कक्षा 8 उत्तीर्ण होना आवश्यक है। साथ ही, एक परिवार से केवल एक व्यक्ति को ही वित्तीय सहायता दी जाएगी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फैली गंदगी, मरीजों की बढ़ रही मुश्किलें

महराजगंज,रायबरेली। कस्बा स्थित महराजगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। अस्पताल परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे वहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति अस्पताल के ड्रेसिंग रूम की है, जहां से उपचार की अपेक्षा की जाती है, लेकिन वह अब शौचालय जैसा नज़र आ रहा है। इसके अलावा अस्पताल परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में भी गंदगी इस कदर फैली हुई है कि संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। इलाज के लिए आने वाले मरीज पहले से ही बीमार होते हैं, लेकिन यहां की गंदगी और अव्यवस्था उन्हें और बीमार बना सकती है। जगह-जगह गंदे पानी का जमा होना, कूड़े के ढेर और सफाई की लापरवाही से मच्छर और मक्खियों की भरमार हो गई है। आपको बता दे कि,सभी हालातों के बावजूद अस्पताल के अधीक्षक डॉ. गड़नायक पांडेय पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। स्थिति देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि वह जानबूझकर इस लापरवाही को नजरअंदाज कर रहे हैं।

# 16 दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं, पीड़ित काट राह चक्कर

**नारायण स्वरूप हॉस्पिटल में दलित युवक के साथ मारपीट का मामला**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। नारायण स्वरूप हॉस्पिटल मुंडेरा, प्रयागराज में दलित युवक शिवप्रकाश सरोज के साथ मारपीट, बंधक बनाने और अतिरिक्त शुल्क वसूलने के आरोप में 16 दिन बीत जाने के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। पीड़ित का आरोप है कि मंझनपुर कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज करने से मना कर दिया, जिसके बाद उन्होंने धूमनगंज थाने में तहरीर देकर न्याय की मांग की। पीड़ित ने 18 अगस्त को पुलिस कमश्नर कार्यालय में जाकर अधिकारियों से मिलकर अपनी शिकायत किया है ।शिवप्रकाश ने बताया कि उनकी बहन के पेट दर्द के कारण अस्पताल गए थे, जहां डॉक्टर राजीव सिंह और स्टाफ ने आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने पर ?10,000 वसूलने की कोशिश की। 12 अगस्त को उन्हें अस्पताल बुलाकर सीसीटीवी से अलग कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा गया। पीड़ित के अनुसार, ?5,000 नकद और डॉक्यूमेंट छीन लिए गए और अतिरिक्त पैसे की मांग की गई।पीड़ित ने यह भी बताया कि शिकायत करने पर उन्हें कई घंटे बंधक बनाकर ल्लमुर्गाङ्क बनाया गया। इसके बाद 18 अगस्त को उन्होंने पुलिस कमिश्नर प्रयागराज से मिलकर समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।हालांकि इस मामले में डॉक्टर राजीव सिंह ने आरोपों को खारिज किया है और कहा कि इलाज आयुष्मान योजना के तहत किया गया और कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया गया ,आरोप मनगढ़ंत हैं।पीड़ित ने अब उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराकर न्याय और सत्यापित जांच की मांग की है, ताकि आरोपी डॉक्टर और स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य के अपहरण का मामला, दो आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज। कौड़ीहार क्षेत्र से पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर सिंह यादव के लापता होने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस प्रकरण में पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों अन्नू यादव और पुष्पा यादव को गिरफ्तार किया है।जानकारी के अनुसार, रणधीर सिंह यादव का अपहरण किया गया था और उनकी कार चित्रकूट जिले में बरामद की गई थी। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही यह भी पता लगाया कि किसी ने उन्हें संरक्षण दिया था, जिसे भी गिरफ्तार किया गया है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है और फरार अन्य दोषियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इससे प्रभावित व्यक्ति और उनके परिवार को न्याय दिलाने की प्रक्रिया में तेजी आई है।इस कार्रवाई से जनपद में सुरक्षा और कानून के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## पुलिस मुठभेड़ में मृतक के संबंध में मजिस्ट्रीयल जाँच का नोटिस

प्रयागराज। उप जिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम ने जानकारी दी है कि अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) प्रयागराज द्वारा शातिर अपराधी आशीष रंजन सिंह उर्फ छोटू (पुत्र अवधेश राय, निवासी जे.सी. मलिक रोड, थाना धनबाद, जनपद धनबाद, झारखंड) की मृत्यु प्रकरण में मजिस्ट्रीयल जाँच के लिए उन्हें नामित किया गया है। यह प्रकरण एस.टी.एफ. प्रयागराज की टीम द्वारा थाना शंकरगढ़ क्षेत्र में शिवराजपुर चौराहे, प्रतापपुर मार्ग पर हुई पुलिस मुठभेड़ और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में दिनांक 07.08.2025 को समय 01.22 बजे हुई मृत्यु से संबंधित है।उप जिलाधिकारी ने सार्वजनिक सूचना जारी करते हुए कहा है कि मृतक से संबंधित किसी भी व्यक्ति के पास यदि कोई जानकारी, साक्ष्य या बयान हो तो वह आगामी एक सप्ताह के भीतर उनके कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। यह कदम प्रकरण की मजिस्ट्रीयल जाँच और अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।इस नोटिस का उद्देश्य जांच में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करना बताया गया है।

## यमुनानगर जारी बाजार में विवाहिता ने फंासी लगाकर की आत्महत्या

प्रयागराज। यमुनानगर के जारी बाजार में एक विवाहिता ने फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला की पहचान पूजा जयसवाल, पत्नी शिव कुमार के रूप में हुई है। उनके दो बच्चे हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला ने यह कदम घरेलू विवाद के कारण उठाया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह मामला थाना कौंधियारा क्षेत्र के जारी बाजार का है। पुलिस ने आसपास के लोगों और परिवार से जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है और आत्महत्या के सटीक कारणों की जांच कर रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना से इलाके में सन्नाटा और मातम का माहौल है। पुलिस ने आश्वस्त किया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस कमिश्नर ने की जनसुनवाई,सुनीं फरियादियों की समस्याएं

प्रयागराज। पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार ने आज पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस कमिश्नर के समक्ष रखीं।जनसुनवाई के दौरान पुलिस कमिश्नर ने ध्यानपूर्वक फरियादियों की शिकायतें सुनीं और त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि फरियादियों की समस्याओं का शीघ्र और पारदर्शी समाधान पुलिस की प्राथमिकता है।पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## तांत्रिक के बहकावे में आकर दादा ने की नाती की हत्या

प्रयागराज। जिले में हुई नाबालिग नाती की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। डीसीपी नगर अभिषेक भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी दादा शरन सिंह ने तांत्रिक के बहकावे में आकर अपने ही नाती की गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को बोरी में भरकर फेंक दिया।जांच में सामने आया है कि आरोपी ने यह जघन्य अपराध घर में चल रहे क्लेश से छुटकारा पाने के लिए किया। तांत्रिक ने उसे समझाया था कि नाती की बलि देने से पारिवारिक समस्याएँ खत्म हो जाएँगी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच जारी है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 2425 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण




प्रयागराज। बुधवार को लोकभवन, लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत मुख्य सेविका के पद पर चयनित 2425 अभ्यर्थिनियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण पूर्वाह्न 11 बजे से सभी जनपदों में किया गया। प्रयागराज में इस कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में किया गया, जहाँ जनपद प्रयागराज की 71 नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं को मा0 जनप्रतिनिधिगणों के करकमलों से नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।कार्यक्रम में सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, महापौर प्रयागराज गणेश चंद्र केसरवानी, विधायक फूलपुर दीपक पटेल, विधायक फाफामऊ गुरुप्रसाद मौर्य, सदस्य विधान परिषद् सुरेन्द्र चौधरी, जिलाध्यक्ष गंगापार भाजपा निर्मला पासवान, जिलाध्यक्ष यमुनापार भाजपा राजेश शुक्ल तथा विधायक बारा के प्रतिनिधि प्रकाश सिंह उपस्थित रहे।जनप्रतिनिधियों ने नवचयनित मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए उनके कार्यदायित्वों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।जनपद प्रयागराज में यह कार्यक्रम जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी कोरांव योगेन्द्र दुबे, बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर प्रथम संजिता सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी करछना राकेश सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी कौड़िहार सुरेन्द्र सिंह यादव सहित विभाग की मुख्य सेविकाएँ एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन प्रभाकर द्विवेदी द्वारा किया गया। अंत में मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# प्रयागराज में गंगा–यमुना का जलस्तर खतरे के करीब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जनपद प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ने से बाढ़ का खतरा गहराता जा रहा है। गंगा नदी का जलस्तर फाफामऊ में 84.44 मीटर और छतनाग में 83.56 मीटर पर दर्ज किया गया है, जबकि खतरे का बिंदु 84.738 मीटर है। वहीं, यमुना नदी का जलस्तर नैनी में 84.15 मीटर तक पहुँच चुका है, जो खतरे के निशान के बेहद करीब है।बाढ़ का असर अब तक 22 वार्ड/मोहल्लों में देखा जा रहा है। सदर क्षेत्र के 12 मोहल्ले – कछार मऊ, मऊ सरैया, राजापुर देह माफी, बघाड़ा, नेवादा, बेली कछार, बेली उपरहार, मेहदौरी, सलोरी, शिवकुटी, म्योराबाद और दारागंज – सबसे अधिक प्रभावित हैं। फुलपुर के सोनौटी, बदरा, लीलापुर, धोखरी, करछना के देहली और भगेसर, सोरांव के फाफामऊ व गंगानगर, तथा मेजा के अमिलिया और झरियारी गांव भी प्रभावित इलाकों में शामिल हैं।अब तक 668 परिवार राहत शिविरों में शरण ले चुके हैं, जबकि 668 परिवार सुरक्षित स्थानों पर जा चुके हैं। कुल 2605 लोग बाढ़ राहत शिविरों में निवास कर रहे हैं। प्रशासन ने 97 राहत शिविर चिन्हित किए हैं, जिनमें से 5 शिविर वर्तमान में सक्रिय हैं। प्रमुख सक्रिय शिविरों में कैण्ट मैरेज हॉल, ऐनीबेसेन्ट स्कूल ऐलनगंज, ऋषिकुल उच्च माध्यमिक विद्यालय राजापुर, महबूब अली इंटर कॉलेज बेली चौराहा और रीगल गेस्ट हाउस शामिल हैं।आज राहत कार्यों में 56 नावें और 3 मोटरबोट तैनात की गईं। प्रभावित लोगों की मदद के लिए 7370 लंच पैकेट, 184 ओआरएस पैकेट और 217 क्लोरीन टैबलेट वितरित की गईं। अब तक 172 लोगों का चिकित्सकीय उपचार भी किया गया है।आपात स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण प्रयागराज के नियंत्रण कक्ष से संपर्क किया जा सकता है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में मत्स्य सम्पदा योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक

**विभिन्न योजनाओं के आवेदन पत्रों की समीक्षा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। बुधवार को संगम सभागार में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निशादराज बोट सब्सिडी योजना तथा मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त आवेदन पत्रों की समीक्षा की गई।बैठक में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत प्राप्त 105 आवेदन पत्रों की जांच की गई, जिनमें से 94 आवेदन पात्र एवं 11 आवेदन अपात्र पाए गए। इसी प्रकार, निशादराज बोट सब्सिडी योजना में प्राप्त 111 आवेदन पत्रों में से 110 पात्र तथा 01 अपात्र घोषित किया गया। वहीं, मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत मोपेड विद आइसबॉक्स योजना के लिए प्राप्त 05 आवेदन पत्रों में से 04 आवेदन पात्र एवं 01 अपात्र पाया गया।इसके अतिरिक्त, दैवीय आपदा मद के अंतर्गत प्राप्त 02 आवेदन पत्रों की भी समीक्षा की गई। आवेदकों द्वारा त्रुटिवश आवेदन किए जाने की सूचना समिति को दी गई, जिसके बाद दोनों आवेदन पत्रों को जिला स्तरीय समिति द्वारा निरस्त करने की अनुमति प्रदान की गई।मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि 29 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाली रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के लिए सभी पात्र आवेदक सरस हाल, विकास भवन, प्रयागराज में निर्धारित समय पर उपस्थित रहें।बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण प्रयागराज, सहित संबंधित अधिकारी एवं समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# महाप्रबंधक ने ई–बुक ''नेचर, हेरिटेज, स्पिरिचुअलिटी एंड बियोंड, द एनसीआर सागा'' का किया विमोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान, महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी ने ई-कॉफी टेबल बुक ''नेचर, हेरिटेज, स्पिरिचुअलिटी एंड बियोंड, द एनसीआर सागा'' का विमोचन किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक जे.एस. लाकरा, उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, जनसंपर्क विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित यह ई-बुक उत्तर मध्य रेलवे जोन द्वारा सेवित तीन प्रमुख राज्यों ऽ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के विविध पर्यटन स्थलों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करती है। इस पुस्तक का मुख्य उद्देश्य उत्तर मध्य रेलवे जोन के माध्यम से एक ल्लदृश्य यात्राङ्क प्रदान करना है, जिसमें इतिहास, इंजीनियरिंग के चमत्कार, धार्मिक स्थल, प्राकृतिक सुंदरता और क्षेत्रीय संस्कृति को खूबसूरती से दर्शाया गया है।इस ई-बुक में प्रयागराज, मथुरा, वृंदावन और आगरा जैसे प्रमुख आध्यात्मिक और ऐतिहासिक केंद्रों के साथ-साथ उन कम चर्चित स्थलों की जानकारी भी शामिल है, जिनकी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक महत्व पर्यटकों के लिए किसी खजाने से कम नहीं। पुस्तक में पर्यटन स्थलों को रेलवे खंडों के अनुसार व्यवस्थित किया गया है और इन स्थानों तक सेवा प्रदान करने वाली ट्रेनों और प्रमुख स्टेशनों की भी जानकारी दी गई है।विमोचन के अवसर पर महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी ने जनसंपर्क विभाग की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक पर्यटकों के लिए एक अमूल्य संसाधन साबित होगी और क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि एनसीआर के अंतर्गत आने वाले स्थलों की समृद्ध प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने का यह प्रयास सराहनीय है।इस पुस्तक में कुल 09 अध्याय शामिल हैं, जो विभिन्न खंडों के प्रमुख पर्यटन स्थलों को कवर करते हैं:प्रयागराज से पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शनप्रयागराज से गाजियाबादवीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से बीनाप्रयागराज से वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसीवीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से मथुरा जंक्शनकानपुर सेंट्रल से वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसीग्वालियर से इटावा और आगरा से इटावाआगरा से बांदीकुईमथुरा से अलवरमुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि यह ई-बुक एनसीआर के पर्यटन स्थलों की छिपी सुंदरता को सामने लाती है और यह दर्शाती है कि उत्तर मध्य रेलवे केवल परिवहन का माध्यम नहीं, बल्कि पर्यटन और सांस्कृतिक जुड़ाव का सेतु भी है।

# मोहनलालगंज की डिघारी ग्राम पंचायत में मनरेगा में लाखों की बंदरबांट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां , लखनऊ । मोहनलालगंज ब्लॉक की डिघारी ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत वर्ष 2023-24 में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ग्रामीण योगेंद्र कुमार शुक्ला ने ग्राम प्रधान, सचिव और रोजगार सेवक पर बिना काम कराए दर्जनों मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर लाखों रुपये डकारने का सनसनीखेज आरोप लगाया है।शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि रोजगार सेवक सुनील कुमार ने अपने खास लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए योजना को लूट का जरिया बना लिया। सुनील कुमार के ड्राइवर सुशील कुमार के नाम पर 85 दिन जल जीवन मिशन योजना में चौकीदारी करने वाले रामसेवक के नाम पर 41 दिन,और खुद रोजगार सेवक के चाचा गुरु प्रसाद के नाम पर 29 दिन की फर्जी हाजिरी चढ़ाकर भुगतान करा लिया गया।पीड़ित के अनुसार इन फर्जी हाजिरियों के जरिए करीब तीन लाख रुपये से अधिक का गबन किया गया है। शिकायत कर्ता योगेंद्र शुक्ला का कहना है कि उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन जांच अधिकारी उदयराज शर्मा ने भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए झूठी आख्या रिपोर्ट लगाकर मामले को निस्तारित कर दिया। आरोप है कि ड्राइवर सुशील कुमार को सुशीला पत्नी सुशील कुमार दिखाकर पूरे फर्जीवाड़े को सही ठहराने की कोशिश की गई।समाधान दिवस पर भी ठंडे बस्ते में शिकायतग्रामीण ने इस मामले की शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस पर भी की, लेकिन कार्रवाई के नाम पर अब तक फाइलें धूल फंाक रही हैं। इससे पीड़ित ग्रामीणों में आक्रोश है और सवाल उठ रहा है कि आखिर सरकार की भ्रष्टाचार मुक्त पंचायत की घोषणाएं कागजों से आगे क्यों नहीं बढ़ पा रहीं।गांव के लोगों का कहना है कि अगर उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तो फर्जी हाजिरी और भुगतान का खेल करोड़ों रुपये तक पहुंच सकता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और शासन से मांग की है कि पंचायत स्तर पर बैठी भ्रष्टाचार की जड़ें उखाड़ी जाएं, ताकि गरीब मजदूरों के हक का पैसा लुटेरों की जेब में न जाए।

# उत्तर मध्य रेलवे ने ऊर्ज़ा दक्षता और पर्यावरण संरक्षण में रचा इतिहास

**उत्तर मध्य रेलवे ने ऊर्ज़ा दक्षता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की**

**डीज़ल की भारी बचत और कार्बन उत्सर्जन में रिकॉर्ड कमी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर मध्य रेलवे (गएट) ने ऊर्ज़ा दक्षता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। ज़ोन के 3294 किलोमीटर रेलमार्ग का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है, जिसके चलते अब लगभग संपूर्ण संचालन इलेक्ट्रिक इंजनों से किया जा रहा है। इस कदम से हर वर्ष सात करोड़ लीटर डीज़ल की बचत हो रही है और लगभग पाँच लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है।प्रयागराज मंडल में 1210 रूट किमी, झांसी मंडल में 1354 रूट किमी और आगरा मंडल में 730 रूट किमी रेलमार्ग का सफलतापूर्वक विद्युतीकरण किया गया है। कानपुर-पनकी खंड से 1965 में विद्युतीकरण की शुरुआत करने वाला उत्तर मध्य रेलवे आज भारतीय रेल का अग्रणी ज़ोन बन चुका है।एचओजी तकनीक से 3260 किलो लीटर डीज़ल की बचतहेड-ऑन-जनरेशन (क्ष्क्क) तकनीक का प्रयोग करके उत्तर मध्य रेलवे ने पर्यावरण संरक्षण में एक नई मिसाल कायम की है। अब 142 ट्रेनों के इलेक्ट्रिक इंजनों में एचओजी सिस्टम लगाया गया है, जिसके माध्यम से कोचों को सीधे इंजन से बिजली आपूर्ति की जा रही है। इसके चलते वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 3260 किलो लीटर हाई स्पीड डीज़ल (क्ष्ट्टक) की बचत हुई है। इस तकनीक से न केवल रेलवे का राजस्व बढ़ा है, बल्कि दो हजार टन से अधिक कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आई है।सौर ऊर्ज़ा उत्पादन में नई ऊँचाइयाँउत्तर मध्य रेलवे ने ऊर्ज़ा दक्षता को और बढ़ाते हुए 12.7 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्ज़ा संयंत्र स्थापित किए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में इन संयंत्रों से 118.7 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन किया गया, जिससे रेलवे के राजस्व में 5.34 करोड़ रुपये की बचत हुई और 9968 मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आई। साथ ही, आगामी वर्ष तक 18 मेगावाट के अतिरिक्त सौर ऊर्ज़ा संयंत्र स्थापित करने की योजना पर काम जारी है, जिससे कुल स्थापित क्षमता 30 मेगावाट से अधिक हो जाएगी।ऊर्ज़ा दक्ष सर्विस बिल्डिंग्स की दिशा में अग्रसरउत्तर मध्य रेलवे अपनी सर्विस बिल्डिंग्स को भी ऊर्ज़ा दक्ष बनाने की दिशा में काम कर रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में 10 सर्विस बिल्डिंग्स को उक्क (ऊर्ज़ा दक्षता ब्यूरो) से शून्य/शून्य-प्लस प्रमाणपत्र प्राप्त हो चुका है। इसके साथ ही, इस वर्ष 15 और बिल्डिंग्स को ऊर्ज़ा दक्ष बनाने की प्रक्रिया तेज़ी से जारी है। उत्तर मध्य रेलवे ने ऊर्ज़ा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य की दिशा में ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया है। यह पहल भारतीय रेल को 2030 तक नेट ज़ीरो के विज़न की ओर एक बड़ा कदम साबित होगी।

# पुलिस मुठभेड़ पर सवाल, 13 कर्मियों ने किया एक अभियुक्त को पकड़ने का नाटक

**हालांकि 13 पुलिसकर्मी मिलकर भी अभियुक्त को पकड़ नहीं सके, इसे दिखाया गया मुडभेड़**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । थाना पूरामुफ्ती पुलिस ने दिनांक 27 अगस्त 2025 को शातिर अभियुक्त राजेन्द्र उर्फ लकडू को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया, जिसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस और 01 लाकेट मंगलसूत्र बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त 25,000/- रुपये का इनामी था और उसके विरुद्ध गैर-जमानती वारंट (गउड) भी जारी था।हालांकि, घटना और गिरफ्तारी पर गंभीर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। स्थानीय लोगों और जानकारों का आरोप है कि 13 पुलिसकर्मी मिलकर भी अभियुक्त को पकड़ नहीं सके, जिसके बाद इसे मुठभेड़ के रूप में दिखाया गया। यह कौशाम्बी जिले के करारी थाना के वैशकंाटी गांव का दूसरा व्यक्ति है जिसे मुठभेड़ की दूसरी संदिग्ध घटना है। एक माह पहले भी मनोज कुमार सिंह की पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को फ़ैजीपुर से उठाकर दूसरे दिन कुसुआ में मुठभेड़ का नाटक किया था।विशेषज्ञों और नागरिक समाज का मानना है कि इस तरह की घटनाएँ पुलिस की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। फर्जी मुठभेड़ का खेल न केवल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की पारदर्शिता को कमजोर करता है, बल्कि आम जनता में पुलिस व्यवस्था के प्रति अविश्वास भी पैदा करता है।पुलिस प्रशासन ने अब तक किसी स्वतंत्र जांच का आदेश नहीं दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इन सभी मुठभेड़ों की स्वतंत्र और गहन जांच की जाए, तो सच्चाई सामने आएगी और ऐसी घटनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी।पुरामुफ्ती पुलिस की इस घटना ने कौशाम्बी जिले की इन सभी घटनाओं में पुलिस मुठभेड़ की प्रामाणिकता और न्यायिक प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# उतरावां में रामकथा का छठा दिन पुष्प वाटिका और जनकपुर विवाह प्रसंग ने किया भावविभोर

## आयोजन में उमड़ी अपार भीड़, श्रद्धालुओं की आंखें हुई नम, उत्साह से गूंजा पंडाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। क्षेत्र के उतरावां गांव स्थित बाबा दास की कुटी पर प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा का छठा दिन अद्भुत और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कथा वाचक आचार्य ज्ञानेश त्रिपाठी जी महाराज ने पुष्प वाटिका और जनकपुर विवाह प्रसंग का ऐसा दिव्य वर्णन किया उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीराम ने जब पुष्प चुनने शुरू किए तो खिले हुए फूल हाथों में और अधखिले फूल सिर पर रख लिए। इसका संदेश है कि प्रभु हर भक्त को स्वीकार करते हैं, चाहे वह पूर्ण समर्पण से आया हो या अधूरे भाव से इस भावपूर्ण प्रसंग ने श्रद्धालुओं को गहराई से प्रभावित किया, कई की आंखें आंसुओं से छलक उठीं।जब जनकपुर विवाह प्रसंग आया और आचार्य जी ने श्रीराम द्वारा शिवधनुष भंग तथा माता जानकी द्वारा जयमाला पहनाने का वर्णन किया तो श्रद्धालु रोमांचित हो उठे। पंडाल तालियों, शंख-घंटों और जयकारों से गूंज उठा। माहौल ऐसा प्रतीत हुआ मानो उतरावां गांव जनकपुर नगरी में बदल गया हो। श्रद्धालुओं ने अपनी अनुभूति व्यक्त करते हुए कहा आज लग रहा है जैसे हम जनकपुर में विवाह देख रहे हों।इस नौ दिवसीय कथा महोत्सव के आयोजक शैलेन्द्र सिंह चौहान हैं, जबकि कार्यक्रम की व्यवस्था प्रेस क्लब निगोहां अध्यक्ष विमल सिंह चौहान के नेतृत्व में की गई। अनुशासन और भव्यता की सभी ने सराहना की।आगामी दिनों में वनगमन, भरत चरित्र, लंका विजय और अयोध्या आगमन जैसे प्रसंगों का वर्णन होगा। अंतिम दिन विशाल भजन संध्या और भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है।इस अवसर पर मुख्य रूप से एसीपी रजनीश वर्मा, निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी, नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी, ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार जय शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी अनमोल तिवारी, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव सहित आस-पास के गांवों के प्रधान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र काकोरी में आने वाले आम जनता एवं सभी स्टाफ को

## डॉक्टरों एवम नेत्र परीक्षण अधिकारी की टीम ने नेत्रदान और इसके महत्व की जानकारी दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




काकोरी लखनऊ।राजकीय विद्यालयों में राष्ट्रीय नेत्र दान पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया।दिनांक 28/8/25 को प्राथमिक विद्यालय काकोरी 1 में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र काकोरी के अधीक्षक डॉ0 अवधेश कुमार, नेत्र परीक्षण अधिकारी श्रीमती आसमा बेग , राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की नेत्र परीक्षण अधिकारी श्रीमती रूबी अली द्वारा नेत्रदान के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। डाक्टरों ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी इच्छा से अपनी आँखें नेत्रदान कर सकता है। जो किसी नेत्रहीन व्यक्ति कि आंखों को रोशनी प्रदान कर सकता है। नेत्रदान करने वाले व्यक्ति की मृत्यु के 6-8 घंटे के अंतराल तक कर लेना चाहिए । नेत्रदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। जो किसी दूसरे को मरने के बाद भी रोशनी दे सकता है।

# टीबी संयुक्त चिकित्सालय में नेत्रदान पखवाड़े की शुरुआत

## भ्रांतियों पर चली जागरूकता मुहिम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




ठाकुरगंज लखनऊ। टीबी संयुक्त चिकित्सालय के नेत्र विभाग में रविवार को नेत्रदान पखवाड़ा का शुभारंभ जागरूकता अभियान के साथ हुआ। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस.पी. सिंह, नेत्र शल्यक डॉ. रंजना बाला, ऑप्टोमेट्रिस्ट अजेश भारती, चिकित्सालय प्रबंधक दशरथ भारती और नर्सिंग ऑफिसर अनसुईया मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. एस.पी. सिंह ने कहा कि एक व्यक्ति के नेत्रदान से चार लोगों की आँखों में रोशनी लौटाई जा सकती है। उन्होंने नेत्रदान को जीवनदायिनी सामाजिक सेवा बताते हुए लोगों से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

वहीं डॉ. रंजना बाला ने समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए बताया कि मृत्यु उपरांत सिर्फ कॉर्निया (पुतली) को चार घंटे के भीतर सुरक्षित किया जाता है। जबकि आम धारणा है कि पूरी आंख निकाली जाती है। उन्होंने इसे पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया।

अभियान में उपस्थित मरीजों और परिजनों को नेत्रदान के महत्व से अवगत कराया गया और उन्हें प्रेरित किया गया कि वे इस संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएं।

# अंग्रेजी शराब की दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, तीन शातिर चोर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज,लखनऊ,मोहनलालगंज पुलिस ने खुजौली स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान में हुई चोरी की गुत्थी सुलझाते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 57,950 रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड और हथौड़ा बरामद किया है।एसीपी रजनीश वर्मा के निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में चौकी इंचार्ज संजय वर्मा व उनकी टीम ने यह सफलता हासिल की। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों तक पहुंच बनाई।गौरतलब है कि बीते सोमवार की रात राधा अवस्थी निवासी परेहटा, थाना गोसाईंगंज ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी शराब की दुकान का शटर काटकर अज्ञात चोर नकदी और शराब उड़ा ले गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने दो टीमों का गठन किया और जांच शुरू की।जांच के दौरान गुरुवार को नगराम रोड पर पुलिस को तीन संदिग्ध युवक दिखाई दिए। तलाशी लेने पर उनके पास से रॉड और हथौड़ा मिला। कड़ाई से पूछताछ करने पर तीनों ने चोरी की वारदात स्वीकार की। आरोपियों ने बताया कि वारदात से पहले दुकान की रैकी की गई थी और मौके का फायदा उठाकर शटर काटकर चोरी को अंजाम दिया गया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुकेश, ललित रावत और मोहित निवासी शिवढरा, थाना मोहनलालगंज के रूप में हुई है। तीनों पेशे से मजदूरी का काम करते हैं। पुलिस ने बरामदगी के साथ तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

# आईआईएम से नैमिष नगर के लिए बनेगी 24 मीटर चौड़ी कनेटिंग रोड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए की नैमिष नगर योजना आईआईएम से 24 मीटर चौड़े मार्ग के जरिए कनेक्ट होगी। योजना के काम को गति देने के लिए सैरपुर व पलहरी गांव में 2 नये साइट ऑफिस बनेंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गुरुवार को स्थल निरीक्षण करके अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि नैमिष नगर योजना के लिए बीकेटी तहसील के 18 गांवों की लगभग 1084 हेक्टेयर भूमि ली जाएगी। इसमें ग्राम-भौली, लक्ष्मीपुर, पूरब गांव, पुरवा, सैरपुर, फरूखाबाद, कोड़री भौली, कमलाबाद, कमलापुर, पलहरी, गोपरामऊ, बारूमऊ, धतिंगरा, सैदापुर, पश्चिम गांव, धोबैला, उमरभारी व दुग्गौर शामिल हैं। योजना के लिए भूमि जुटाने को लेकर एलडीए की टीम लगातार क्षेत्र के किसानों के बीच जा रही है। जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं और अभी तक 65 से अधिक किसान सहमति पत्र जमा करा चुके हैं। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान सैरपुर, पलहरी, उमरभारी, पुरवा आदि गांवों का मौका मुआयना किया गया। जिसमें योजना के काम में तेजी लाने के लिए 02 नये साइट ऑफिस बनाने के निर्देश दिये गये। उपाध्यक्ष ने बताया कि सीतापुर-रैथा रोड पर प्रस्तावित इस योजना की कनेक्टिविटी को और अधिक सुगम बनाने के लिए इसे आसपास के क्षेत्रों से कनेक्ट किया जाएगा। इस क्रम में आईआईएम की तरफ से नैमिष नगर योजना के लिए 24 मीटर चौड़ी कनेक्टिंग रोड बनायी जाएगी। जिसके लिए अधिकारियों व कंसल्टेंट को निर्देशित कर दिया गया है। नैमिष नगर योजना के दायरे में आ रही सभी अवैध प्लाटिंग को उपाध्यक्ष ने जीआईएस तकनीक के माध्यम से चिन्हित कराया है। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने इन अवैध प्लाटिंग पर की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की। इसमें पाया गया कि प्रवर्तन जोन-4 की टीम द्वारा मौके पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, लेकिन स्टॉफ की कमी के चलते प्रवर्तन कार्य की प्रगति धीमी है। इस पर उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन जोन-4 में 2 अन्य अवर अभियंताओं व सहयोगी स्टॉफ की तैनाती करने के निर्देश दिये। अलीगंज के सेक्टर-जी में लगभग 8,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बने व्यावसायिक कॉम्पलेक्स को री-डिजाइन किया जाएगा। इस दो मंजिला कॉम्पलेक्स में कुल 8 ब्लॉक बने हैं और काफी पुराना निर्माण होने की वजह से भवन की हालत जर्जर है। इसी तरह लगभग 6,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में निर्मित कपूरथला कॉम्पलेक्स को भी अपग्रेड किया जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गुरुवार को इन दोनों कॉम्पलेक्स का निरीक्षण करके कार्ययोजना पर काम शुरू कराने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने जानकीपुरम विस्तार में अटल चौराहा व एकेटीयू चौराहे पर कराये गये विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों को देखा। इसके बाद खरगापुर झील का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कॉम्प्लेक्स एसटीपी स्थापित कराने के निर्देश दिये, जिससे आसपास के मकानों से निकलने वाले ड्रेन के पानी को ट्रीट करके झील में छोड़ा जाएगा। इस मौके पर मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा, जोनल अधिकारी संगीता राघव व अधिशासी अभियंता अशोक कुमार समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

# फर्जी प्लॉट बेचने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार सेना के जवानों तक को बनाया निशाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ, मोहनलालगंज पुलिस ने करोड़ों की ठगी करने वाले रियल एस्टेट गिरोह के एक और सदस्य को दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त ओंकारनाथ पाण्डेय को बलिया जिले से दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को 28 अगस्त को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।यह मामला वर्ष 2019 से जुड़ा हुआ है, जब बिहार निवासी अभिषेक सिंह ने एच.के. इन्फ्राविजन प्राइवेट लिमिटेड के संचालकगण विनोद कुमार उपाध्याय, प्रमोद कुमार उपाध्याय और ओंकारनाथ पाण्डेय से ?9,65,000 में एक प्लॉट खरीदा था। पीड़ित का कहना है कि रजिस्ट्री तो कर दी गई लेकिन कब्जा कभी नहीं दिया गया। वर्ष 2024 में जब उसने कब्जे की मांग की तो उसे जान से मारने की धमकी तक दी गई।पुलिस जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि यह गिरोह संगठित तरीके से फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को प्लॉट बेचता था और कब्जा देने से इंकार कर देता था। अब तक की जांच में सामने आया है कि गिरोह ने करोड़ों रुपये की ठगी की है। सबसे खौफनाक बात यह रही कि आरोपी सेना और अर्द्धसैनिक बलों के जवानों को विशेष रूप से निशाना बनाते थे। जवानों की व्यस्त ड्यूटी और दूरदराज तैनाती का फायदा उठाकर उन्हें जाल में फंसाया जाता था।वर्तमान में गिरोह के मुख्य आरोपी विनोद और प्रमोद उपाध्याय पहले से जेल में बंद हैं, जबकि लंबे समय से फरार चल रहा ओंकारनाथ पाण्डेय अब पुलिस के शिकंजे में आ चुका है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में और भी लोगों के नाम सामने आ सकते हैं तथा ठगी का आंकड़ा और बड़ा हो सकता है।

एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि यह गिरोह लंबे समय से संगठित तरीके से लोगों को प्लॉट बेचकर ठगी कर रहा था। सेना और अर्द्धसैनिक बलों के जवानों को भी निशाना बनाया गया। पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच की जा रही है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।वहीं पीड़ित अभिषेक सिंह ने कहा कि मैंने अपनी जिंदगी की गाढ़ी कमाई लगाकर प्लॉट खरीदा था। रजिस्ट्री के बाद भी आज तक कब्जा नहीं मिला। ऊपर से जब मैंने अपना हक मांगा तो मुझे धमकियां दी गईं। ऐसे लोगों की वजह से आम आदमी की मेहनत की कमाई और सपने दोनों बर्बाद हो जाते हैं। अब मुझे न्याय की उम्मीद है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के फर्जी रियल एस्टेट कारोबार ने कई परिवारों की गाढ़ी कमाई डुबो दी है। पीड़ितों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे माफियाओं के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि आमजन को न्याय मिल सके।

### भजन सुनकर झूमे श्रद्धालु

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीबीडी शैक्षणिक परिसर में हो रहे गणेश महोत्सव 2025 के दूसरे दिन सुप्रसिद्ध गायिका डॉ मालविका हरिओम कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना पहला पूजन तोहार हो गौरी के ललनवा, से शुरुआत हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ बबीता सिंह चौहान अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग रही।

### 21 स्कूलों के बच्चों ने स्टडी हॉल में मनाया जश्न-ए-बचपन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्टडी हॉल जूनियर स्कूल ने लखनऊ और वाराणसी के 21 प्रतिष्ठित स्कूलों के बच्चों के लिए जश्न-ए-बचपन 2025 का आयोजन किया। तीन दिवसीय इंटर स्कूल महोत्सव जिसमें बचपन की खुशी, कल्पना और रचनात्मकता का उत्सव मनाया जाता है। आने वाले तीन दिनों में 1000 से अधिक बच्चे इसमें हिस्सा लेंगे। वहीं इस मौके पर स्टडी हॉल जूनियर की हेडमिस्ट्रेस बानी मल्होत्रा ने कहा कि बचपन केवल बड़े होने की तैयारी नहीं है, बल्कि यह हंसी, खुशी और खोज से भरा एक अनमोल अध्याय है। जश्न-ए-बचपन बच्चों को खुद को व्यक्त करने, टीम में काम करने और सीखने-रचने की प्रक्रिया का आनंद लेने का मंच देता है। प्रिंसिपल मीनाक्षी बहादुर ने कहा कि जश्न-ए-बचपन में हम बच्चों को केवल विद्यार्थी नहीं मानते, बल्कि कलाकार, समस्या-सुलझाने वाले और सपने देखने वाले मानते हैं।

### आईसीएआर जीनोमिक्स पर कंसोर्टियम रिसर्च प्लेटफॉर्म की आयोजित हुई 9वीं वार्षिक समीक्षा बैठक

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आईसीएआर जीनोमिक्स पर कंसोर्टियम रिसर्च प्लेटफॉर्म (सीआरपी) की 9वीं वार्षिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जीनोमिक्स पर सीआरपी के तहत प्रगति की समीक्षा करने और भविष्य की रणनीतियों पर विचार करने के लिए भागीदार आईसीएआर संस्थानों के वैज्ञानिकों और परियोजना अन्वेषकों को एक साथ लाया गया। वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए आईसीएआर नई दिल्ली के उप महानिदेशक(मत्स्य विज्ञान) व आईसीएआर-सीआरपी जीनोमिक्स के समन्वयक डॉ. जॉयकृष्ण जेना ने विभिन्न कमोडिटीज में इस मंच के महत्व का उल्लेख किया।

# 98 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नगर निगम ने गुरुवार को मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) सी.एम. ग्रिड्स फ़ेज-2 के तहत 98 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने पूजा-अर्चना कर शिलान्यास पत्थर रखा और कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा लखनऊ को आधुनिक व सुदृढ़ सड़क अवसंरचना से युक्त स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की है। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद शैलेंद्र वर्मा, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जलकल जीएम कुलदीप सिंह, चीफ इंजीनियर महेश वर्मा व मनोज प्रभात सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में यूआरआईडीए के सीईओ महेंद्र बहादुर और डिप्टी सीईओ अरविंद श्रीवास्तव भी विशेष रूप से शामिल हुए। सी.एम. ग्रिड्स फ़ेज-2 के अंतर्गत जोन-4 क्षेत्र में विभूति खंड और चिनहट द्वितीय वार्ड का समेकित विकास किया जाएगा। विभूति खंड में मंडी परिषद कार्यालय से टेक्नो टावर, पिकप भवन से डॉ. चन्द्रा क्लीनिक, पीएनबी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट से बस डिपो, आईजीपी चौराहे से मारुति शोरूम और एल्डिको एलीगेन्स से समिट बिल्डिंग तक सड़क उन्नयन और विकास कार्य किए जाएंगे। वहीं, मोती महल मार्ग और चिनहट द्वितीय वार्ड में महात्मा गांधी राणा प्रताप मार्ग तथा विशाल मेगा मार्ट से अवध बस स्टेशन तक सर्विस रोड का सुधार एवं उन्नयन होगा। इन दोनों परियोजनाओं पर कुल ?98.63 करोड़ खर्च किए जाएंगे। महापौर ने कहा कि इन कार्यों से नागरिकों को सीधी राहत मिलेगी। विभूति खंड और चिनहट क्षेत्र आईटी व व्यावसायिक दृष्टिकोण से बेहद अहम हैं, जहां रोजाना हजारों की संख्या में वाहन और लोग आवाजाही करते हैं। अब यहां की सड़कें चौड़ी और व्यवस्थित होंगी, जिससे जाम की समस्या कम होगी और दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और प्रोजेक्ट समय सीमा में पूरे हों। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि इन परियोजनाओं से न केवल राजधानी की व्यस्त सड़कों पर यातायात सुगम होगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को भी ध्यान में रखा जाएगा। उन्होंने इसे नगर निगम की ओर से विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अवैध वाहनों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**ई-रिक्शा चालकों पर शिकंजा, 48 में से 13 का चालान**

**स्कूली वाहनों पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नगर मजिस्ट्रेट श्री कृष्णा नंद तिवारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सड़क हादसों को कम करना था। नगर मजिस्ट्रेट ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अवैध रूप से चल रहे वाहनों (डग्गामार वाहनों) के खिलाफ सख्त अभियान चलाएं। उन्होंने विशेष रूप से स्कूली वाहनों पर ध्यान देने की बात कही और इसके लिए एक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस



दिशा में क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं। एआरटीओ प्रशासन, श्री सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि अवैध वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और भविष्य में इसे और तेज किया जाएगा। जिले में सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाना और दुर्घटनाओं को कम करना है। पीटीओ एम ए अहमद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शा चालकों पर लगाम लगाने के लिए, एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में लहरपुर में एक बड़ा अभियान चलाया गया। इस सघन चेकिंग अभियान में कुल 48 ई-रिक्शा वाहनों की जांच की गई, जिसमें से 13 का चालान काटा गया।

एआरटीओ चतुर्वेदी ने बताया कि यह अभियान उन ई-रिक्शा के खिलाफ चलाया जा रहा है जिनके पास वैध दस्तावेज़ नहीं हैं। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक कुल 103 वाहनों की जांच की जा चुकी है और 22 वाहनों का चालान काटा गया है। उन्होंने आगे कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन करना बेहद ज़रूरी है और बिना वैध कागज़ात के वाहन चलाना एक दंडनीय अपराध है। इस अभियान में यात्री कर अधिकारी एम ए अहमद तथा प्रवर्तन आरक्षी शामिल रहे।

## तहसील में भवनों के ध्वस्तीकरण हेतु नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न हुई 21लाख में छूटी वोली

पूरनपुर।तहसील सभागार में अनावासीय एवं आवासीय भवनों के ध्वस्तीकरण को लेकर नीलामी प्रक्रिया आयोजित की गई। अधिकारियों ने बताया कि पुराने बने आवास से लेकर कोतवाली रोड तक स्थित सभी भवनों का ध्वस्तीकरण नियमानुसार किया जाएगा। नीलामी में कुल 104 प्रतिभागियों ने 20-20 हजार रुपये की जमानत राशि जमा कर हिस्सा लिया। प्रशासन द्वारा निर्धारित सरकारी दर 12 लाख 60 हजार रुपये रखी गई थी, जिस पर 18 प्रतिशत जीएसटी अलग है।बोली की शुरुआत 13 लाख रुपये से शुरू की गई और प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक वोली लगाई। इस नीलामी में मोहम्मद आशिक ने 21 लाख रुपये की सर्वाधिक बोली लगाकर सफलता हासिल की। अधिकारियों ने कहा कि ध्वस्तीकरण कार्य पारदर्शिता और नियमानुसार किया जाएगा। इस दौरान नीलामी प्रक्रिया में एसडीएम अजीत प्रताप सिंह,तहसीलदार, नायाब तहसीलदार ऋषि कुमार एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अजित सक्सेना,संजय पांडे उपाध्यक्ष महामंत्री मौजूद रहे है।

## श्री खभेश्वर नाथ सेवा समिति के तत्वाधान में मंदिर परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता


बिसवां/सीतापुर । यह शिविर स्व मृदुल अवस्थी और स्व डॉक्टर नीरज अवस्थी की स्मृति में आयोजित हुआ। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर अविजीत मिश्रा के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने सैकड़ो मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यकता अनुसार दवाइयां उपलब्ध कराई। मौके पर भारी संख्या में लोगों ने कैंप का लाभ उठाया । समित के पदाधिकारियों ने बताया समाज के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसे शिविर समय समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे।टीम में डॉ अविजीत मिश्रा डॉ शिवम द्विवेदी डॉ राम मिलन योगेन्द्र विवेक सिद्धार्थ आदि थे । इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेविका डॉक्टर सरला अवस्थी कमलेश मिश्रा, कौशल किशोर मिश्रा, रविंद्र कृष्ण मिश्रा राजू, कुलदीप अवस्थी, विजय अवस्थी, नरेंद्र शुक्ला मुन्ना, प्रमोद मिश्रा, हरिओम बाजपेई, आशुतोष मिश्रा पंकज, रवि अवस्थी, धनेश त्रिपाठी, एसके कठेरिया भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# बाघ या तेंदुआ? पुलिया पर देख ग्रामीणों में हड़कंप, पगचिन्हों ने बढ़ाई दहशत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन/सीतापुर। बिसवां रेंज के तालगांव थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने पुलिया पर बाघ देखे जाने का दावा किया। महराजनगरऽकोंसर मार्ग पर स्थित सरीखपुर की बड़ी पुलिया पर ग्रामीणों का बाघ से आमना-सामना हो गया। कुछ ही मीटर की दूरी पर खड़े बाघ को देख ग्रामीणों के होश उड़ गए, रूह कांप उठी और रोंगटे खड़े हो गए। अचानक आहट पाकर बाघ गन्ने के खेत में कूद गया, लेकिन उसके पगचिन्ह ग्रामीणों को और भयभीत कर गए। ग्रामीण विकास कटियार, जो अपने दो साथियों संग बाइक से लौट रहे थे, का कहना है कि बाघ उनसे महज दो मीटर की दूरी पर बैठा था। बड़ी-बड़ी मूंछें, बाल और नुकीले नाखून साफ नजर आ रहे थे। जैसे ही बाइक का हॉर्न बजा, बाघ छलांग लगाकर गन्ने के खेत में छिप गया। गौरिया निवासी





अतुल और सरीखपुर निवासी बबलू ने भी बाघ देखे जाने का दावा किया। अतुल तो खेत में पैदल पहुंचे थे, अचानक बाघ की झलक पड़ी तो उनके हाथ-पांव फूल गए, गिरते-पड़ते किसी तरह गांव तक पहुंचे और लोगों को सूचना दी। शोर सुनकर आसपास के लोग लाठी-डंडे और टॉर्च लेकर मौके पर पहुंचे और करीब एक घंटे तक डटे रहे।

लेकिन सवाल यह है कि इतने बड़े मामले के बावजूद वन विभाग के अधिकारी मौके पर क्यों नहीं पहुंचे? ग्रामीणों में आक्रोश है कि विभाग गंभीरता नहीं दिखा रहा। वन क्षेत्राधिकारी अहमद कमाल सिद्दीकी का कहना है कि पगचिन्ह एक्सपर्ट को भेज दिए गए हैं। यह बाघ है या तेंदुआ, पुष्टि जांच के बाद ही होगी।

इस पूरे घटनाक्रम ने सरीखपुर, गौरिया और आसपास के गांवों में दहशत फैला दी है। रात ढलते ही लोग खेतों और रास्तों पर निकलने से कतराने लगे हैं।

## मनियारपुर जुलूस में जा रहे असंद्रा के अज़ादारों की सड़क दुघर्टना में मौत

सुल्तानपुर। असंद्रा, सैय्यदवाड़ा, बाराबंकी के 2 अज़ादार ख्रमम्मू मियांख्र व ख्रखावर मियांख्र आज 28 अगस्त 2025 को मनियारपुर जिला सुल्तानपुर में होने वाले जुलूस में शिरकत के लिए अपने गांव असंद्रा से सुबह 4:00 बजे मोटर साइकिल से निकले थे, रास्ते में जगदीशपुर जिला अमेठी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों अज़ादारों की मौके पर ही मौत हो गई । मौक़े पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने दोनों को पास के सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया, स्थानीय पुलिस ने किसी तरह से घर वालों को फोन कर घटना की सूचना दी। इस दुघर्टना की सूचना मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। इस दर्दनाक हादसे की ख़बर मिलते ही इलाके के लोग फ़ौरन उनके निवास पर सांत्वना देने के लिए पहुंच रहें हैं।

# भारतीय मजदूर संघ ने मनाया पर्यावरण दिवस लगाया वृक्ष



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जनपद में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यकारिणी के आह्‌वान पर प्रत्येक वर्ष के 28 अगस्त को संघ व्यापक स्तर पर मनाता है पर्यावरण दिवस । उसी क्रम में सदर तहसील क्षेत्र के श्याम नगर में भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के अगुआई में वृक्षारोपण किया गया और पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगो को जागरूक किया गया मानव जीवन के लिए घातक पालीथीन के प्रयोग ना करने के लिए अवगत कराया गया। इस अवसर पर गिरीश मिश्रा सभासद, अयोध्या प्रसाद वर्मा जिला महामंत्री भाजपा पि0वर्ग, डा0आर0ए0पाण्डेय, आनन्द मिश्रा, राम लखन यादव, देवराज शुक्ल, धर्म देव तिवारी समेत दर्जन भर लोग उपस्थित रहे।

# विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति प्रशिक्षण की हुई वर्चुअल बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लहरपुर सीतापुर कैनविज टाइम्स । पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडर्न इंटर कॉलेज लहरपुर सीतापुर मैं दो दिवसीय ट्ट ख्र कए प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हुआ इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदर्शित वित्तीय प्रबंधन एवं सामुदायिक सहभागिता को अधिकतम प्रभावशाली बनाना और विद्यालय उच्च स्तर पर सहभागिता दिलाना दो दिवसीय चल रहे प्रशिक्षण विद्यालय के समस्त अध्यापक व शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम में बढ़कर हिस्सा लिया गया वही समापन के अवसर पर प्रशिक्षण के मुख्य संयोजक व आयोजक रविंद्र विश्वकर्मा प्रधानाचार्य ने कहा कि ट्ट ख्र कए विद्यालय और समाज के एक मजबूत सेतु हैं जिसके माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाता है चल रहे



**आपको बताते चले तहसील लहरपुर क्षेत्र के ग्राम पतवारा स्थित**

दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विद्यालय का नाम रोशन करने व विकास हेतु संकल्प लिया वही इस विद्यालय में बेहतर शिक्षा व्यवस्था पर व्यापक जोर दिया जाता है वह पूरे विद्यालय परिसर में सफाई व्यवस्था व बच्चों के लिए क्रीड़ा मैदान मुहैया है विद्यालय के प्रधानाचार्य बच्चों की शिक्षा व्यवस्था के प्रति कड़ी पारदर्शिता के साथ उन पर नजर रखी जाती है जिससे कि विद्यालय का नाम पूरे तहसील में पहला स्थान मिले ।

# सरकारी मंशा पर दलालों का कुठाराघात महंगे दामों पर बिक रही यूरिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन/सीतापुर। किसानों की मजबूरी को पूंजी बनाने में लगे खाद माफियाओं ने सरकार की मंशा और व्यवस्था की धज्जियाँ उड़ा दी हैं। क्षेत्र में यूरिया खाद की आड़ में खुलेआम लूटपाट का धंधा चल रहा है। दलाल न केवल बढ़े दामों पर यूरिया बेच रहे हैं बल्कि जिंक व अन्य सस्ते प्रोडक्ट भी जबरिया किसानों पर थोप रहे हैं। सहकारी समिति के अध्यक्ष और सचिवों की मनमानी से किसान पहले ही कराह रहे थे, अब खुशहाली किसान केंद्र, गोड़ियनपुरवा के संचालक ने भी किसानों की जेब काटने का काम शुरू कर दिया है। कोंसर निवासी एक किसान ने इसकी शिकायत एडीओ (ए.जी.) से की, लेकिन किसान को आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला।

गांवऽगांव में किसानों को महंगे दाम पर खाद खरीदने को मजबूर किया जा रहा है। वहीं विभागीय जिम्मेदार खामोश




**यूरिया के साथ जबरिया थोपे जा रहे सस्ते प्रोडक्ट**

दर्शक बने बैठे हैं। किसानों का कहना है कि यदि यही हाल रहा तो खेती लागत और बढ़ जाएगी तथा फसल संकट में पड़ जाएगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल खाद माफियाओं पर नकेल कसते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई करे, ताकि किसान राहत की सांस ले सकें।

## जनप्रतिनिधि और प्रशासन का प्रयासों से खातेदारों ने भूमिहीन गरीब परिवार को दिया 825 वर्गफुट का प्लॉट



लखीमपुर खीरी। विधायक पलिया रोमी साहनी बने गरीब का सहारा। गोला गोकर्णनाथ तहसील क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण से जुड़ा एक मामला प्रशासनिक पहल और मानवीय दृष्टिकोण से मिसाल बन गया। उप जिलाधिकारी युगांतर त्रिपाठी ने बताया कि जांच में सामने आया कि मीना देवी पत्नी उधन, जिनके पति उधन पुत्र बुद्धालाल आर्थिक रूप से बेहद कमजोर और भूमिहीन हैं, विवादित भूमि पर निवास कर रहे थे। स्थिति अवगत कराने पर खातेदारों ने स्वेच्छा से 15̊55 = 825 वर्गफुट भूमि देने का निर्णय लिया। आज दिनांक 27 अगस्त 2025 को खातेदार ने 9,250 रुपये का स्टाम्प शुल्क अदा कर दानपत्र तैयार कराया और उपनिबंधक कार्यालय गोला गोकर्णनाथ में मीना देवी के नाम विलेख की कार्यवाही पूरी की। दान में मिली भूमि पर टीनशेड लगाकर अब उधन पुत्र बुद्धालाल अपने परिवार संग रह रहे हैं।

## बाइक चोरी का पता लगाने के विफल दिख रही पुलिस

सुलतानपुर। कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में 18 अगस्त को हुई बाइक चोरी का मामला अब सुर्खियों में है। जानकारी के अनुसार ग्राम नन्दौली थाना बल्दीराय निवासी प्रगतिशील किसान जमी़ल अहमद की स्प्लेंडर प्लस काले रंग, नंबर यूपी 44 बीएफ 4502 एमएलसी कार्यालय परिसर से उस वक्त चोरी हो गई जब वह अदालत में पैरवी करने पहुंचे थे। पीड़ित ने तुरंत कोतवाली नगर पुलिस को तहरीर दी और मामला दर्ज हुआ। लेकिन घटना के 10 दिन बाद भी बाइक बरामद नहीं हो सकी। पीड़ित प्रगतिशील किसान जमी़ल अहमद ने बताया कि दिनदहाड़े मेरी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। लेकिन आज तक कुछ पता नहीं लगा सकी नगर पुलिस।

## युवती के अपहरण की आशंका, प्राथमिकी दर्ज

धनपतगंज/सुल्तानपुर। थाना क्षेत्र में एक युवती के अपहरण का मामला सामने आया है। 19 वर्षीय युवती घर से लापता हो गई। परिजनों ने उसे तलाश किया नहीं मिलने पर पीड़ित भाई ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। लापता युवती के भाई ने बताया कि उसकी बहन 26 अगस्त की सुबह करीब 10 बजे घर से यह कहकर बाहर गई कि वो शौच के लिए जा रही है। वह अकेली थी और वापस घर नहीं लौटी। उसने बताया कि जब हम घर वापस आए तब हमें यह जानकारी मिली। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि अयोध्या जिले के हैदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बिछिया मऊ गांव का रहने वाला अंकित पाल बहन को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायतकर्ता ने आरोपी अंकित पाल के दो मोबाइल नंबर भी पुलिस को दिए हैं। पीड़ित भाई ने आशंका जताई है कि आरोपी उनकी बहन की जान ले सकता है या उसे कहीं बेच सकता है। थानाध्यक्ष प्रवीण यादव ने बताया कि भाई की तहरीर के आधार पर अभियोग दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, दूसरा गंभीर

जौनपुर ।उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लपरी गांव के समीप गुरुवार को अपराह्न 2 बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। इसमें एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई तो दुसरे की हालत नाजुक बनी हुई है। लपरी गांव के निवासी आमिर (24) पेशे से ड्राइवर था। गुरुवार को वह अपनी बाइक से गुरैनी बाजार जाने के लिए निकला था। इस दौरान जैसे ही वह लुंबिनी दुद्धी मार्ग पर स्थित लपरी बाजार के पास पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों बाइक सवार चोटिल होकर सड़क पर गिर गए। एक कि पहचान लपरी निवासी मोहम्मद आमिर (24) व दुसरे व्यक्ति कि पहचान कुकडीपुर गांव के निवासी रामजी (58) के रूप में हुई। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। चिकित्सकों ने इलाज के दौरान मोहम्मद आमिर को मृत घोषित कर दिया। इसके उपरांत पुलिस विधिक कार्यवाही में जुट गयी।

## गणेश महोत्सव के दूसरे दिन जीवन बचाने के लिए 47 लोगों ने किया रक्तदान

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में गुरुवार को श्रीराम-जानकी धाम रामतलाई मंदिर में गणेश महोत्सव के दूसरे दिन स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 47 लोगों ने रक्तदान कर दूसरों का जीवन बचाने में अपना योगदान किया।

## चुनाव में बूथ प्रबंधन से विपक्ष के झूठ और फरेब को परास्त करेगी भाजपा : धर्मपाल सिंह

हरदोई । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने गुरूवार को कहा कि भाजपा चुनाव में बूथ प्रबंधन से विपक्ष के झूठ, फरेब को परास्त करेगी। निश्चित विजय और संगठन विस्तार का फॉर्मूला प्रभावी बूथ प्रबंधन ही है। हमें पंचायत चुनाव से पहले माइक्रो मैनेजमेंट से बूथ प्रबंधन का कार्य पूरा करना है। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष, शक्तिकेन्द्र संयोजक और बूथ अध्यक्षों पर बूथ प्रबंधन की बड़ी जिम्मेदारी है। हमें सजगता और सक्रियता से सतत कार्य करने का स्वभाव विकसित करना होगा, जो हमें विपक्षी दलों के षड़यंत्र को ध्वस्त करने तथा पार्टी को मजबूत करने में सहायक होगा। जिले के जेके पब्लिक स्कूल में मंडल अध्यक्षों व शक्तिकेन्द्र संयोजकों की बैठक में पहुंचे प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शक्तिकेन्द्र संयोजक की संगठनात्मक भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शक्तिकेन्द्र संयोजकों को बूथ समिति के साथ मिलकर सम्पर्क व संवाद की संगठनात्मक परम्परा के अनुरूप काम करना होगा।

# गोला रोड का न्यू लाइफ हॉस्पिटल सील, बच्चेदानी कांड में FIR दर्ज, DM की सख्ती से हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । गोला रोड पर स्थित न्यू लाइफ हॉस्पिटल का पर्दाफाश एक दिल दहला देने वाली घटना से हुआ। प्रसव पीड़ा के दौरान जहां परिवार नन्हीं किलकारी की उम्मीद कर रहा था, वहीं डॉक्टर ने शिशु जन्म के साथ ही महिला की बच्चेदानी निकाल डाली। इस हैरतअंगेज घटना से परिजन सन्न रह गए और मामला सीधे डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल तक पहुंचा।

प्रकरण की गंभीरता समझते ही डीएम एक्शन में आईं और तत्काल सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता को निर्देश दिया कि अस्पताल पर कड़ी कार्रवाई की जाए। सीएमओ ने जांच की जिम्मेदारी फरधान सीएचसी के अधीक्षक को सौंपी। अधीक्षक मौके पर पहुंचे तो अस्पताल ताले में बंद मिला। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि यह अस्पताल पंजीकृत नहीं है। पूर्ण रूप से



अवैध रूप से संचालित हो रहा था। देर न लगाते हुए प्रशासन ने 27 अगस्त को ही इस अवैध हॉस्पिटल को सील कर दिया।

लेकिन कार्रवाई यहीं नहीं रुकी। डीएम ने प्रभावित परिवार के प्रार्थना पत्र पर सुसंगत धाराओं में क्क्रट दर्ज कराने के आदेश दिए। आदेश के बाद पुलिस ने अस्पताल संचालक के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया। प्रशासनिक सख्ती से पूरे जिले में निजी अस्पतालों में हड़कंप मच गया है।

**मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : डीएम**

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामला गंभीर था, इसलिए तत्काल सीएमओ को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अस्पताल का निरीक्षण कराया गया और अवैध रूप से संचालित पाए जाने पर उसे सील कर दिया गया है। साथ ही प्रभावित परिवार की तहरीर पर संबंधित अस्पताल संचालक के खिलाफ क्क्रट दर्ज कराई गई है। जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**अवैध चिकित्सालयों पर कसेगा शिकंजा, 16 क्षेत्रों में गठित हुई दो सदस्यीय टीमें**

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर जनपद में संचालित अवैध चिकित्सालयों और बिना पंजीकरण चल रहे नर्सिंग होम व क्लीनिकों पर नकेल कसने के लिए स्वास्थ्य विभाग एक्शन मोड में आ गया है। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने क्लीनिकल स्टैबलिशमेंट एक्ट के तहत लंबित प्रकरणों के निस्तारण और अवैध संस्थानों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु जनपद के 16 क्षेत्रों में दो सदस्यीय समितियों का गठन किया है।

इन समितियों में टीम लीडर के रूप में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी या उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी नामित किए गए हैं, जबकि संबंधित क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक सदस्य होंगे। टीमों को निर्देशित किया गया है कि वे एक सप्ताह के भीतर संयुक्त निरीक्षण कर पंजीकरण/नवीनीकरण संबंधी आख्या उपलब्ध कराएं। सीएमओ ने कहा है कि किसी भी हाल में अवैध चिकित्सालयों को बख्शा नहीं जाएगा। बिना पंजीकरण या नियमविरुद्ध संचालन करने वाले संस्थानों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी सीएचसी अधीक्षकों को इस अभियान में सक्रिय सहयोग देने के भी निर्देश दिए।

# राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं विकास प्राथमिकताओं की समीक्षा बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**राज्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आमजनमानस की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं विद्युत, शिक्षा पर विशेष ध्यान दें**

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उ. प्र. शासन धर्मवीर प्रजापति की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड दर्पण पोर्टल से प्राप्त विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों एवं आकांक्षात्मक विकास खण्डों की प्रगति पुस्तिका पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार द्वारा जनपद की राजस्व एवं अन्य विभागों से संबंधित रैंक के विषय में माननीय प्रभारी मंत्री जी को अवगत कराया। सर्वप्रथम पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर चर्चा की गई तथा प्रभारी मंत्री ने समस्त विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग इसमें अपने लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति करें। आम जनमानस को योजना को लेकर जागरूक करें। सोलर स्ट्रीट लाइट योजना तथा खराब ट्रांसफार्मर की शिकायत को लेकर भी चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री द्वारा अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में विद्युत की आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित रहे। एवं जिला ड्रग वेयरहाउस सीएचसी को भी सुचारू रुप से बिजली प्राप्त हो यह सुनिश्चित किया जाए। बिजली से संबंधित समस्याओं के लिए शिविर भी लगाए जाएं ग्राम चौपाल में भी विद्युत के शिविर लगाते हुए आम जनमानस की समस्याओं का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। दैनिक विद्युत आपूर्ति ,विद्युत बिल में सुधार हेतु आए आवेदन आदि पर भी चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए । कृषि विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना , पीएम कुसुम योजना, बीज डीबीटी पर भी चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मनरेगा को लेकर मंत्री ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि टीम बनाकर मनरेगा के कार्यों को लेकर दौरा करें। माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा मनरेगा में प्रधान एवं ग्राम सचिव के विरुद्ध की गईं कार्यवाहियों के विषय में भी जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अंतर्गत भवन निर्माण को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि रैंक अच्छी रहे यह सुनिश्चित किया जाए। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा की जनपद में कितनी सड़क बनी है और कितनी बनाने का लक्ष्य प्राप्त है उसके आंकड़े उपलब्ध कराए जाएं।

दुग्ध मूल्य एवं सरकारी दुग्ध समितियों के विषय में भी जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दिव्यांग पेंशन को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग पेंशन के अंतर्गत मिशन मोड पर कार्य किया जा रहा है ,दिव्यांग पेंशन आधार सीडिंग को लेकर भी जानकारी प्राप्त की। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल पाइपलाइन योजना के कारण जो सड़के टूटी हैं उसको लेकर जानकारी प्राप्त की एवं प्रभारी मंत्री जी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन गांवों में सड़कें टूटी पड़ी हैं उनको सही कराना सुनिश्चित करें।

फैमिली आईडी ,15 में वित्त तथा व्यक्तिगत शौचालयों को लेकर भी जानकारी प्राप्त की गई। बैठक के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में एमआरएफ केंद्र बनाने तथा गांव से कचरा वहाँ लाने को लेकर भी चर्चा की गई। सामाजिक वानिकी, ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण परीक्षा एवं मिड डे मील योजना को लेकर चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निराश्रित गोवंश संरक्षण को लेकर भी चर्चा की गई। माननीय प्रभारी मंत्री जी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि गोवंशों के खान-पान अर्थात चारा आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए। श्रम विभाग के अंतर्गत कन्या विवाह सहायता योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए सहायक श्रम आयुक्त को निर्देशित किया गया तथा संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम चौपाल के अंतर्गत भी श्रम विभाग श्रमिकों के परिवारों का पंजीकरण करें तथा श्रम विभाग के अंतर्गत चलने वाली योजनाओं को लेकर पंपलेट वितरित किए जाएं तथा ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए। । मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को लेकर भी चर्चा की गई एवं माननीय प्रभारी मंत्री जी द्वारा सामुहिक विवाह योजना के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इसके उपरांत आकांक्षात्मक विकास खण्डों पर भी चर्चा की गई। जिला विकास अधिकारी द्वारा आकांक्षात्मक विकास खण्डों से संबंधित जानकारी मा.प्रभारी मंत्री जी को दी गई एवं भारत सरकार की डेल्टा रैंकिंग पर भी चर्चा की गई । प्रभारी मंत्री जी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आकांक्षात्मक विकासखंड असमोली एवं गन्नौर में टीकाकरण समय से हो यह सुनिश्चित किया जाए एवं जनपद को प्रथम स्थान पर लाने के लिए भी विशेष रूप से जनपद के अधिकारियों द्वारा कार्य किए जाएं।

## एनसीईआरटी की पुस्तकों को लागू करने को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**जिलाधिकारी ने विद्यालय के डाटा के विषय में जानकारी प्राप्त की जिसको लेकर क्या आपत्ति प्राप्त हुई है एवं संबंधित विद्यालयों से चर्चा की**

सम्भल,बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में जनपद के सीबीएसई बोर्ड एवं आईसीएसई बोर्ड के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ एनसीईआरटी की पुस्तकों को लागू करने तथा जिन विद्यालयों पर अर्थ दंड लगाया गया था तथा विद्यालयों पर लगाए गये अर्थदण्ड को जमा ने करने एवं शुल्क का ऑडिट रिपोर्ट पर विचार विमर्श को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार ने बताया कि जिन विद्यालयों पर अर्थदण्ड लगाया गया है अभी तक दो विद्यालयों ने अर्थ दंड जमा नहीं किया है जिसको लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि अगर एक दिवस के अंदर अर्थ दंड विद्यालय जमा नहीं करते हैं तो 5 लाख का अर्थ दंड लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने विद्यालय के डाटा के विषय में जानकारी प्राप्त की जिसको लेकर क्या आपत्ति प्राप्त हुई है एवं संबंधित विद्यालयों से चर्चा की। इसके उपरांत जनपद में संचालित अंग्रेजी मीडियम के स्कूलों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक ने संबंधित बिंदुओं के विषय में मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया जिसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भौतिकवादी संस्कृति को ना अपना कर भारतीय संस्कृति को अपनाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भारत राष्ट्रीय निर्माण कार्य के लिए भारतीय संस्कृति ज्ञान बहुत जरूरी है उसके अनुसार बच्चों को ज्ञान दिया जाए उन्होंने कहा की नीति आयोग के सभी पैरामीटरों पर विशेष ध्यान दिया जाए और उनको संज्ञान में लेते हुए बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि समस्त प्रधानाचार्य एवं अध्यापक कर्तव्य का पालन करें अधिकारों की अनावश्यक मांग ना करें अगर समस्त प्रधानाचार्य एवं अध्यापक अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे तो बच्चे उच्च शिक्षा पाकर भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकेंगे। जिलाधिकारी ने समस्त प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों से कहा कि परीक्षा के परिणाम का भी विशेष ध्यान रखा जाए बच्चों को अच्छी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें जिससे हमारा रिजल्ट अच्छा आए उन्होंने कहा कि अध्यापक को बच्चों के प्रति समर्पित रहना चाहिए जिससे बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकें उन्होंने कहा कि अध्यापकों की जो भी समस्या है उसको भी गंभीरता से लेते हुए निस्तारण किया जाएगा।

## राजकीय आईटीआई में 30 अगस्त को आयोजित होगा रोज़गार मेला

**राजकीय आईटीआई एवं सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय आईटीआई परिसर**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से राजकीय आईटीआई एवं सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय आईटीआई परिसर बहराइच में 30 अगस्त 2025 को प्रातः 10:00 बजे से एक दिवसीय अप्रेंटिस रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय नियोजकों के साथ साथ निजी क्षेत्र के ओप्पो मोबाइल कंपनी द्वारा रोजगार प्रदान किये जाने हेतु इच्छुक बेरोज़गार युवक-युवतियों के पंजीकरण की कार्यवाही की जाएगी।यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्या राजकीय आईटीआई स्मृति शर्मा ने बताया कि अप्रेंटिस रोज़गार मेले में आईटीआई के समस्त ट्रेड तथा डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के साथ-साथ कक्षा 08, 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने हेतु अनुकूल पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा।प्रधानाचार्या ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेले में उ.प्र. कौशन विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं रोज़गार संगम पोर्टल में पंजीकृत/नान पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ बायोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनकी एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 30 अगस्त 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे राजकीय आईटीआई परिसर बहराइच में उपस्थित होकर रोज़गार मेले का अधिकाधिक लाभ उठायें।

## भारोत्तोलन के 56 किलोग्राम भार वर्ग में मोहम्मद अली बने विजेता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूं। क्रिश्चियन हॉयर सेकेंड्री स्कूल में जिला स्तरीय विद्यालय अंडर 17 व अंडर 19 बालक व बालिका भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिलेभर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बालक भारोत्तोलन में 56 किलोग्राम भार वर्ग में मोहम्मद अली ने प्रथम स्थान हासिल किया। माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देश पर जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को अंडर 17 बालक वर्ग में खेलते हुए 56 किलोग्राम में क्रिश्चियन हॉयर सेकेंड्री स्कूल के मोहम्मद अली ने प्रथम, 60 किलोग्राम में प्रमोद इंटर कॉलेज के ललतेश, 65 किलोग्राम में चंद्रिका देवी इंटर कॉलेज के रवि कुमार, 71 किलोग्राम में प्रमोद इंटर कॉलेज के युग बाबू, 79 किलोग्राम में प्रमोद इंटर कॉलेज के लक्ष्य सक्सेना, 88 किलोग्राम में पन्ना लाल इंटर कॉलेज के अजय सक्सेना प्रथम स्थान पर रहे। वहीं, अंडर 19 बालक वर्ग में खेलते हुए 60 किलोग्राम में पन्ना लाल इंटर कॉलेज के विजनेश यादव, 65 किलोग्राम में पन्ना लाल इंटर कॉलेज के दीप चंद, 71 किलोग्राम में प्रमोद इंटर कॉलेज के ध्रुव माहेश्वरी पहले स्थान पर आए। अंडर 17 बालिका वर्ग में खेलते हुए 48 किलोग्राम में प्रमोद इंटर कॉलेज की सेंकी, 53 किलोग्राम में पन्ना लाल इंटर कॉलेज की कुमकुम और अंडर 19 बालिका वर्ग में खेलते हुए 48 किलोग्राम में प्रमोद इंटर कॉलेज की रीतू ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## उसका के शिक्षक प्रमोद सिंह राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित

**सूचना मिलते ही विद्यालय में मना जश्न, बधाईयों देने वालों लग रहा है का तांता**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोरखपुर । उ.प्र.शासन द्वारा प्रदेश भर के सभी जिलों से एक - एक शिक्षक का चयन कर राज्य अध्यापक पुरस्कार 2024 के लिए चयनित किया है। इस सूची में गोरखपुर जिले के विकास खण्ड पिपराइच क्षेत्र के हमारे गांव में स्थित पी एम श्री कम्पोजिट विद्यालय उसका के सहायक अध्यापक प्रमोद कुमार सिंह का भी चयन किया गया है। इसके लिए विद्यालय परिवार, क्षेत्रीय जनता योगी जी का आभारी रहेगा।यह बातें सामाजिक कार्यकर्ता व उसका गांव के पूर्व प्रधान प्रतिनिधि दशरथ यादव ने बुधवार को विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि कही।तथा कहा आगामी पांच सितंबर शिक्षक दिवस पर मिलने वाली सम्मान से सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ जया सिंह ने कहा कि विद्यालय के शिक्षक प्रमोद कुमार सिंह का चयन इस बात को पुष्ट करता है कि मुख्यमंत्री जी के शासन काल में सरकारी विद्यालयों के पठन पाठन में काफी सुधार हुआ है। विद्यालय की शिक्षिका चिंकी चतुर्वेदी, अभिषेक श्रीवास्तव आदि ने विद्यालय में पठन पाठन, अनुशासन, तथा खेल खेल में पढ़ाई का जो प्रयोग प्रमोद कुमार सिंह ने किया है। हम सभी तो पहले से ही सराहते रहे । इसपर अब शासन ने भी मोहर लगा दी।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका, अभिभावक,व छात्र छात्राओं ने फूल माला , उपहार आदि देकर खुशी का इजहार किया।समारोह में राजू प्रसाद, अमित रानी, कुमुद लता, प्रियंका श्रीवास्तव, पवन पुत्र कुमार सिंह, इमरान खान, राम प्रकाश सिंह, शशि कला सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण व विद्यालय परिवार मौजूद रहा । राज्य पुरस्कार के लिए चयनित होने पर शिक्षक नेता सन्तोष सिंह,राम अयोध्या सिंह,अजय सिंह,विवेक श्रीवास्तव, रमेश मणि त्रिपाठी, देवानन्द मणि त्रिपाठी, नरसिंह फौजी,परीक्षित उपाध्याय, बिजेन्द्र यादव,कन्हैया गौड़ सहित सैकड़ों शिक्षकों ने बधाइयां दी ।

## धर्मांतरण मामले में फंडिंग की होगी जांच, कार्रवाई तेज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**धर्मांतरण कराने के मामले में पुलिस अब तक चार लोगों को जेल भेज चुकी है। अब इनके खातो की जांच पुलिस करेगी कि आखिर उन्हें कहां से फंडिंग होती थी।**

बदायूं। लश्करपुर ओईया में भी कुछ लोगों ने अस्थायी चर्च बना ली है। गांव में करीब 20 लोग ईसाई धर्म अपना चुके है। हालांकि अभी तक पुलिस से इसकी किसी ने शिकायत नहीं की है। पुलिस आसपास के गांवों में ऐसे लोगों को तलाश कर रही है, जिन्होंने धर्म परिवर्तन किया है। उनके मिलने पर ही पुलिस कार्रवाई कर पाएगी। धर्मांतरण कराने के मामले में पुलिस अब तक चार लोगों को जेल भेज चुकी है। अब इनके खातो की जांच पुलिस करेगी कि आखिर उन्हें कहां से फंडिंग होती थी। रविवार को थाना क्षेत्र के गांव कुंदावली में धर्मांतरण का मामला सामने आया था। पहले पुलिस मामले को टालती नजर आई। बाद में मामला शासन तक पहुंचा तो पुलिस ने आननफानन तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मौके से कुंदावली की अंजू पत्नी हरपाल सिंह, कासगंज के मोहल्ला नाथूराम कोर्ट निवासी हृदेश कुमार उर्फ विक्की पास्टर, उसकी पत्नी नीतू और बिसौली के बॉबी पास्टर को पकड़ा था। पुलिस ने सोमवार सुबह बॉबी पास्टर को छोड़ दिया था। शाम को एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह के निर्देश पर एसआई सत्यपाल ने तहरीर दी और तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। इन लोगों से पूछताछ में सामने आया कि अलापुर का पास्टर सुरेंद्र मास्टरमाइंड है। इसलिए मंगलवार को पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया और मंगलवार को चारों को जेल भेजा दिया है। अब पुलिस ने मामले में जांच तेज कर दी है। पुलिस अब जेल भेजे गए आरोपियों के बैंक खातों की जांच कराएगी, जिससे पता लग सके कि इनके पास धर्मांतरण कराने के लिए धनराशि कहां से आती थी। इसकी जानकारी करने के बाद पुलिस व आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करने का मन बना चुकी है। इस बीच सामने आया है कि इस्लामनगर क्षेत्र के गांव लश्करपुर ओईया में भरी एक अस्थायी चर्च बना हुआ है। इस गांव में करीब 20 लोग ईसाई धर्म अपना चुके है। इनका मास्टरमाइंड भी पास्टर सुरेंद्र बताया जा रहा है। जिले के कई गांवों में धर्मांतरण किया जा चुका है। जिले में यह गैंग सालों से सक्रिय है। पता लगाने पर कार्रवाई हो सकी है। इंस्पेक्टर नरेश पाल सिंह ने बताया विवेचना शुरू की गई है। हर पहलू पर विवेचना की जाएगी। फंडिंग की जानकारी के लिए खातो की जांच भी कराई जाएगी। बोले, अभी लश्करपुर ओईया की कोई शिकायत नहीं मिली है।

## मुलाहिजा के नाम पर पैसा लेने का आरोप

गोरखपुर। खोराबार इलाके के एक गांव में बीतें दो दिन पहले दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पीड़ित पंक्ष से पीएचसी खोराबार के कर्मचारियों द्वारा रकम लेकर मुलाहिजा करने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक वायरल वीडियो में कर्मचारी द्वारा रकम लेने की बात कर रहा है । फिलहाल मामला जांच के बाद पता चलेगा कि क्या सत्यता हैं। मिली जानकारी के अनुसार खोराबार थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रायगंज बाजार निवासिनी कलावती देवी पत्नी रमेंद्र यादव एवं पट्टीदार रविन्द्र यादव से दो दिन पूर्व किसी बात को लेकर मारपीट हुई थी। इनके पट्टीदार कलावती देवी को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिए थे। पीड़िता ने खोराबार थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई करने के लिए मांग किया। खोराबार पुलिस घायल महिला कलावती देवी का डाक्टरी मुलाहिजा करवाने के लिए पीएचसी खोराबार लेकर पहुंची जहां पर पीएचसी के कर्मचारियों द्वारा रकम की मांग की गई। घायल कलावती देवी का बेटा राधा मोहन यादव का आरोप है कि खोराबार ब्लाक के कर्मचारियों ने मुलाहिजा करने के लिए 1200 रुपए की मांग किए, रूपए देने के बाद कर्मचारियों ने मुलाहिजा किया।

## प्रत्येक मोहल्लों में नियमित एण्टी लारवा स्प्रे फागिंग कराया जाये: नगर आयुक्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोरखपुर। संचारी रोगों के मौसम को देखते हुए संचारी बीमारी डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया आदि से महानगर वासियों के बचाव हेतु निरोधात्मक कार्यवाही के अन्तर्गत महापौर द्वारा झण्डी दिखाकर एण्टी लारवा स्प्रे फागिंग, डस्टिंग आदि की विशेष अभियान के तहत कार्य करने के लिये टीम निकाली गई। महापौर एवं नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल द्वारा निर्देशित किया गया कि महानगर के समस्त वार्डों के प्रत्येक मोहल्लों में नियमित एण्टी लारवा स्प्रे एवं फागिंग कार्य कराया जाये कोई भी इस कार्य से वंचित न रहे। इसके अलावा नगर आयुक्त द्वारा अपील किया गया कि सभी शहरवासी अपने घरों एवं आस पास जल जमाव न होने दें क्योंकि डेंगू के मच्छर साफ पानी में पनपते हैं इसलिए नियमित रुप से छतों पर रखे कबाड़, गमला, कूलर आदि का पानी समय समय पर बदलते रहें। बुखार होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या सरकारी अस्पताल में जाकर ही अपना इलाज करायें। मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेश झा, अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा, अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 विनय प्रकाश पाण्डेय, उप चिकित्सा अधिकारी राजेश, जोनल सेनेटरी अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव, जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह तथा स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

### पशुओं के टीकाकरण के लिये आयोजित हुआ शिविर

अनूपशहर। गांव रोरा में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा शिविर लगाकर सैकड़ों पशुओं में खुरपका-मुंहपका को रोकने के लिए टीकाकरण किया। गुरुवार को गांव रोरा में पशु पालन चिकित्सा विभाग द्वारा खुरपका- मुंहपका की रोकथाम के लिए शिविर लगाया गयी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने पशु विभाग से गांव में शिविर लगाकर पशुओं का टीकाकरण करने की मांग की थी। उनकी मांग पर पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पशु चिकित्सा प्रभारी डा सीपी सिंह के निर्देशन में गांव रोरा में शिविर लगाकर सैकड़ो पशुओं का टीकाकरण किया गया। चिकित्सकों ने पशुपालकों को पशुओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे जानकारी देते हुए बीमार पशुओं का समय पर उपचार कराने के लिए पशु चिकित्सा केंद्र संपर्क करने का आह्वान किया। दुधारू पशुओं से अधिक दूध लेने के चारा-रातव आदि के बारे में जानकारी दी। शिविर में मनोज कुमार, आकाश, विनोद, हेमंत, अनुज आदि टीकाकरण कर्मचारी उपस्थित रहे।

### युवती के परिजनों ने वन स्टाप सेंटर पर किया हंगामा

बदायूं। जिला अस्पताल में बने वन स्टॉप सेंटर में बुधवार को उस समय हंगामा हो गया, जब आरोपी युवक के पिता को वहां देखा गया। युवती के परिजनों ने दावा किया कि आरोपी युवक का पिता उनकी बेटी से मिलने पहुंचा है। परिवार वालों ने उसे घेर लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा। करीब एक घंटे तक लोगों की भीड़ लगी रही। पुलिस ने छानबीन की तो साफ हुआ कि आरोपी का पिता सेंटर में दाखिल ही नहीं हुआ था। सेंटर स्टाफ ने भी कहा कि यहां कैमरे लगे हैं और किसी बाहरी व्यक्ति की एंट्री नहीं दर्ज हुई है। बरेली जिले के आंवला क्षेत्र की एक युवती रिश्तेदारी में बिल्सी आई थी और वहां से बिसौली कोतवाली के अहरौली गांव निवासी अमन उसे बहला-फुसलाकर ले गया। इसके बाद युवती के रिश्तेदारों ने अमन और उसके भाइयों मुनेश व मुन्ना के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए 24 अगस्त को युवती को बरामद कर वन स्टॉप सेंटर भेज दिया। यहां उसका परीक्षण व कोर्ट में बयान दर्ज कराने के लिए रोका गया। बुधवार को अस्पताल पहुंचे आरोपी के पिता ने सफाई दी कि वह दवा लेने आए थे, लेकिन परिजनों ने उनकी मौजूदगी पर सवाल खड़े किए हैं। बाद में पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया है।

### छह के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त

बदायूं। तीन से अधिक बार चालान कटने के बाद छह वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस एआरटीओ ने निरस्त कर दिया गया है। यातायात नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस और परिवहन विभाग की टीम लगातार सक्रिय है। फिर भी सुधार नहीं हो रहा है। परिवहन विभाग के नियमों के अनुसार अगर कोई तीन से अधिक बार गलती दोहराता और नियमों की अनदेखी करता है तो उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। इसी के तहत जून-जुलाई में तीन से अधिक बार चालान कटने से छह लोगों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। यातायात निरीक्षक अजय पाल सिंह ने बताया कि अनिल शर्मा, रिंकू गुप्ता, असलम, पंकज साहू, लोकेश और अजीब का लाइसेंस निरस्त किया गया है। उन्होंने निरस्त कर दिया है। बताया कि जो लोग लापरवाही कर रहे हैं उनके खिलाफ इस तरह की कार्रवाई लगातार की जाएगी।

### छोटी बालिका ने स्वनिर्मित गणपति को चतुर्थी पर किया स्थापित

बदायूं। शहर के मोहल्ला मीरा जी की चौकी स्थित बालिका राधिका ने स्वनिर्मित गणपति को गणेश चतुर्थी पर अपने घर में विराजमान किया। उसने अपनी दादी मां शांति देवी की देखरेख में गणेश जी की एक अति सुंदर प्रतिमा का निर्माण किया। मूर्ति इतनी भव्य एवं जीवंत थी कि देखने वाले हतप्रभ रह गए। कैनविज टाइम्स की रिपोर्टर ने जब उस बालिका से मुलाकात की तो बताया छह वर्ष की बालिका को शिव तांडव स्त्रोत, शिव चालीसा, दुर्गा चालीसा, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, हनुमान अष्टक, गायत्री मंत्र तथा भोजन मंत्र तथा शांति पाठ इत्यादि सभी मंत्र कंठस्थ है। बालिका श्री रामचरितमानस का पाठ भी बड़े ही लयबद्ध तरीके से एवं करती भाव विभोर होकर पढ़ती हैं। बता दें कि बालिका राधिका दुष्यंत (सानू) की पुत्री तथा अजय शर्मा की नातिन है। वह श्रीराम सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा है।

### 29 अगस्त को होगा त्रिदिवसीय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

बदायूँ। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में हॉकी के विश्व प्रसिद्ध जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस (29 अगस्त) एवं राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर 29 से 31 अगस्त 2025 तक वृहद खेल एवं फिटनेस क्रियाकलापों का आयोजन स्पोटर्स स्टेडियम बदायूँ में किया जा रहा है। इस त्रिदिवसीय मेले का उद्घाटन 29 अगस्त को पूर्वाह्न 09.30 बजे मुख्य अतिथि मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री बी0एल0 वर्मा करेंगे। उन्होंने बताया कि निर्धारित स्थलों में बहेड़ी स्टेडियम, गांधी ग्राउंड उझानी, बगरैन मिनी स्टेडियम, इस्लामियां इंटर कॉलेज बदायूँ, मदनलाल इंटर कॉलेज बिल्सी व प्रमोद इंटर कॉलेज सहसवान में किया जाएगा, जहाँ पर फुटबॉल, हॉकी, क्रिकेट, कबड्डी, रस्साकशी, एथलेटिक्स, खो-खो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कुश्ती एवं बास्केटबॉल जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी।

### सांसद खेल महोत्सव हेतु आज से पंजीकरण प्रारम्भ, पीएम लांच करेंगे पोर्टल

बदायूँ। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद बदायूँ में सांसद खेल महोत्सव-फिट युवा फोर विकसित भारत का आयोजन 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक किया जाएगा। खेल में प्रतिभाग के लिए निर्धारित पंजीकरण पोर्टल का शुभारंभ मा0 प्रधानमंत्री जी 29 अगस्त को खेल दिवस के अवसर पर करेंगे। उन्होंने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी पोर्टल `देंकीमसडीवजेंअण्पद (सांसद खेल महोत्सव डॉट आईएन) पर पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण करने वाले युवाओं को न केवल खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा बल्कि उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने एवं राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का भी मौका मिलेगा। जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत में युवाओं को प्रेरित कर खेलों में प्रतिभाग सुनिश्चित कराने हेतु जनपद के समस्त प्रधानों से अपेक्षा की गई है। उन्होंने जनपद के युवाओं से अपील की है कि वह बढ़-चढ़कर खेल महोत्सव में प्रतिभाग करें, जिससे स्वस्थ एवं सशक्त भारत निर्माण में अपना योगदान दे सकें।

### भवन का कार्य पूर्ण कराकर उसका उपयोग जनहित में किया जाए

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने खोर स्थित अपूर्ण भवन का निरीक्षण कर जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि इस भवन का निर्माण प्राथमिक विद्यालय हेतु विगत कई वर्षों पूर्व कराया गया था, लेकिन भवन का निर्माण कार्य पूर्ण न होने की वजह से इसका उपयोग जनहित में नहीं किया जा सका। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह को निर्देशित किया कि अपूर्ण प्राथमिक विद्यालय की संरचना को पूर्ण करने के लिए इस भवन में विद्यार्थियों को पढ़ने हेतु लाइब्रेरी के साथ शैक्षणिक, सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों को शामिल करते हुए जनहित के उपयोग हेतु इस भवन का आवश्यकतानुसार एस्टीमेट बनवाकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए।

# ओएसडी ने झूठ बोलकर छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं को किया गुमराह

**छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे ने बताया कि ओएसडी ने झूठ बोल कर आन्दोलन खत्म करवाया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा । राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई प्रेस वार्ता सिंचाई डाक बंगला गोंडा में की गई इस अव सर पर मीडिया को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे ने बताया कि गोंडा जनपद से हम लोग छात्र कावड़ यात्रा निकाले थे जो मुख्यमंत्री आवास तक निकली गई थी लेकिन वहां से पुलिस ने मारपीट के छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं को इक्को गार्डन भेज दिया गया था वहां पर कई दिनों तक भारी वर्षा में खुले आसमान के नीचे बैठक़र धरना प्रदर्शन किया और वही से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को खून से भी पत्र लिखा। लगातार दस दिनों तकबरसात में भी धरने पर बैठे रहे लेकिन कोई भी मिलने नहीं आया उसके दस दिन बाद लखनऊ के एसीपी मिलने आए और छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं से कहा कि आप लोग मुख्यमंत्री से मिलना चाहते हैं तो आप लोगों को सुबह मुख्यमंत्री आवास बुलाया गया था, शिवम पांडे ने बताया हमारा चार लोगों का डेलिगेशन जिसमें शिवम पांडे गोंडा, हिमांशु सिंह लखनऊ,अंकित निषाद अयोध्या, अभय वर्मा बाराबंकी से चार लोग मुख्यमंत्री आवास पर पुलिस के द्वारा पुलिस बैन में बैठाकर लेकर गए लेकिन जब वहां पर छात्र पंचायत के कार्यकर्ता पहुंचे तो सब कुछ बाहर निकलवा लिया गया सिर्फ दस की नोट ले जाने नहीं दिए और अंदर मुख्यमंत्री के ओएसडी से मुलाकात करवाए मुख्यमंत्री के ओएसडी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी बाहर चले गए हैं आपको हम दस से पंद्रह दिनों के अंदर मुख्यमंत्री से मुलाकात करवाएंगे और इस मांग को आपको मानसून सत्र में हम लोग लेकर आएंगे और आप लोग अपना आंदोलन खत्म कर दीजिए मुख्यमंत्री के आश्वासन पर छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने आंदोलन को खत्म क़र दिया था लेकिन 25 दिन बीत गए हैं मुख्यमंत्री कार्यालय से कोई वार्ता नहीं हुई। छात्र पंचायत के का र्यकर्ताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री की वह स्थिति हैं उन्होंने झूठ बोलकर हमारा आंदोलन खत्म करवाया अब हम लोग उत्तर प्रदेश के 75 जनपद के गांव में जाकर गांव में संसद का का र्यक्रम करेंगे और जनता के बीच अपनी बात को रखेंगे और जनता से मुख्यमंत्री को पत्र लिखवाएंगे जिला महामंत्री आलोक गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय छात्र पंचायत प्राइवेट स्कूल के द्वारा जो फीस मनमानी की जा रही है इसके लिए सभी तरीके से लड़ाई लड़ेगा जब तक अभिभावकों को न्याय नहीं मिलेगा हम लोग कार्यक्रम करते रहेंगे वह छात्र नेता प्रदीप यादव ने बताया कि हम दिल्ली के मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं कि वह दिल्ली में फीस बिल रेगुलेशन लेकर आई और हम यह कहना चाहते हैं कि अगर दिल्ली सरकार बिल ला सकती है तो उत्तर प्रदेश सरकार बिल क्यों नहीं ला रही है..?

# नवाबगंज थानाध्यक्ष का विवादों से गहरा नाता, न्यायालय के आदेश को नहीं मानते

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । अपनी बेअंदाज कार्यशैली व वजीरगंज थाने पर तैनाती के दौरान फरियादी को भद्दी-भद्दी गालियां देकर चर्चा में आए उपनिरीक्षक अभय सिंह इन दिनों नवाबगंज में अपनी मन मर्जी का सिक्का चला रहे हैं।आलम यह है कि करीब तीन माह पूर्व दलित महिला व उसके परिजनों को मारने-पीटने तथा जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में उन्होंने कार्रवाई करने से हाथ खड़े कर दिए। हद तो तब हो गई जब विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट द्वारा दिए गए आदेश के 28 दिन बाद भी आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गयी।नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह का विवादों से गहरा नाता रहा है। वजीरगंज थानाध्यक्ष पद पर तैनाती के दौरान उन पर अपनी बेटी की बरामदगी की फरियाद लेकर गये एक पीड़ित को ही भद्दी-भद्दी गालियां देने का गंभीर आरोप लगा, जिसका आडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। नवाबगंज थाने पर तैनाती के दौरान भी अभय सिंह खूब गुल खिला रहे हैं। हद तो यह है कि अदालत के आदेश का भी पालन नहीं कर रहे हैं। दरअसल, नवाबगंज थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव की रहने वाली दलित पुष्पा देवी पत्नी रामवन्त ने न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट के यहां वाद दायर किया, जिसमें कहा कि 31 मई को अपराह्न 4 बजे विपक्षी संतोष यादव, अभय सिंह व रमेश यादव ने सरयू घाट चौकी प्रभारी संजीव कुमार सिंह व कंास्टेबल विपिन कुमार सिंह से



साठगांठ कर उसके घर के बगल में बिना किसी पूर्व सूचना के जमीन की पैमाइश कराने लगे। इस पर पुष्पा देवी के बेटे ने जब हल्का लेखपाल मनोज चौबे से पूछा कि किसके आदेश पर पैमाइश की जा रही है, इस पर संतोष व रमेश ने मां-बेटे को जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए भद्दी-भद्दी गालियां दी और मारने-पीटने लगे। पुष्पा का पति रामवन्त व रेनू देवी बचाने दौड़े तो उन्हें भी दबंगों द्वारा बुरी तरह मारा-पीटा गया। आरोप है कि इस दौरान सरयूघाट चौकी प्रभारी संजीव कुमार सिंह व कांस्टेबल विपिन कुमार सिंह मौके पर मौजूद रहे लेकिन उन्होंने बीच-बचाव व कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझा और तमाशबीन बने रहे। इतना ही नहीं, चौकी प्रभारी द्वारा आरोपियों पर कार्रवाई करने के बजाय पुष्पा देवी के बेटे शेष कुमार व उसके देवर के बेटे हीरालाल को जबरन थाने पर ले जाया गया, जहां एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए जिला कारागार, गोण्डा भेजवा दिया गया, जबकि दूसरे पक्ष के दबंगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी। इस पर 09 जून को पीड़िता पुष्पा देवी द्वारा पुलिस अधीक्षक को पुनः प्रार्थना पत्र जरिए रजिस्टर्ड डाक भेजा गया। इसके पहले 05 जून को डीजीपी, डीआईजी, डीएम व एसपी को रजिस्ट्री के जरिए शिकायती पत्र भेजा और न्याय की गुहार लगाई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। इस पर विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट, गोण्डा द्वारा आदेश दिया गया कि आवेदिका पुष्पा देवी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा -173(4) बीएनएसएस स्वीकार किया जाता है।थानाध्यक्ष नवाबगंज, जिला गोण्डा को आदेशित किया जाता है कि वे उक्त प्रकरण के संबंध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विवेचना कराया जाना सुनि श्चित करें। कोर्ट द्वारा 31 जुलाई को दिए गए आदेश को 28 दिन हो गए लेकिन अभी तक आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत नहीं किया गया।ऐसे में यह स्पष्ट होता है कि नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह के लिए अदा लत का आदेश भी कोई मायने नहीं रखता।

### सरयूघाट चौकी प्रभारी व कांस्टेबल भी है आरोपी

दरअसल,इस मामले में इस्माइलपुर गांव के रहने वाले विपक्षियों के साथ ही सरयूघाट चौकी प्रभारी संजीव सिंह व कांस्टेबल विपिन सिंह भी आरोपी हैं। यही वजह है कि थानाध्यक्ष अभय सिंह कोर्ट के आदेश के बाद भी मुकदमा दर्ज करने में हीलाहवाली कर रहे हैं।

# नगर आयुक्त ने शिकायतों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर दिये सख्त निर्देश

**आम जनमानस की शिकायत ना आए सभी अधिकारी और अभियंता अपने कार्यों को गंभीरता से करें: नगर आयुक्त**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । गौरव सिंह सोगरवाल नगर आयुक्त द्वारा निर्माण विभाग की बैठक की गई। बैठक में मुख्य अभियंता अधिशासी अभियंता एवं समस्त अगर अभियंता उपस्थित थे नगर आयुक्त द्वारा अवर अभियंताओं की लगातार आ रही शिकायतों पर कड़ी नाराज एवं सख्त निर्देश दिया गया कि किसी भी प्रकार की आम जनमानस की शिकायत ना आए सभी और अभियंता अपने कार्यों को गंभीरता से करें वित्तीय संबंधित कार्य गुणवत्ता एवं कार्य की समय अवधि पूर्ण न होने आदि की शिकायतों कार्यालय तक न पहुंचे अन्यथा कार्रवाई की जाएगी नगर आयुक्त द्वारा यह भी कहा गया जिन गलियों की स्थिति खराब है उन गलियों की एस्टीमेट बनाकर कार्य को कराये। जिन ठेकेदारों के कार्यों में लापरवाही एवं गुणवत्ता खराब हो रही है उन्हें ब्लैक लिस्ट करें नालों के स्टीमेट बनाते समय स्लैब को सम्मिलित करें नालों की स्थिति पर ध्यान दें नालों की लेबलिंग क्रॉस बनाते समय ध्यान दें किसी भी प्रकार से महानगर में जल भराव ना हो जल भराव वाले स्थान पर पंप तैयार रखें राप्ती नगर नाले को चिलूवाताल से जोड़ें। समस्त अवर अभियंताओं को 10000 वृक्षारोपण कराए जाने का लक्ष्य ट्रिगर्ड सहित दिया गया है जिसमें से अभी तक 2500 पेड़ लगाए जा चुके हैं नगर आज द्वारा ट्रिगर्ड की मजबूती और पौधों की सुरक्षा करने हेतु निर्देश दिया गया है विभिन्न स्थानों पर मियां बाकी वह डिवाइडरों पर भी प्लांटेशन करने का निर्देश दिया गया ।

## एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने की शिष्टाचार भेंट

नानपारा, बहराइच। बुधवार को उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी से कैनविज टाइम्स के नानपारा तहसील संवाददाता सरफराज सिद्दीकी और बलहा संवाददाता एडवोकेट नफीस अहमद ने शिष्टाचार भेंट की। यह भेंट विशेष रही क्योंकि पदभार ग्रहण करने के बाद संवाददाताओं की यह पहली आधिकारिक मुलाक़ात थी। संवाददाताओं ने एसडीएम को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। मुलाक़ात के दौरान क्षेत्रीय विकास, जनसुविधाओं और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर रचनात्मक चर्चा हुई। वहीं, शायर एवं साहित्यकार रोशन जमीर ने क्षेत्र की साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान मीडिया और प्रशासन के बीच बेहतर संवाद और आपसी सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि पारदर्शिता और त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है।

# नगर की सड़कों व गलियों में घूम रहे छुट्टा पशु

**नगर की सड़कों पर जान का खतरा बने छुट्टा पशु,जिला प्रशासन के दावे होते जा रहे हैं फ़ेल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा। जिले के नगरपालिका परिषद में छुट्टा पशु लोगों के लिए दिन-ब-दिन बड़ी मुसीबत बनते जा रहे हैं।ये पशु न केवल राहगीरों पर हमला कर रहे हैं,बल्कि सड़क के बीचोंबीच बैठकर जाम और दुर्घटनाओं की वजह भी बन रहे हैं।नगर पालिका प्रशासन भले ही दावा करता है कि छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोवंश आश्रय केंद्र भेजा जा रहा है, लेकिन हकीकत इससे अलग है।शहर की गलियों से लेकर मुख्य सड़ कों तक छुट्टा पशु खुलेआम घूमते नजर आते हैं।करीब एक लाख की आबादी वाला जिला मुख्यालय गोण्डा नगर पालिका परिषद जिले का प्रमुख व्यापारिक केंद्र है।देवीपाटन मंडल मुख्यालय होने



के चलते आसपास के जिले केलोग बड़ी संख्या में लोग मंडल मुख्यालय पर आते हैं। अयोध्या, फैजाबाद, लखनऊ जाने वालों का मार्ग भी यही है।ऐसे में गोंडा फैजाबाद रोड पर वाहनों का दबाव पहले ही अधिक रहता है।उस पर छुट्टा पशुओं की मौजूदगी और सड़कों पर अनियंत्रित ढंग से खड़े वाहन यातायात व्य वस्था को पूरी तरह चरमरा देते हैं। अंबेडकर चौराहा मंडे नाले के पास, आवास विकास कॉलोनी, जेलरोड, टेशन रोड,फैजाबाद रोड, चौक बाजार,जैसे व्यस्त इलाकों में सड़कों पर बैठे जानवरों की वजह से राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार सांड़ आपस में भिड़ जाते हैं,जिससे अफरा-तफरी मच जाती है और लोग चोटिल भी हो जाते हैं।सबसे अधिक खतरा रात के समय होता है,जब अंधेरे में सड़कों पर बैठे पशु वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते और टक्कर की घटनाएं हो जाती हैं।नगर पालिका परिषद के नागरिक उत्तम, बृजेश, आशीष, शफीउल्लाह, राकेश,राजू और अशोक का कहना है कि शास न ने छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में भेजने के निर्देश दे रखे हैं,लेकिन गोण्डा नगर पालिका परिषद इस ओर बिल्कुल गंभीर नहीं है।वही नगर पालिका चेयरमैन उजमा राशिद का कहना है कि प्रशासन की ओर से समय-समय पर छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गोवंश आश्रय स्थल भेजा जाता है,लेकिन इसके बाद भी समस्या बनी हुई है,स्थानीय लोगों का कह ना है कि यह समस्या कागजों पर चल रही कार वाई से नहीं,बल्कि सख्त और ज़मीनी कदमों से ही सुलझ सकती है।जब तक प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीर नहीं होता,तब तक छुट्टा पशु नगर वासियों के लिए खतरा बने रहेंगे।

# दुर्घटना को दावत दे रही नंगे तार व झुके हुए बिजली के पोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। हाई वोल्टेज के तार कहीं मकान के ऊपर तो कहीं पोल टूटने के कारण छत के सहारे चल रही है बार-बार शिकायत की गई लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जानकारी अनुसार सेवई उपकेंद्र के महावीर छपरा फिडर के माध्यम से करीब सत्रह गांवों में बिजली सप्लाई की जाती है।लेकिन गढ़वापार



निवासी किरण देवी के मकान से एक फिट ऊपर से 11000 की सप्लाई की रही है। वही डेफरा निवासी पप्पू तिवारी के घर के बगल में लगे पोल सड़क के तरफ झुक गया है। अगर ज्यादा बारिश हुई तो कभी भी पोल गिर सकता है। महावीर छपरा निवासी नितिन मद्धेशिया के घर के पीछे पोल टूट कर गीरे हुए लगभग साल भर हो गया है और बिजली सप्लाई एक मकान के छत से होकर की जा रही है। जिसकी शिकायत करीब दो महीने पहले की गई थी। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। घरों के छतों के सहारे हो रहे ग्यारह हज़ार के हाई वोल्टेज की सप्लाई के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि झुके हुए पोल व घरों के उपर और घरों सटकर जाते हुए नंगे तारों को शीघ्रअत शीघ्र ठीक कराया नहीं तो सेवई केंद्र पर जाकर धरना करने को बाध्य हो सकते हैं। ग्राम प्रधान नीतू सिंह कहना है कि इस तरह की समस्याएं हमारे संज्ञान में है हमने बिजली विभाग को कई बार लिखित व फोन के माध्यम से से सूचित किया लेकिन अभी तक ठीक नहीं कराया गया जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्राम सभा डेफरा की ग्राम प्रधान अंजनी गुप्ता ने बताया कि गांव में झुके हुए पोल और कई जगहों पर तार ढीले हो गए हैं।जिसकी वजह से कभी भी वही दुर्घटना हो सकती है। ठीक कराने के लिए सेवई केंद्र को कई बार सूचित किया गया। लेकिन अभी तक ठीक नहीं कराया। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस संबंध में ज्यादा जानकारी के लिए सेवई उपकेद्र के जेई अवनीश कुमार पांडेय को कई बार फोन किया गया। लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जायेगा मेजर ध्यानचन्द्र का जन्म दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि हॉकी के विश्व प्रसिद्व जादूगर मेजर ध्यानचन्द्र के जन्म दिवस 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। खेल विभाग द्वारा खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 29 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक वृहद खेल एवं फिटनेस क्रियाकलापों का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये गये है।सीडीओ श्री चन्द्र ने बताया कि 29 अगस्त 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे लखनऊ में मा. मुख्यमंत्री जी के आयोजित कार्यक्रम का इन्दिरा गांधी स्पोर्ट स्टेडियम बहराइच में सजीव प्रसारण किया जायेगा। कार्यक्रम के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह का समापन 31 अगस्त 2025 को किया जायेगा। इस दौरान खेल, निबन्ध और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं तथा योग, फिटनेस आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा ।

# दावे तमाम : ओवरलोडिंग पर नहीं लग रही लगाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा । रोक लगाने की शासन के तमाम कवायद के बाद भी ओवरलोड वाहनों का संचालन बेध ड़क हो रहा है।चाहे वह मालवाहक हो या फिर सवारी वाहन से लेकर कृषि कार्य के लिए अधि कृत वाहन हो सभी पर ओवरलोडिंग की जा रही है। बावजूद इसके न तो परिवहन विभाग के परिवर्तन दल सक्रिय दिख रहा है न तो पुलिस।ओवरलोड वाहन आए दिन हादसे का पर्याय बनते हैं।इसके बाद भी जिले में ओवरलाडिंग पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है।

डग्गामार वाहन जहां दिन भर सड़कों पर क्षमता से अधि क यात्रियों को बैठाकर फर्राटा भर रहे हैं वहीं पिकप,डीसीएम व ट्रक आदि वाहन भी ओवर लाडिंग कर सड़कों पर आवागमन करते देखे जा रहे हैं।यातायात सुरक्षा को लेकर पुलिस से लेकर परिवहन विभाग तक की ओर से लोगों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया जाता है विभाग की टीमें समय समय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को तेज गति से वाहन न चलाने व क्षमता से अधिक भार लेकर न चलने की



हिदायत देते हैं। लेकिन जिस तरह से ओवरलाडिंग कर वाहन जिले की सड़ कों पर दौड़ रहे हैं उससे साफ पता चलता है कि परिवहन विभाग का परिवर्तन दल पूरी तरह से सक्रिय नहीं है।नियम है कि कोई भी भार वाहक वाहन में क्षमता से अधिक भार नहीं लादा जाय।वाहन में ढाले के बराबर ही मानक अनुरूप लादा जाए।लेकिन यह नियम इस जिले में धराशायी है।चालक पिकप, ट्रक व डीसीएम में तिरपाल लगाकार चाहे भूसी या फिर भूसा आदि ढाले से करीब तीन से चार फिट ऊंचाई तक लादते हैं और सरेआम सड़कों पर फर्राटा भरते हैं।हर प्रमुख मार्ग पर पुलिस थाने व पुलिस चौकी मौजूद है।चौक चौराहों पर भी पुलिसकर्मी मुश्तैद रहती हैं। इसके बाद भी ओवरलोड कर ये वाहन धड़ल्ले से सड़कों पर आवागमन करते है और इन पर कोई रोक नहीं लगाई जाती। ढाले से ऊपर लादने के बाद कभी भी वाहन के असंतुलित होने की संभा वना रहती है इससे बड़ा हादसा भी हो सकता है। जिसकी चपेट में खुद वाहन चालक व अन्य लोग आ सकते हैं। इन सब के बावजूद भी न तो पुलिस और न ही परिवहन विभाग इस पर अंकुश लगा पा रहा है। मौखिक रूप से आरटीओ ( परिवर्तन दल ) मोहम्मद आरिफ खान का कहना है कि वाहन पर न तो ओवरलोड सवारी बैठाना है और न ही ओवरलोड माल लादना है। यदि कोई वाहन संचालक ऐसा करता है तो उस के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए चेकिंग अभियान चलाया जाता है। लेकिन अब हमारी तीन-चार महीने रिटायरमेंट का बचा है। किसी तरह समय पूरा हो जाए। अवैध टैक्सियों पर लगाम लगाकर कौन नेताओं की नाराजगी मोल ले...?

## रा.ई.का. लखैय्याकलां में लेक्चरर का भावुक माहौल में हुआ विदाई समारोह



नानपारा, बहराइच। राजकीय इंटर कॉलेज लखैय्याकलां में कार्यरत लेक्चरर डॉ सोनेलाल जी का विदाई समारोह भावुक माहौल में सम्पन्न हुआ। वर्ष 2021 में विद्यालय में पदस्थापित हुए लेक्चरर ने 26 अगस्त को बहराइच छोड़कर फतेहपुर में कार्यभार ग्रहण किया। विदाई के अवसर पर लेक्चरर डॉ सोनेलाल जी ने विद्यालय परिवार के साथ बिताए गए समय को याद करते हुए कहा कि उन पलों को शब्दों में बयां करना संभव नहीं।

उन्होंने सहकर्मियों और विद्यालय से जुड़े सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका साथ जीवनभर याद रहेगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ आशुतोष त्रिपाठी, प्रोफ़ेसर अरुण कुमार, आनन्द जी राव, फूलचंद जी, राजितराम सिंह, शुभम चतुर्वेदी, विजय बहादुर यादव, जगत कुमार सहित रसोईया राजकुमारी व सुधा और विद्यालय के बच्चों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रोफ़ेसर ने कहा कि सभी से मिला स्नेह और सम्मान उनके जीवन की अनमोल पूंजी रहेगा। समारोह के दौरान भावुक क्षण भी देखने को मिले जब सहकर्मी और विद्यार्थी उनके साथ बिताए पलों को साझा कर रहे थे।

# मृत राजकुमार की जमीन दूसरे राजकुमार ने बेचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मामला गोरखपुर जनपद के खोराबार थाना क्षेत्र का है, जहां दूसरे जिदां व्यक्ति ने मृत व्यक्ति की जमीन की फर्जी तरीके से बिक्री कर दी**

गोरखपुर । शासन द्वारा जमीन रजिस्ट्री के नियमावली में खामी के कारण अपराध करने के नये मामले सामने आ रहे हैं। विक्रेता द्वारा बेची जा रही जमीन का क्रास चेक नहीं होने से किसी कास्तकार की जमीन को कूट रचित ढंग से उसी के नाम के अन्य व्यक्ति को खड़ा कर बेचने से बेवजह सही व्यक्ति कचहरी का चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

मामला गोरखपुर जनपद के खोराबार थाना क्षेत्र का है। प्रार्थिनी लाची देवी पत्नी स्व0 रामचन्दर ग्राम रामपुर (नथई टोला), पोस्ट-झंगहा, थाना-खोराबार, तहसील सदर, जिला-गोरखपुर द्वारा स्थानीय थाना सहित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया गया है कि उसके पति रामचन्दर पुत्र स्व0 बेनी द्वारा ग्राम-रामपुर का पुराना गाटा सं0-360/2 डि0 व 368/15 डि0 व 371/1 डि0 कुल तीन नम्बर कुल रकबा 18 डि0 ग्राम-रामपुर के ही सोमती पुत्र नरायन से बैनामा लिया गया था, जिसका चकबन्दी में धारा-52 का प्रकाशन हो जाने के बाद नया गाटा सं0-491/0.020 हे0 बन गया । उक्त गाटा जो उसके पति की मृत्यु हो जाने के कारण पुत्र राजकुमार पुत्र स्व0 रामचन्दर (पौत्र स्व0 बेनी) के नाम से था, को उसी के ही ग्रामसभा रामपुर के (केरवानी टोला) निवासी राजकुमार पुत्र स्व0 रामचन्दर (पौत्र स्व0 गनेश) द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार करके फर्जी तरीके से नया गाटा सं0-491/0.020 हे0 को दिनेश कुमार सिंह पुत्र स्व0 रामनरेश सिंह निवासी एम0 आई0 ? आवास विकास कालोनी, शाहपुर नं0-1, पोस्ट-गीता वाटिका, शहर-गोरखपुर के पक्ष में दिनांक 20.04.2017 को बैनामा कर दिया गया है। जबकि प्रार्थिनी के पुत्र राज कुमार पुत्र स्व0 रामचन्दर (पौत्र स्व0 बेनी) की मृत्यु करीब 18 वर्ष पहले ही हो चुकी है।तहकीकात न्यूज से बातचीत में पीड़ित द्वारा स्थानीय क्षेत्र में सक्रिय प्राप्टी डीलर और दलाल की मिली भगत से यह जालसाजी करने की बात कही गई तो दूसरी तरफ पीड़ित की जमीन बेचने वाले राजकुमार द्वारा उक्त जमीन को अपनी जमीन समझ कर बेचने की बात कही जा रही है। फिलहाल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दो-दो बार प्रार्थना पत्र देने के उपरांत भी मामला थाने के संज्ञान क्षेत्र में है। इस मामले में मुकदमा दर्ज होगा या आपसी सहमति बनेगी यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर एसडीएम ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । गुरुवार को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में पंचायत निर्वाचन की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बलहा, शिवपुर, नवाबगंज एवं रिसिया के खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी



तथा प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की संवेदनशीलता पर विशेष जोर दिया गया। एसडीएम ने कहा कि सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है। उन्होंने डुप्लीकेट वोटरों के सत्यापन को प्राथमिकता देने और सभी स्तरों पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। सभी अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन बीएलओ की समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट कार्यालय को भेजें। बैठक के अंत में एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने उपस्थित अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया।

# रेलवे क्रॉसिंग के पास युवक का शव मिला, मां बोली-हत्या कर फेंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के नगवा गांव निवासी 35 वर्षीय युवक का शव गुरुवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर मिलने से सनसनी फैल गई।शव की पहचान हो ते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक की मां ने आरोप लगाया है कि उसके बेटे की हत्या कर शव रेलवे लाइन पर फेंका गया,जानकारी के अनुसार नगवा गांव के गोसाई पुरवा निवासी रामजग उर्फ लल्लन 35 बुधवार की रात लगभ ग दस बजे घर से निकले थे।गुरुवार सुबह मन कापुर-अयोध्या रेलखंड पर दुल्लापुर रेलवे क्रॉ सिंग के



पास उनका शव पड़ा मिला।स्थानीय लोगों ने शव देखकर पुलिस और परिजनों को सूचना दी।मृतक की मां भिखना देवी का आरो प है कि मृतक बेटे का गांव की एक शादीशुदा महिला से प्रेम-प्रसंग चल रहा था।उन्होंने आशं का जताई कि विवाद के चलते ही बेटे की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर डाल दिया गया।सूचना पर पुलिस और आरपीएफ मौके पर पहुंची। आरपीएफ सब-इंस्पेक्टर राकेश राय ने बताया कि सुबह करीब सात बजे की-मैन सतीश ने ट्रैक पर शव पड़े होने की जानकारी दी थी। वहीं एसएसओ विश्वास चतुर्वेदी ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से प्रतीत होती है।हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा।

# सीएम से राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित होगी शिक्षिका वर्षा सक्सेना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।बदलाव का जुनून और जज्बा हो तो उसके लिए सरकारी मदद मायने नहीं रखती है। दृढ़ इच्छा शक्ति से बेहतर किया जा सकता है।इसकी नजीर बनी है।जनपद के विकासखंड ललौरीखेड़ा में स्थित कंपोजिट विद्यालय माननीय काशीराम शहरी आवास की शिक्षिका वर्षा सक्सेना जो अपनी लगन और मेहनत से नौनिहालों की किस्मत चमका रही है।उनके द्वारा किए जा रहे अनुकरणीय कार्यों के लिए उन्हें राज्य अध्यापक पुरस्कार 2024 के लिए चयनित किया गया है। यह पुरस्कार आगामी 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों दिया जाएगा बताते चलें कि कोरोना कॉल में जब देश भर लॉकडाउन था और स्कूल कॉलेज भी बंद थे। तब ललौरीखेड़ा ब्लॉक के माननीय काशीराम शहरी आवास योजना नौगामा पकड़िया के कंपोजिट विद्यालय की शिक्षिका वर्षा सक्सेना ने ऑनलाइन के माध्यम से बच्चों को शिक्षा मुहैया कराने का काम करती थी।उनका यह कदम काफी सराहा गया था। उन्होंने अभिभावकों को विद्यालय से जोड़कर शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया जिससे समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हो सके।शिक्षिका वर्षा सक्सेना ने बच्चों के साथ खेल की गतिविधियो के साथ आत्मिक रिश्ते बनाएं,जिससे बच्चे स्कूल आने के लिए प्रेरित हो साथ ही बच्चों की लेखन कला के लिए हिन्दी,गणित, अंग्रेजी की वर्कशीट का निर्माण,शिक्षण विधि में चेहरे के हाव भाव और होठों की गतिविधि से मात्राओं की पहचान और उच्चारण, प्रतिदिन नैतिक मूल्यों के विकास के लिए प्रयास, गणित विषय को व्यावहारिकता से जोड़ते हुए सरलीकरण के माध्यम से पढ़ाना,छात्र छात्राओं के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास हेतु शिक्षण सहायक सामग्री का निर्माण करना साथ ही विद्यालय में पुस्तकालय और पठन- पठान को बेहतर वातावरण मुहैया करने का काम किया है। दीवार पर सुंदर चित्रकारी करने के साथ ही परिसर को छात्रों के लिए रुचिकर बनाया है। उन्होंने कर्तव्यनिष्ठा के बलबूते विद्यालय परिसर में फूल खिलाया है और विभिन्न प्रजातियों के वृक्षों का रोपण कर नौनिहालों को पर्यावरणीय वातावरण मुहैया करने का काम बेहतर तरीके से किया है।उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखकर राज्य अध्यापक पुरस्कार 2024 के लिए चयनित किया गया है। वर्षा सक्सेना ने कंपोजिट विद्यालय कांशीराम में अपनी नियुक्ति के समय से ही परिवर्तन की पटकथा लिखने का काम शुरू कर दिया था।जो उनके जज्बे और जुनून के चलते बेसिक शिक्षा के लिए नजीर बन गया शिक्षा की मुहिम और अधिक मजबूत करने के लिए शिक्षिका वर्षा सक्सेना ने अभिभावकों की राय लेकर बदलाव की महिमा शुरू की उन्होंने घर - घर जाकर अभिभावकों से संवाद किया उनका बेहतर शिक्षा का भरोसा दिया और बच्चों का प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया इस पर नामांकन तो बड़ा ही लेकिन उनके सामने चुनौती बेहतर करने की थी। इसलिए उन्होंने पुस्तकालय और स्मार्ट क्लास का प्रयोग शिक्षण कार्य में किया इसका असर भी हुआ विद्यालय में लगातार छात्रों की संख्या बढ़ती हुई नजर आई उनकी इस कामयाबी के पीछे विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शिवाली सक्सेना सहित अन्य सभी स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा हैं।

# सहकारी समिति पर किसान सभा का हुआ आयोजन मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे वरिष्ठ वैज्ञानिक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। बी-पैक्स- सहकारी समिति सुल्तानपुर गाँव निजामपुर विकासखंड पूरनपुर जनपद पीलीभीत में समिति अध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में एक किसान सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र टांडा विजैसी पीलीभीत के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर शैलेंद्र सिंह ढाका रहे। उप महा प्रबंधक विपणन इफको पीलीभीत ब्रजवीर सिंह, डॉ0 अशोक चैधरी भूमि संरक्षण निरीक्षक पीलीभीत एसएफए अंकुर कुमार एवं समिति के सचिव ओंकार नाथ दूबे उपस्थित रहे।इस किसान सभा में बोलते हुए उप महाप्रबंधक विपणन इफको पीलीभीत ब्रजवीर सिंह के द्वारा,नैनो उर्वरकों के बारे मे सभी किसान भाइयों को नैनो उर्वरकों के प्रति जागरुक किया गया। नैनो उर्वरकों के प्रयोग से फसलों को होने वाले लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी भी दी गई।नैनो उर्वरकों के प्रयोग से किसान कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। दानेदार उर्वरकों की अपेक्षा,नैनो उर्वरक सस्ते भी पड़ते हैं। नैनो उर्वरकों के प्रयोग से मिट्टी की गुणवत्ता भी अच्छी बनी रहती है। विशेष कर नैनो उर्वरकों के फसलों में इस्तेमाल एवं प्रयोग विधि के बारे में किसानों को विस्तृत तरीके से बताया गया। नैनो उर्वरकों के प्रयोग से जल प्रदूषण में एवं मिट्टी प्रदूषण और वातावरण को भी प्रदूषित नहीं करते हैं। नैनो डीएपी तरल के प्रयोग से जड़ों का विकास अधिक होता है। जिससे पौधों का विकास अधिक होता है फसलों को भरपूर पोषक तत्व मिलते हैं। और फसलों का शीघ्र जमाव होता है। उत्पादकता में वृद्धि होती है। यह महत्वपूर्ण जानकारी सभा में उपस्थित सभी किसान भाइयों को दी गई।इसी क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र पीलीभीत के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर शैलेंद्र सिंह ढाका द्वारा,सभी फसलें जैसे धान, गेहूँ, गन्ना एवं मक्का आदि फसलों पर लगने वाले कीट एवं बीमारियों से बचाव से संबंधित विस्तृत जानकारी सभा में उपस्थित किसानों को दी गई। एवं खड़ी फसलों में फास्फेटिक उर्वरकों को न डालने की सलाह दी गई। फास्फेटिक उर्वरकों की जगह पर खड़ी फसलों में नैनो उर्वरकों का प्रयोग एक बहुत ही बेहतर विकल्प है। एवं खड़ी फसलों पर जल विलय उर्वरक जैसे एनपीके, 19,19,19, व 0,52,34,व 0,0,50, आदि का छिड़काव कर सकते हैं।कार्यक्रम में कृषि विभाग से डॉक्टर अशोक चैधरी जी के द्वारा,अपने विभाग से संबंधित चलाई किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। एसएफए,अंकुर कुमार ने भी किसान सभा में उपस्थित सभी किसान भाइयों को नैनो कॉपर, नैनो जिंक, एवं जल विलय उर्वरकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। किसान सभा कार्यक्रम में लगभग 60-70 किसान उपस्थित रहे है।

# अभिभावक शिक्षक मीटिंग प्राथमिक विद्यालय में हुई संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रनपुर। प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुर में अभिभावक शिक्षक मीटिंग हुई संपन्न मीटिंग को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रिया गुप्ता ने कहा कि विद्यालय के बच्चों की बेहतर पढ़ाई तभी संभव है, जब शिक्षक के साथ-साथ अभिभावक भी उस पर ध्यान दें. समय से स्कूल भेजने से लेकर, उसे तैयार करना एवं होमवर्क पूरा कराने की जिम्मेदारी माता-पिता की होती है. बच्चे का भविष्य शिक्षक व अभिभावक मिलकर बनाते हैं। जब तक दोनों के बीच समन्वय व संवाद नहीं होगा,तब तक बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकते हैं इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने विद्यालयों में हर महीने नियमित 'अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी' का आयोजन करने का आदेश जारी किया है। यूं तो पेरेंट्स-टीचर मीटिंग पहले से होती चली आ रही है। मीटिंग में मुख्य रूप से विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रिया गुप्ता, माया देवी,जितेंद्र गिरी,मुकेश गिरी, सुनील गिरी, ताराचंद्र,भानुमति ,सुशीला देवी,विकास कुमार,बिजेंद्र कुमार,विनोद कुमार सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा हैं।

# एक सितम्बर को विद्यालयों में छात्र और शिक्षक लेंगे साझा पांच संकल्प

## जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष के साथ पोस्टर का किया विमोचन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा आगामी एक सितम्बर को परिषदीय विद्यालयों के प्रार्थना सभा में लिये जाने वाले पांच संकल्पों के पोस्टर का बीएसए एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष के साथ ही अन्य पदाधिकारियों के साथ विमोचन किया। गौरीगंज में आयोजित कार्यक्रम में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान पंच संकल्प जैसे हम मिलकर विद्यालय को स्वच्छ अनुशासित हरित और प्रेरणास्पद बनाएंगे।हम विद्यालय की संपत्ति को राष्ट्रधन मानकर उसका संरक्षण करेंगे हम शिक्षा को चरित्र निर्माण एवं समाज सेवा का साधन मानकर कार्य करेंगे,हम विद्यालय से भेदभाव मिटाएंगे जैसे पांच संकल्पों के पोस्टर का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर सिंह ने जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ विमोचन किया। एक सितम्बर को को प्रार्थना सभा में पूरे भारतवर्ष के प्राथमिक व माध्यमिक के पांच लाख विद्यालयों में लगभग दस करोड़ से ज्यादा छात्र और शिक्षक साझा पांच संकल्प लेंगे जो कि गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनेगा। एक सितम्बर को उत्तर प्रदेश में डेढ़ लाख विद्यालयों के दो करोड़ से ज्यादा बच्चे अपने शिक्षकों के साथ साझा पांच संकल्प लेंगे।बीएसए कार्यालय में पोस्टर विमोचन के दौरान जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला,जिला महामंत्री धीरेंद्र प्रताप सिंह बघेल,अश्वनी द्विवेदी पंकज शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, अमित पाण्डेय, सत्येंद्र तिवारी, संतोष तिवारी,अजय सिंह, डी वी सिंह अनुराग शुक्ला, उबैद अहमद,पूर्णिमा तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व शिक्षकगण मौजूद रहे।

# रात में ड्रोन उड़ने की अफवाह पर जनता को जागरुक करें जनप्रतिनिधि : मुन्ना सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनपद के कुछ चिन्हित क्षेत्रों में रात में ड्रोन उड़ाने की फैल रही अफवाहों पर अंकुश लगाने के लिये ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि ने आम जनमानस से रात में ड्रोन उड़ने की अफवाह न फैलाने की अपील की है और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से अपने अपने गांवों में जनता को ड्रोन उड़ने की अफवाह पर जागरुक करने की बात कही है। जनपद अमेठी क्षेत्र की तहसील मुसाफिरखाना इलाके से उठी यह आवाज तहसील तिलोई क्षेत्र के गांवों में तक जा पहुंची तो ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह इस अफवाह पर अंकुश लगाने के लिये आम जनमानस को जागरुक करने के लिये निकल पड़े। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अफवाह फैलाकर नागरिकों में सनसनी फैलाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन रात में ड्रोन उड़ने की बात निराधार है। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि यह क्षेत्र लखनऊ अयोध्या वाराणसी पटना गुवाहाटी एवं फुरसतगंज हवाई अड्डों के एयर ट्रैफिक रूट में है और विमानों के ब्लिंकर लाइट को ड्रोन के नाम पर बताकर भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा एडवाइजरी भी जारी की गई लेकिन फिर भी पिछली रात से तिलोई सर्किल के थाना क्षेत्रों में अफवाह फैलाई जा रही है।इस पर सबको जागरुक करने की हम नैतिक जिम्मेदारी बनती है। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने तहसील तिलोई क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों से ग्रामीणों को जागरुक करने की अपील की है।

## प्राथमिक विद्यालय में शुरू हुई परीक्षाएं

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। परिषदीय विद्यालयों में परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। विकास खंड क्षेत्र के गांव सुंदरपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों में बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रिया गुप्ता की देखरेख में ये परीक्षाएं संपन्न हो रही हैं।जनपद पीलीभीत में परिषदीय स्कूलों में पहली सत्रीय परीक्षा शुरू हो गई है।जो 25 से 29 अगस्त के बीच आयोजित की जा रही हैं। परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जा रही हैं। पहली पाली सुबह 8:30 से 10:30 द्वितीय पाली 11:30 से 1:30 तक सम्पन्न होगी।परिषदीय विद्यालयों में परीक्षाएं नकल विहीन कराने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने सही खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर शुचितापूर्ण परीक्षा कराने की जिम्मेदारी सौंपी दी गई है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान डीएफओ द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा की गई जियो टैगिंग की स्थिति से अवगत कराया गया। उन्होंने ट्री गार्ड की उपलब्धता हरिशंकरी रोपण, विद्यार्थियों के जागरूकता कार्यक्रम एवं जनजागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक कराए जाने के संबंध में जानकारी दी।जिलाधिकारी ने कहा कि जिला पर्यावरण समिति में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। क्लब, स्कूल को अभियान में शामिल किया जाए। उन्होंने वृक्ष कॉरिडोर विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को सभी हाइस्कूल एवं इंटर कॉलेज में इको क्लब की स्थापना किये जाने के निर्देश दिए। जिला गंगा समिति के अंतर्गत डीएफओ द्वारा अवगत कराया गया कि गोमती नदी के किनारे 16 में से 16 गांव ओडीएफ प्लस हो गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि हाइवे के किनारे कूड़ा नहीं दिखना चाहिए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा गोमती नदी के तटवर्ती ग्रामों में जैविक कृषि पद्धति तथा जल संचयन सम्बन्धित सिंचाई पद्धतियों को बढ़ावा दिए जाने के निर्देश दिए गए। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु सभी ग्राम पंचायतों को भूमि उपलब्ध कराने तथा जहां भूमि उपलब्ध हो चुकी है उसमें आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, डीएफओ, अपर जिलाधिकारी मुख्य चिकित्साधिकारी, एआरटीओ सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन कनविक्शन के तहत दिलदार खां को 2 साल की जेल 5 हजार का लगा जुर्माना

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली पुलिस ने ''ऑपरेशन कनविक्शन'' अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस की पैरवी पर न्यायालय ने मादक पदार्थों के साथ एक आरोपी दिलदार खां को 2 साल की जेल और 5,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। यह मामला 2019 का है। तब दिलदार खां को थाना पूरनपुर क्षेत्र में 2 किलो डोडा चूर्ण के साथ गिरफ्तार किया था। इस घटना के संबंध में मुकदमा संख्या 470/2019 दर्ज किया गया था। आरोपी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 8/15 स्वापक औषधि और मनके तहत मामला दर्ज किया गया था उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक द्वारा संचालित ''ऑपरेशन कनविक्शन'' के अंतर्गत इस मामले को प्राथमिकता दी गई। पूरनपुर की मॉनिटरिंग सेल ने अदालत में मजबूत पैरवी की। पुलिस की ओर से गवाहों ने आरोपी के खिलाफ सबूत प्रस्तुत किए इन सबूतों के आधार पर न्यायाधीश ने दोषी ठहराया और सजा सुनाई। इस सफलता में अभियोजक,मॉनिटरिंग,सेल प्रभारी निरीक्षक और कोर्ट मुहर्रिर का महत्वपूर्ण योगदान रहा यह केस पूरनपुर पुलिस की कड़ी मेहनत और प्रभावी कानूनी रणनीति का उदाहरण है। इससे स्पष्ट होता है कि पुलिस अपराधियों को सजा दिलाने में कितनी प्रतिबद्ध है।

## डीएम ने जिला आयुष समिति की बैठक में मरीजों को सुविधायें प्रदान करने का दिया निर्देश

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आयुष समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम उपलब्ध धनराशि एवं व्यय धनराशि की समीक्षा की। इसके उपरांत उन्होंने निर्माणाधीन आयुष चिकित्सालयों, चिकित्सालयों के उच्चारण एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर की भौतिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अब्दुल बारी ने जानकारी देते हुये कहा कि जनपद में वर्तमान समय में अठारह आयुर्वेदिक चिकित्सालय, नौ यूनानी चिकित्सालय और बाइस होम्योपैथी चिकित्सालय संचालित हैं। इसके अतिरिक्त बारह आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर संचालित है।

## गजरौला थाना क्षेत्र में बुजुर्ग महिला से बदसलूकी, पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

पीलीभीत। गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव में बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। पीड़िता ने गुरुवार दोपहर लगभग 1 बजे घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वह दूसरे गांव सकरिया में सामान खरीदने जा रही थी। रास्ते में गांव के ही दो युवक मिले। महिला ने उन्हें रोककर उनके पिता की शिकायत की और कहा कि उनके पिता ने उसके अश्लील फोटो खींचे हैं जो मोबाइल में मौजूद हैं। महिला ने युवकों से फोटो डिलीट करने को कहा। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर दोनों युवकों ने महिला के साथ बदसलूकी की। महिला का कहना है कि आरोपियों ने उसके सीने पर हाथ चलाते हुए मारपीट की और गुप्तांग पर लात मार दी। यही नहीं, धमकी दी कि वह उसकी हत्या करा देंगे। घटना के बाद पीड़िता किसी तरह घर पहुंची और गजरौला थाना पुलिस से शिकायत दर्ज कराई। लेकिन पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने कई घंटे बीत जाने के बावजूद आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे दबंगों के हौसले बुलंद हैं।

# नंदगाँव तीज प्रतियोगिता की क्वीन बनी अंजू

कैनविज टाइम्स संवाददाता




चांदा/सुल्तानपुर। बुधवार को चांदा हाइवे स्थित नन्दगाँव ढाबा में तीज क्वीन उत्सव में महिलाओं ने विधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी लम्भुआ अब्दुस सलाम की पत्नी फराह खान रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत बालिका हिमांशु यादव द्वारा गणेश वन्दना से किया गया। जिसके उपरांत गायन नृत्य सहित महिलाओं द्वारा कई प्रकार से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मनमोहक प्रस्तुति पूरा नन्दगाँव सांस्कृतिक वातावरण में डूबा रहा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महिलाओ ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बतौर जज फराह खान ज्योति व जूही रहीं। उनके द्वारा तीज क्वीन के रूप में अंजू तिवारी को चुना गया। संचालिका डॉ पल्लवी के साथ जजो ने तीज क्वीन को ताज पहनाकर गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

बता दे कि नन्दगाँव ने समय समय पर महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। वही महिलाओ के स्वालम्बन के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण के तौर पर यहा महिलाये कार्य भी करती है।

बुधवार को तीज उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम युवतियों व महिलाओ द्वारा प्रस्तुत किया गया। वही अच्छी प्रस्तुति पर नन्दगाँव की निदेशक डॉ पल्लवी द्वारा मुख्य अतिथि फराह खान पत्नी अब्दुस सलाम खान सीओ लम्भुआ के हाथो से पुरस्कृत भी कराया गया। वही नृत्य में शिल्पा को प्रथम स्थान गायन में पंकज तिवारी सहित सभी को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में यादवेश सुरेश नेता उमेश शर्मा दिनेश शुक्ला संजय तिवारी पवन यादव चन्दन आदि सहित बड़ी संख्या में महिलाये मौजूद रही।

## थाना संग्रामपुर पुलिस ने पति की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर महिला की खोजबीन में जुटी

अमेठी । जनपद अमेठी से एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है।यहां पांच बच्चों की मां अपने प्रेमी के संग फरार हो गई है।एक सप्ताह बीत जाने के बाद जब पत्नी नही मिली तो पति थाने में शिकायत करने पहुंचा।शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्जकर महिला की तलाश में जुट गई है।थाना संग्रामपुर क्षेत्र के करौंदी गांव के एक युवक का विवाह पच्चीस साल पहले हुआ था। दोनों के पांच बच्चे भी हैं। महिला को इश्क का बुखार इस कदर चढ़ा कि वह अपने पांच बच्चों को छोड़कर घर से गायब हो गई। महिला के पति का आरोप है कि वह सहजीपुर गांव के एक युवक के साथ घर छोड़कर चली गई है और अब तक वापस नही लौटी।महिला के पति ने बताया कि उनकी पत्नी बीस अगस्त की सुबह ग्यारह बजे घर से निकली थी जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला।परिवार के लोग लगातार उसकी खोजबीन करते रहे लेकिन कुछ पता नही चला।तमाम कोशिश के बाद जब पत्नी नही मिली तब थक हारकर संग्रामपुर थाने में लिखित तहरीर सौंपते हुये कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# विंध्याशरण शुक्ल ने माड़ौगढ़ की लड़ाई सुनाकर बाँधा समाँ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। तहसील क्षेत्र के देहलीबाजार में गुरुवार को आल्हा सम्राट विंध्याशरण शुक्ल ने अपनी ओजपूर्ण वाणी से आल्हा गायन प्रस्तुत कर श्रोताओं को वीररस में डुबो दिया। कार्यक्रम की शुरुआत जिले के भाजपा नेता ओमप्रकाश बजरंगी ने आल्हा गायकों को अंगवस्त्र भेंट कर की। विंध्याशरण शुक्ल निवासी जामो जनपद अमेठी ने जब माड़ौगढ़ की लड़ाई का आल्हा छेड़ा, तो पूरा पंडाल हर्र-हर महादेव के जयघोष से गूँज उठा। श्रोतागण वीररस में भावविभोर होकर देर तक ताली बजाते रहे। कार्यक्रम में प्रधान विशाल शुक्ल, अवधेश शुक्ल, कमला प्रसाद शुक्ल, रमेश विश्वकर्मा, विपिन देहाती, सरदार पाण्डेय सहित सैकड़ों लोगों ने उपस्थिति दर्ज की और लोक धरोहर इस गायन का आनंद लिया। आयोजन समिति की ओर से कृष्ण बिहारी (लल्लू) पाण्डेय और श्याम बिहारी (राजू) पाण्डेय ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार चाचा भतीजे की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक क्षेत्र के कस्बा रानीगंज में गुरुवार की सुबह एक रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार चाचा भतीजे की मौत हो गई है जो कि सुल्तानपुर जनपद के गांव मनिहारपुर गांव में मजलिस में शिरकत करने जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।थाना क्षेत्र के रानीगंज कस्बे में सुबह करीब साढ़े चार बजे एक रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में घायलों को उपचार के लिये ट्रामा सेंटर जगदीशपुर भेजवाया गया जहां पर चिकित्सकों ने दोनों लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों के पास मिले कागजात से मृतकों की पहचान हसन पुत्र मुस्तफा और अमीरुल हसन पुत्र जैनुल हसन निवासीगण ग्राम व थाना असंद्रा जनपद बाराबंकी के रूप में हुई। थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है जो कि ट्रामा सेंटर जगदीशपुर पहुंच चुके हैं। मृतकों के परिजनों की मानें तो यह लोग घर से सुबह तीन बजे के करीब सुल्तानपुर जनपद के मनिहारपुर में मजलिस में शामिल होने की के लिये जा रहे थे। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है और रोडवेज बस मारने वाली बस मौके से फरार हो गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे से रोडवेज बस की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# प्रकृति का रौद्र

जीवनदायी पानी जब अपने विकराल रूप में सामने आता है तो कितना घातक व विनाशकारी हो जाता है, इस बार की मूसलाधार मानसूनी बारिश ने हमें बता दिया है। लोग अब पानी के आवेग को देखकर डरने लगे हैं। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर व पूर्वोत्तर के हिमालयी राज्यों में बादल फटने, हिमस्खलन और मलबे के सैलाब की जो घटनाएं सामने आई हैं, उन्होंने हर किसी को भयभीत किया है। हालात ने बताया है कि हमेशा शांत रहने वाले पहाड़ भी कितना रौद्र रूप दिखा सकते हैं। इस अतिवृष्टि से सड़कों, पुलों व स्थायी संरचनाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में खड़ी फसलें तबाह हो गई हैं। जम्मू में वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से कुछ श्रद्धालुओं की मौत दुखद घटना है। बांधों से आया अतिरेक पानी रावी, ब्यास व सतलुज को विकराल बना गया, जिससे पंजाब के करीब एक दर्जन जिले जलमग्न हो गए हैं। हजारों एकड़ फसलें बर्बाद हो गई हैं। पुल बहने व सड़कें तबाह होने से जन-जीवन पंगु बनकर रह गया है। पहाड़ों के लोग हैरत में हैं कि अचानक बादल फटने की घटनाओं में ये अप्रत्याशित वृद्धि कैसे हुई है। क्या कुदरत नाराज है? क्या ये गहराते ग्लोबल वार्मिंग संकट की देन है? दरअसल, हमारे नीति-नियंता पहाड़ों के पारिस्थितिकीय तंत्र की संवेदनशीलता को महसूस नहीं करते। भूल जाते हैं कि पहाड़ों का विकास मैदानी मॉडल पर नहीं किया जा सकता। साथ ही राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के अधिकारियों की आधी-अधूरी तैयारियां भी संकट बढ़ाने वाली साबित हुई हैं। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय में दायर एक हलफनामे में, हिमाचल सरकार ने स्वीकार किया है कि पारिस्थितिक असंतुलन से निपटने के मौजूदा उपायों में कमियां रही हैं। राज्य ने इस स्थिति से निपटने के लिये एक 'व्यापक भावी कार्य योजना' तैयार करने के लिये कम से कम छह माह का वक्त मांगा है। विडंबना यह है कि प्राकृतिक आपदाओं को कम करने की तंत्र में कोई तात्कालिकता नजर नहीं आती। फिर इन आपदाओं का खमियाजा वे लोग उठाते हैं, जिनका इस स्थिति को पैदा करने में कोई रोल नहीं होता। निस्संदेह, प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति वनों की कटाई, अनियमित विकास तथा जलवायु परिवर्तन के कारकों की वजह से तेज हुई है। वास्तव में मौजूदा स्थितियों में जो कुछ करने की जरूरत है, वो किसी भी तरह कोई रॉकेट साइंस नहीं है। इस संकट के मुकाबले के लिये वैज्ञानिक व प्रशासनिक व्यवस्था की गहरी समझ रखने वाले विशेषज्ञों को शामिल करने की जरूरत है। उनकी राय और सलाह नीति-निर्माताओं का मार्गदर्शन करेगी। सरकारों को राजनीतिक और व्यावसायिक हितों को दरकिनार करते हुए, पर्यावरण संवर्धन के लिये काम करना चाहिए। हिमाचल सरकार की पहल सराहनीय है, जिसमें संकट को बढ़ाने वाली खामियों की पहचान करने हेतु अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों और सामुदायिक प्रतिनिधियों का एक कोर ग्रुप बनाने में उत्सुकता दिखायी गई है। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जोखिमों को कम करने के उपायों पर विचार-विमर्श करने हेतु विशेषज्ञों से परामर्श का आह्वान किया है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि कोर ग्रुप या समितियों की सिफारिशों को गंभीरता से लागू किया जाना चाहिए। अन्यथा पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। हमें अतीत के अनुभवों से सबक लेने की भी जरूरत है। स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में भी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपदाओं के बाद बचाव, राहत व पुनर्वास में राज्य सरकारों तथा केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के समन्वय की प्रशंसा की थी। हालिया आपदाओं के मद्देनजर ऐसा तालमेल अपरिहार्य है। जिससे आपदाओं से लोगों की आजीविका और बुनियादी ढांचे का नुकसान कम से कम किया जा सके। प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व चेतावनी प्रणाली में सुधार करना समय की जरूरत है। निस्संदेह, खतरे के जरा से भी संकेत मिलने पर प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में तनिक भी देरी नहीं की जानी चाहिए। साथ ही प्रभावित राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को आपस में मिलकर प्राकृतिक आपदाओं से जुड़ी जानकारी परस्पर साझा करनी चाहिए। वहीं पर्यावरण अनुकूल उपायों को भी बढ़ावा देना चाहिए। निस्संदेह, दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था प्राकृतिक आपदाओं के प्रकोप से होने वाली जन-धन की हानि को बर्दाश्त नहीं कर सकती है।

# विश्वगुरु बनने की नई इबारत लिखता भागवत का उद्बोधन

**हिंदुत्व को लेकर जो भ्रांतियाँ फैलाई जाती रही हैं, उन्हें भी भागवत ने तार्किक ढंग से दूर किया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व किसी संकीर्ण परिभाषा का नाम नहीं है। यह कोई धर्म विशेष की पूजा-पद्धति या संप्रदाय नहीं है। हिंदुत्व भारतीय जीवन दृष्टि है, वह व्यापक सांस्कृतिक धारा है, जिसमें करुणा, समरसता, सेवा, अहिंसा, सत्य और आत्मानुभूति का सम्मिलन है। हिंदुत्व सबको जोड़ता है, किसी को अलग नहीं करता। यह भारत की आत्मा है और इसी आत्मा के बल पर भारत को विश्वगुरु बनने की पात्रता प्राप्त हो सकती है। इस स्पष्ट व्याख्या ने उस संदेह को भी दूर किया कि संघ का हिंदुत्व राजनीतिक या सत्ता प्राप्ति का साधन है। वास्तव में यह संपूर्ण मानवता को एक सूत्र में बांधने वाली दृष्टि है, जिसमें भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं है। दूसरे दिन के वक्तव्य में भागवत ने और गहराई से विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने पंचकर्म की चर्चा करते हुए कहा कि जैसे आयुर्वेद में पंचकर्म शरीर की शुद्धि का साधन है, वैसे ही समाज की शुद्धि और पुनर्निर्माण के लिए भी पंचकर्म आवश्यक है। उन्होंने पांच आयाम बताए-चरित्र निर्माण, संगठन निर्माण, समरसता, गरीब का उत्थान और आध्यात्मिक जागरण। यह पांचों पहलू किसी भी समाज के स्थायी स्वास्थ्य और विकास के आधार हैं। केवल राजनीतिक सुधार या आर्थिक प्रगति से राष्ट्र महान नहीं बनता, बल्कि तब बनता है जब व्यक्ति का चरित्र शुद्ध हो, समाज संगठित हो, उसमें समरसता हो, कमजोर वर्ग को उत्थान मिले और राष्ट्र का जीवन उच्च आध्यात्मिक मूल्यों से संपन्न हो।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष पर दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित वार्षिक व्याख्यानमाला केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। संघ सरचालक मोहन भागवत ने इन व्याख्यानों में जिस स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, उन्होंने संघ की विचारधारा के प्रति व्याप्त भ्रांतियों का निवारण करने के साथ-साथ भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया। यह आयोजन संघ के सौ वर्ष की साधना का मूल्यांकन ही नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों की दिशा का भी उद्घोष था। नई इबारत लिखते हुए भागवत ने स्पष्ट कहा कि संघ की कार्यप्रणाली का सार है,नए मनुष्य का निर्माण। यह विचार सुनने में सरल लग सकता है, किंतु इसके निहितार्थ अत्यंत गहरे हैं। समाज और राष्ट्र की सारी समस्याओं का मूल व्यक्ति के भीतर छिपा है। इसीलिये देश के सभी वर्गों को एकसूत्र में जोड़ने के संकल्प के साथ संघ आगे बढ़ेगा क्योंकि जब तक व्यक्ति का चरित्र, दृष्टि और आचरण नहीं बदलते, तब तक कोई भी व्यवस्था स्थायी रूप से परिवर्तित नहीं हो सकती। संघ व्यक्ति-निर्माण के माध्यम से समाज और राष्ट्र को बदलने की दीर्घकालिक साधना कर रहा है। यही कारण है कि संघ के कार्य का परिणाम केवल शाखाओं या कार्यक्रमों में नहीं मापा जा सकता, बल्कि उस अदृश्य लेकिन ठोस नैतिक शक्ति में देखा जा सकता है, जो धीरे-धीरे समाज की दिशा बदल रही है। हिंदुत्व को लेकर जो भ्रांतियाँ फैलाई जाती रही हैं, उन्हें भी भागवत ने तार्किक ढंग से दूर किया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व किसी संकीर्ण परिभाषा का नाम नहीं है। यह कोई धर्म विशेष की पूजा-पद्धति या संप्रदाय नहीं है। हिंदुत्व भारतीय जीवन दृष्टि है, वह व्यापक सांस्कृतिक धारा है, जिसमें करुणा, समरसता, सेवा, अहिंसा, सत्य और आत्मानुभूति का सम्मिलन है। हिंदुत्व सबको जोड़ता है, किसी को अलग नहीं करता। यह भारत की आत्मा है और इसी आत्मा के बल पर भारत को विश्वगुरु बनने की पात्रता प्राप्त हो सकती है। इस स्पष्ट व्याख्या ने उस संदेह को भी दूर किया कि संघ का हिंदुत्व राजनीतिक या सत्ता प्राप्ति का साधन है। वास्तव में यह संपूर्ण मानवता को एक सूत्र में बांधने वाली दृष्टि है, जिसमें भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं है। दूसरे दिन के वक्तव्य में भागवत ने और गहराई से विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने पंचकर्म की चर्चा करते हुए कहा कि जैसे आयुर्वेद में पंचकर्म शरीर की शुद्धि का साधन है, वैसे ही समाज की शुद्धि और पुनर्निर्माण के लिए भी पंचकर्म आवश्यक है। उन्होंने पांच आयाम बताए-चरित्र निर्माण, संगठन निर्माण, समरसता, गरीब का उत्थान और आध्यात्मिक जागरण। यह पांचों पहलू किसी भी समाज के स्थायी स्वास्थ्य और विकास के आधार हैं। केवल राजनीतिक सुधार या आर्थिक प्रगति से राष्ट्र महान नहीं बनता, बल्कि तब बनता है जब व्यक्ति का चरित्र शुद्ध हो, समाज संगठित हो, उसमें समरसता हो, कमजोर वर्ग को उत्थान मिले और राष्ट्र का जीवन उच्च आध्यात्मिक मूल्यों से संपन्न हो। विशेष रूप से गरीब आदमी के उत्थान पर भागवत का जोर उल्लेखनीय था। उन्होंने कहा कि भारत तभी सशक्त होगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान और अवसर पहुंचे। यह विचार महात्मा गांधी के 'अंत्योदय', विनोबा भावे के 'सर्वोदय' और दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' की पुनर्स्मृति कराता है। आधुनिक भारत की सबसे बड़ी चुनौती यही है कि विकास के लाभ समाज के सभी तबकों तक समान रूप से नहीं पहुंचते। अमीर-गरीब की खाई बढ़ती जा रही है। यदि इस खाई को नहीं भरा गया, तो राष्ट्र की प्रगति अधूरी रह जाएगी। भागवत का दृष्टिकोण यह है कि राष्ट्र तभी महान बन सकता है जब उसका सबसे कमजोर नागरिक भी गरिमा और सम्मान के साथ जीवन जी सके। धर्मों की एकता पर उनका दृष्टिकोण भी उतना ही महत्वपूर्ण था। भारत का इतिहास यही बताता है कि यहां विविधता में एकता की परंपरा रही है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन-सभी धर्म इस भूमि पर फले-फूले हैं और सभी का मूल संदेश करुणा, सेवा और मानवता रहा है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब धर्म को सत्ता की राजनीति से जोड़ा जाता है। भागवत का कहना था कि यदि हम धर्मों के मूल्यों को देखें तो उनमें कोई टकराव नहीं है। सबका आधार प्रेम, सत्य और सेवा है। यही साझा आधार भारत को एक ऐसा समाज बनाने में सक्षम है, जो विश्व के लिए अनुकरणीय हो। भागवत के विचार निश्चित रूप से भारत की सांस्कृतिक परंपरा और संघ की कार्यप्रणाली को नई स्पष्टता देते हैं, लेकिन यहां यह प्रश्न भी उठता है कि इन विचारों को व्यवहार में उतारने की राह कितनी सरल है? समाज की जटिलताओं, जातीय और धार्मिक तनावों, राजनीतिक स्वार्थों और आर्थिक विषमताओं के बीच नया मनुष्य बनाना एक दीर्घकालिक साधना है। आलोचक कहते हैं कि संघ के पास विचार तो हैं, लेकिन उनकी जड़ें अभी तक समाज के सभी वर्गों तक गहराई से नहीं पहुँची हैं। विशेषकर अल्पसंख्यक समुदायों में संघ के प्रति संदेह आज भी विद्यमान है। इसलिए केवल वक्तव्यों से नहीं, बल्कि ठोस और पारदर्शी कार्यों से यह भरोसा पैदा करना होगा कि संघ का हिंदुत्व वास्तव में सर्वसमावेशी है। इसी तरह गरीब के उत्थान और धर्मों की एकता की बातें विचारणीय हैं, किंतु यह भी देखना होगा कि क्या संघ और उससे जुड़े संगठन इस दिशा में ठोस योजनाएं और परिणाम दे पा रहे हैं? आलोचक यह प्रश्न उठाते हैं कि विकास की मुख्यधारा में गरीबों की स्थिति सुधारने में सामाजिक संगठनों से अधिक भूमिका सरकार की रही है। अतः यदि संघ इन बिंदुओं को अपनी कार्ययोजना का मूल बनाए, तो उसे केवल नैतिक आह्वान से आगे बढ़कर व्यावहारिक नीतियां और कार्यक्रम तैयार करने होंगे। तभी यह दृष्टि प्रभावी सिद्ध होगी और भारत सचमुच उस दिशा में बढ़ सकेगा, जिसकी परिकल्पना व्याख्यानमाला में की गई। आज की वैश्विक परिस्थितियों पर दृष्टि डालें तो भागवत के विचार और भी प्रासंगिक हो उठते हैं। दुनिया हिंसा, आतंकवाद, युद्ध और उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ से त्रस्त है। पर्यावरण संकट दिन-प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है। मानसिक तनाव और आत्मकेंद्रित जीवन-शैली ने मानव को भीतर से खोखला कर दिया है। इन परिस्थितियों में भारत ही वह देश है, जो एक वैकल्पिक जीवन-दर्शन दे सकता है। भारत के पास भौतिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक समृद्धि की धरोहर है। यही धरोहर भारत को विश्वगुरु बनने की पात्रता प्रदान करती है। संघ की शताब्दी वर्ष की यह व्याख्यानमाला केवल संघ के स्वयंसेवकों के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश और विश्व के लिए एक संदेश है। यह संदेश है-नए मनुष्य का निर्माण करना, गरीब को उठाना, धर्मों को जोड़ना, समाज में समरसता स्थापित करना और हिंदुत्व की व्यापक जीवन दृष्टि के आधार पर विश्व को दिशा देना। यह केवल भाषण नहीं, बल्कि एक संकल्प है। यदि भारत को सचमुच विश्वगुरु बनना है, तो यह संकल्प पूरे समाज का होना चाहिए। संघ को लेकर लंबे समय से यह आरोप लगाया जाता रहा है कि उसकी विचारधारा संकीर्ण है, वह केवल बहुसंख्यक समाज का प्रतिनिधित्व करता है, उसमें अल्पसंख्यकों के लिए कोई स्थान नहीं है। भागवत के इन वक्तव्यों ने यह स्पष्ट कर दिया कि संघ का दृष्टिकोण न तो संकीर्ण है और न ही बहिष्कृत करने वाला। संघ का हिंदुत्व सर्वसमावेशी है, जिसमें सभी धर्म और सभी आस्थाएं स्थान पा सकती हैं। इसका उद्देश्य सत्ता की राजनीति नहीं, बल्कि समाज का नैतिक और सांस्कृतिक पुनर्निर्माण है। संघ की शताब्दी का यह अवसर इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि आज भारत का भविष्य एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। एक ओर आर्थिक प्रगति, तकनीकी उपलब्धियां और वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा है, तो दूसरी ओर आंतरिक चुनौतियां भी हैं-सामाजिक असमानता, जातीय तनाव, धार्मिक विद्वेष और मूल्यहीन राजनीति। इन चुनौतियों का समाधान केवल बाहरी सुधारों से नहीं, बल्कि भीतर से परिवर्तन लाने से होगा। यही संघ की कार्यप्रणाली है और यही भागवत का संदेश है। नये क्षितिज की ओर व्याख्यानमाला एक निष्कर्ष की ओर ही नहीं, बल्कि एक प्रश्न की ओर भी ले जाती है, क्या हम भारत को केवल भौतिक अर्थों में शक्तिशाली बनाना चाहते हैं या उसे वास्तव में विश्वगुरु बनाना चाहते हैं? यदि उत्तर दूसरा है, तो हमें भागवत के सन्देश को क्रियानविति का धरातल देना ही होगा। दुनिया के लिये अपनेपन का नजरिया विकसित करना होगा, सौदे का नहीं। **–ललित गर्ग**

# खनिज उत्खनन से होगा रोजगार का हल

**प्रमोद भार्गव**

दुनिया तकनीकी प्रकृति चाहे जितनी कर ले, अंततः उसकी आर्थिक उन्नति, प्रगति एवं विकास के हल प्राकृतिक संपदा में ही निहित हैं। भारत हो या कोई अन्य देश खनिज और कृषि के बूते ही उन्नति के शिखर छूते हैं। इस दृष्टि से भारत भूमि को कुदरत ने अटूट प्राकृतिक संपदा दी हुई है। इस संपदा का उत्खन्न और उसका उपयोग मप्र के लोगों के लिए हो इस नजरिए से कटनी में खनिज कॉन्क्लेव संपन्न हुआ है। यह षुरूआत मप्र को 'खनिज राज्य' के रूप में विकसित करने की मुख्यमंत्री मोहन यादव की अहम् पहल हैं। इसी के फलस्वरूप खनिज कंपनियों द्वारा 56,414 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्रदेश सरकार को मिले हैं। वाकई किसी भी प्रदेश के लिए व्यवसायियों की यह रुचि नई ऊर्जा देकर उत्साहित करने वाली है। आधुनिक तकनीक से खनिजों का खनन एक ऐसा कारोबार हैं, जो निवेशकों को लाभदायी साबित होता हैं। दुर्लभ खनिजों की खोज और फिर उनका प्रसंस्करण एवं संवर्धन ऐसा उपाय है, जो कुशल और अकुशल दोनों ही लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार देता है। अब प्रदेश में कारगर उत्खनन के लिए एआई, आईओटी, ब्लॉक चेन, रिमोट सेंसिंग की मदद से दुर्लभ खनिजों के अनुसंधान में मदद मिलेगी। दुर्लभ खनिजों के उत्खनन में संसद के मॉनसून सत्र में माइंस और मिनरल्स संशोधन विधेयक भी पारित हो चुका है। इस नए कानून से व्यवसायियों को लीज पर खनन करने के लिए बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के लिथियम, कोबाल्ट, निकल, हीरा जैसे दुर्लभ खनिजों के उत्खनन की सुविधा भी मिल गई हैं। भारत इन खनिजों के लिए अब तक चीन पर निर्भर था, लेकिन चीन ने इनके निर्यात पर रोक लगा दी थी। यही वे खनिज हैं, जो क्वांटम कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक कारों की बैटरी और अंतरिक्ष उपकरणों में काम आते हैं। हालांकि ट्रंप द्वारा लगाए गए अनर्गल टैरिफ के बाद चीन ने भारत को उपरोक्त खनिज देने का वादा कर दिया है। लेकिन भारत ने अब खनिज क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का अभियान चलाया हुआ है। क्योंकि भारत की धरती पर इस नजरिए से प्रचुर मात्रा में धरती के गर्भ में हर तरह के खनिज मौजूद हैं। इसीलिए भारत अब अपनी षर्तों पर विकसित देशों के साथ व्यापार भी करेगा। मोहन यादव द्वारा कटनी कॉनक्लेव अत्यंत महत्वपूर्ण है। मप्र की धरती में खनिजों की खजाना भरा पड़ा है। इसके दोहन के लिए उद्योगपति बेरकरार रहे हैं। इसीलिए कटनी कॉन्क्लेव में देशभर के करीब 1500 निवेशक शामिल थे। इनकी समस्याओं के हल के लिए यादव ने खनिज विशेषज्ञों और निवेशकों के साथ वन-टू-वन चर्चा की। यहां की धरती हीरा और सोना तो उगलती ही है, तांबे और चूने का यहां सबसे ज्यादा उत्पादन होता है। कटनी में जहां चूने के भंडार हैं, वहीं षडहोल और उमरिया में कोयला एवं बॉक्साइड, छिंदवाड़ा में कोयला, बैतूल में ग्रेफाइड और सतना में सिमेंट के भंडार भरे पड़े हैं। प्रदेश में अब मजबूत सड़कों का जाल भी बिछ चुका है। यहां पांच लाख किमी लंबी सड़कें हैं। प्रदेश में अब कोयला और पानी से बिजली के उत्पादन के अलावा सौर ऊर्जा से भी बड़ी मात्रा में बिजली बन रही है। इस कारण बिजली प्रदेश की जरूरत से कहीं अधिक उत्पादित हो रही है। प्रदेश में ईंधन के खनन के लिए 12 क्षेत्र चिन्हित किए हैं। कोयला आधारित 37 प्रतिशत मीथेन का उत्पादन प्रदेश में हो रहा है। जबलपुर में सोने के नए भंडार मिले हैं। ग्रेफाइट सहित 30 दुर्लभ खनिज तत्वों की खोज की गई है। इनके उत्खनन व प्रसंस्करण के बाद लीथियम और लौह अयस्क के लिए सीधी में एक क्षेत्र चिन्हित कर दिया गया है। प्रदेश में एक लाख एकड़ से अधिक भूमि बैंक चिन्हित हैं। इन सभी क्षेत्रों में बिजली जरूरत से ज्यादा उपलब्ध है। 20 प्रतिशत इन क्षेत्रों में हरित ऊर्जा उपलब्ध हैं, जो प्रदूषण से मुक्त है। प्रदेश का 2030 तक एनर्जी बास्केट में 50 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया हुआ है। प्रदेश में ज्यादातर खनिज ऐसे क्षेत्रों में हैं, जहां सस्ता श्रम आसानी से उपलब्ध है। प्रदेश में 5000 से अधिक स्टार्टअप काम कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने उद्योगपतियों को उद्योग लगाने के लिए 18 नई व्यापार मित्र नीतियां लागू की हैं। इन नीतियों ने उद्योग लगाना सरल कर दिया है। इन नीतियों के अमल में आने से सिंघल बिजनेस ने कोयला, गैस एवं नवीकरणीय ऊर्जा में 15000 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव दिए हैं। इसी तरह हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड तांबे का उत्खनन करेगी।

## सेहत मंत्र

# कोयले की आंच में पके फूड्स खाने से दिल की बीमारियों का खतरा

खाना पकाने के लिए पुराने समय से ही कोयले का प्रयोग किया जाता रहा है। एलपीजी गैस की पहुंच से दूर लाखों लोग अभी भी कोयले में ही खाना पकाते हैं। शहरों में भी बाटी-चोखा, भुट्टा और कई तरह के फूड्स अभी भी कोयले की आंच में ही बनाए जाते हैं। लेकिन एक नए अध्ययन में पता चला है कि कोयला, लकड़ी या चारकोल की आंच में बना खाना खाने से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ये अध्ययन ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में किया गया है। अध्ययनकर्ता डेरिक बेनेट ने कहा, ''हमारे अध्ययन में यह सुझाव दिया गया है कि जो लोग खाना पकाने के लिए ठोस ईंधन का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें जल्द से जल्द बिजली या गैस का इस्तेमाल करना चाहिए।'' **ठोस ईंधन का इस्तेमाल है खतरनाक**: अध्ययनकर्ताओं ने सुझाव दिया कि खाना पकाने के लिए कोयला, लकड़ी और चारकोल जैसे ठोस ईंधन का इस्तेमाल करने से वायु प्रदूषण तो बढ़ता ही है, साथ ही इससे दिल की बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। कई लोगों में ये असमय मृत्यु का कारण बनता है। अध्ययन के लिए वर्ष 2004 से वर्ष 2008 के बीच चीन के 10 इलाकों से 3,41,730 लोगों को चुना गया, जिनकी उम्र 30 साल से 79 साल के बीच थी। **बढ़ जाता है हार्ट डिजीज का खतरा**: शोध में पाया गया कि लंबे समय तक खाना बनाने के लिए ठोस ईंधन के इस्तेमाल से दिल की बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ गया। हालांकि इस बात के सीमित साक्ष्य हैं मगर ये दावा इस आधार पर किया गया है कि कोयला, लकड़ी या अन्य ठोस ईंधनों से उठने वाले धुंए का दिल और फ़ेफड़ों पर असर पड़ता है। इसके अलावा रोटी, मकई या अन्य आहार को सीधे ईंधन की आंच में पकाने से उनपर राख और कार्बन के कण चिपक जाते हैं, जो सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# युद्ध का मैदान छोड़ कर भागने पर कृष्ण कहलाये रणछोड़ उसी का प्रतीक है रणछोड़ मंदिर

द्वारका में द्वारिकाधीश मंदिर के अतिरिक्त श्री कृष्ण जी का एक और भी भव्य मंदिर है जो उनसे जुड़ी एक रोचक कथा का प्रतीक है जिसके चलते इस मंदिर को रणछोड़ जी महराज के मंदिर के नाम से पुकारा जाता है। यहां गोमती के दक्षिण में पांच कुंए है। निष्पाप कुण्ड में नहाने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालु इन पांच कुंओं के पानी से कुल्ले करते है और तब रणछोड़जी के मन्दिर में प्रवेश करते है। रणछोड़जी का मन्दिर द्वारका का सबसे बड़ा और सबसे सुंदर मन्दिर माना जाता है। रण का मैदान छोड़ने के कारण यहां भगवान कृष्ण को रणछोड़जी कहते हैं। मंदिर में प्रवेश करने पर सामने ही कृष्ण जी की चार फुट ऊंची भव्य मूर्ति है, जो चांदी के सिंहासन पर विराजमान है। यह मूर्ति काले पत्थर से निर्मित है जिसमें हीरे-मोती से भगवान की आंखे बनी हैं और पूरा श्रंगार किया गया है। मूर्ति ने सोने की ग्यारह मालाएं गले में पहनी हुई हैं और भगवान को कीमती पीले वस्त्र पहनाये गए है। इसके चार हाथ है, जिनमें से एक में शंख, दूसरे में सुदर्शन चक्र, तीसरे में गदा और चौथे में कमल का फूल शोभायमान है। मुर्ति में रणछोड़ जी के सिर पर सोने का मुकुट सजा है। मंदिर में आने वाले भगवान की परिक्रमा करते है और उन पर फूल और तुलसी दल अर्पित करते हैं। मंदिर की चौखटों पर चांदी के पत्तर मढ़े हुए है, और छत से कीमती झाड़-फानूस लटक रहे हैं। एक तरफ ऊपर की मंजिल पर जाने के लिए सीढ़ियां है। सात मंजिल के इस मंदिर की पहली मंजिल पर अम्बादेवी की मूर्ति स्थापित है। कुल मिलाकर यह मन्दिर एक सौ चालीस फुट ऊंचा है।

## पर्यटन



# अमृतसर का मीठा पानी बनाता है यहां के हर एक स्वाद को निराला

गोल्डेन टेंपल, जलियांवाला बाग और फुलकारी कपड़ों के अलावा अमृतसर में टूरिस्ट को जो चीज सबसे ज्यादा आकर्षित करती है, वह है यहां का खानपान। जो है बिल्कुल अलग और लजीज। आध्यात्मिक नगरी अमृतसर का कण-कण वीरता, पराक्रम, त्याग एवं बलिदान का प्रतीक है। समृद्ध विरासत, ऐतिहासिक धरोहरों और विश्र्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक स्थल श्री हरिमंदिर साहिब के इस पावन शहर को गुरु साहिबान की मेहर प्राप्त है। संभवतः ऐसा विरला ही होगा जो इस ऐतिहासिक शहर की महत्ता से परिचित न हो। पर्यटन की दृष्टि से पूरी तरह डेवलप अमृतसर शहर में श्री हरिमंदिर साहिब, श्री दुर्ग्याणा तीर्थ, शहीद स्थली जलियांवाला बाग, अटारी सीमा, किला गोबिंदगढ़ जैसे ऐतिहासिक जगहों को देखने देश-विदेश से रोजाना लगभग एक लाख टूरिस्ट आते हैं। टूरिस्ट को इन जगहों के अलावा जो चीज सबसे ज्यादा आकर्षित करती है, वह है अमृतसर का खानपान। अंबरसरी कुलचाः वैसे तो आलू का कुलचा देश में ज्यादातर जगहों पर मिलता है, लेकिन जो स्वाद अमृतसर में बने कुचले का है, वैसा कहीं नहीं। आपने अपने शहर में फूड कॉर्नर पर अक्सर 'अंबरसरी' कुलचा लिखा देखा होगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि अंबरसरी कुल्चे का अपना अलग ही स्वाद है। अमृतसर में कुलचे की सैकड़ों दुकानें हैं। यहां तक कि कई दुकानदार रेहड़ियों पर तंदूर लगाकर भी कुलचे तैयार करते हैं। अंबरसरी कुलचा बनाने वाले 'कुलचा लैंड' के संचालक सिमरजीत सिंह बताते हैं कि उनकी चौथी पीढ़ी इस काम में जुटी है। उनके दादाजी हुक्म सिंह ने कुलचे का कारोबार शुरू किया था। वह कहते हैं, 'उनके बाद मेरे पिता दीवान सिंह और अब मैं व मेरे बच्चे कुलचे बनाते हैं। आलू, पनीर, गोभी व प्याज से बनने वाले कुलचों की खुशबू ही लोगों को आकर्षित करती है। उसके साथ सफ़ेद चने, मूली व प्याज की चटनी इसे और जायकेदार करती है। अमृतसर में बनने वाला कुलचा इसलिए टेस्टी होता है, क्योंकि यहां का पानी मीठा है। असल में कुलचे का असली जायका अमृतसर में ही मिलता है।

# उत्पीड़न की हर शिकायत पर तुरंत मुकदमा दर्ज हो : महिला आयोग अध्यक्षा

## कोई भी महिला की फरियाद अनसुनी नहीं रहेगी : डॉ. चौहान




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा0 अध्यक्षा डॉ. बबीता सिंह चौहान ने गुरुवार को बाराबंकी का दौरा कर महिलाओं से जुड़ी समस्याओं की जनसुनवाई की। डीआरडीए सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में 13 महिलाएं शिकायतें लेकर पहुंचीं और न्याय की गुहार लगाई। डॉ. चौहान ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्पीड़न से जुड़े मामलों में त्वरित मुकदमा दर्ज कर पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि आयोग का उद्देश्य यही है कि गांव-गांव और गली-गली तक महिलाओं की समस्याओं को सुना जाए और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो।

उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता योजना में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने माना कि उद्योग और व्यवसाय को लेकर महिलाओं की जानकारी और उत्साह अभी सीमित है, जिसे बदलने की आवश्यकता है। इसके लिए महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, कंप्यूटर व अन्य हुनरमंद प्रशिक्षण से जोड़े जाने की बात कही। साथ ही विशेष कौशल विकास केंद्र खोले जाने पर भी विचार किया जा रहा है। महिला सुरक्षा के संदर्भ में उन्होंने ई-रिक्शा छेड़छाड़ की घटना का उल्लेख करते हुए स्पष्ट कहा कि प्रत्येक वाहन पर चालक का नाम और मोबाइल नंबर अंकित होना आवश्यक है तथा अधिकारियों को तत्काल इस नियम का पालन कराने का निर्देश दिया।

डॉ. चौहान ने महिला हेल्पलाइन 1090 और 181 की कार्यप्रणाली की समीक्षा कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सभी थानों में महिला डेस्क को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा ताकि पीड़िताएं बिना भय अपनी शिकायत दर्ज करा सकें। जनसुनवाई और समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की व्यवस्थाओं पर चिंता जताते हुए छात्राओं के साथ भोजन कर वास्तविक स्थिति का आकलन करने की बात कही। गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने तथा आशा बहुओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अधिक संवेदनशील बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना और कार्यस्थल पर शोषण जैसी समस्याओं को लेकर कानूनी साक्षरता शिविर आयोजित किए जाएंगे और पीड़िताओं की शिकायतों का निस्तारण फास्ट ट्रैक मोड पर कराया जाएगा। अपने दौरे के दौरान डॉ. चौहान ने जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण किया और ल्लजागो री जागोङ्क संस्था के कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसूता महिलाओं को स्वच्छता बेबी किट और फल वितरित किए। इसके बाद जिला कारागार का निरीक्षण कर महिला बंदियों से पढ़ाई-लिखाई, स्वास्थ्य और समस्याओं पर बातचीत की। उन्होंने जेल परिसर में आम का पौधा रोपा, गौशाला का निरीक्षण किया और बछड़ों को बिस्किट खिलाए। जेल प्रशासन की व्यवस्थाओं पर वह संतुष्ट नजर आईं। जनसुनवाई और विभिन्न कार्यक्रमों में एडीएम (न्यायिक) इन्द्रसेन, एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी, सीओ सुश्री गरिमा पंत, जिला प्रोबेशन अधिकारी, महिला थाना प्रभारी सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। डॉ. चौहान ने अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि जिले की व्यवस्थाएं संतोषजनक एवं परफ़ेक्ट हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि महिलाओं से जुड़ी समस्याओं पर किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी और उन्हें न्याय दिलाने में शासन व आयोग पूरी गंभीरता से कार्य करेंगे।

### राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा ने की बाराबंकी पुलिस की सराहना

बाराबंकी। राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा डॉ बबीता चौहान ने जनपद पुलिस के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जिले की पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, जागरूकता और न्याय दिलाने की दिशा में उल्लेखनीय काम कर रही है। महिला सुरक्षा अभियानों को लेकर उन्होंने विशेष रूप से महिला पुलिस उपाधीक्षक सुश्री गरिमा पंत की सराहना करते हुए कहा सुश्री गरिमा पंत का समर्पण और प्रयास न केवल महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा जगा रहे हैं, बल्कि न्याय तक पहुँच आसान बना रहे हैं।ङ्क उन्होंने आगे कहा ल्लबाराबंकी पुलिस महिलाओं को जागरूक करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए जिस तरह कार्य कर रही है, वह पूरे प्रदेश के लिए मिसाल है।ङ्क सुश्री चौहान ने विश्वास जताया कि जिले की पुलिस का यह सक्रिय और संवेदनशील रवैया आगे भी जारी रहेगा और महिला सुरक्षा की दिशा में यह टीम एक आदर्श प्रस्तुत करेगी।

# पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालयों का एडीओ पंचायत ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### मानदेय भुगतान व बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

मसौली (बाराबंकी) । ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों और मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेने के लिए सहायक विकास अधिकारी पंचायत (एडीओ पंचायत) जानकीराम ने गुरुवार को बड़ागांव, नसीरनगर एवं नेवला करसंडा ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालयों तथा लाइब्रेरी का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को कई निर्देश दिए।पंचायत भवन बड़ागांव में एडीओ पंचायत ने सबसे पहले लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। यहां अध्ययनरत बच्चों से संवाद करते हुए उन्होंने बच्चों से उपलब्ध पुस्तकों की जानकारी ली और अनुपलब्ध पुस्तकें उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।बच्चों ने इस दौरान वाई-फाई की दिक्कतों की शिकायत की। जिस पर एडीओ पंचायत ने ग्राम पंचायत विकास अधिकारी जैसराम को निर्देश दिया कि वाई-फाई सेवा को सुचारू और बेहतर बनाया जाए। एडीओ पंचायत ने पंचायत सहायक सैय्यदा बानो को फैमिली आईडी व रेट्रोफिटिंग कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं, सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण करते हुए आसपास उगी हुई घास को तत्काल साफ करने के निर्देश केयरटेकर फूलमती को दिए गए। साथ ही उन्हें शौचालय को नियमित रूप से खोलने और साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद भी मौजूद रहे।इसी क्रम में एडीओ पंचायत ने ग्राम पंचायत नसीरनगर और नेवला करसंडा में स्थित सामुदायिक शौचालयों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां ओवरहेड टैंक, पानी की व्यवस्था, वॉश बेसिन तथा अन्य सुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान केयरटेकरों ने मानदेय के बकाये की शिकायत की। इस पर एडीओ पंचायत ने उन्हें आश्वस्त किया कि शीघ्र ही उनका मानदेय भुगतान कराया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमाकांत वर्मा, मित्तल कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ज़िला अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी को लेकर भाकियू हरपालगुट ने सौंपा मांगपत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन हरपालगुट के जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी, किसान नेता सुनील, जिला महासचिव अरविंद यादव, रामानंद यादव व चौबे ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एक मांगपत्र सौंपा।जिला अध्यक्ष विक्रांत सैनी ने बताया कि बाराबंकी के जिला अस्पताल व महिला अस्पताल में एनेस्थीसिया (बेहोशी) विशेषज्ञ डॉक्टर की उपलब्धता न होने के कारण गर्भवती महिलाओं के ऑपरेशन नहीं हो पा रहे हैं। इससे मजबूर होकर मरीजों को निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जहां उनसे मनमाने ढंग से मोटी रकम वसूली जाती है।इसके अतिरिक्त जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड व हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की भी कमी है, जिसके कारण मरीजों को निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है। समय पर समुचित इलाज न मिलने की स्थिति में कई बार मरीजों की मृत्यु तक हो जाती है।उन्होंने मांग की कि जिला अस्पताल में तत्काल डॉक्टरों की व्यवस्था की जाए, ताकि मरीजों का सही समय पर उपचार संभव हो सके।इस पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने तत्काल महिला सीएमएस को फोन कर निर्देश दिया कि किसी भी मरीज को दिक्कत नहीं होनी चाहिए और डॉक्टर को बुलाकर तुरंत उपचार सुनिश्चित किया जाए।

# विकलांग बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें : जैनेन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। हर अभिभावक की जिम्मेदारी है कि दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चो की तरह जीवन जीने के लिए स्कूल अवश्य भेजे क्योंकि समावेशी शिक्षा के मॉडल को मजबूत बनाने के लिए दिव्यांग बालकों को सामान्य बालकों के साथ पढ़ने से उन्हें बेहतर माहौल मिलेगा। उक्त बातें खण्ड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार ने ब्लॉक संसाधन केंद्र बड़ागांव पर समेकित शिक्षा के इनवायरमेंट बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का पैरेंटस काउंसिलिंग कार्यक्रम में व्यक्त की उन्होंने कहा कि यदि आपका बच्चा पढ़ लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर अथवा किसी भी नौकरी में जाना चहेगा तो उसके लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था है कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव के क्लास 3 के मयंक ने कविता सुनाकर तालियां बटोरी। ब्लॉक मसौली के स्पेशल एजुकेट कमलेश कुमार ने पेरेंटस काउंसलिंग में दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र की उपयोगिता ,लाभ ,स्कॉट अलाउंस, सटाइपेंड मेजरमेंट कैंप मेडिकल एसेसमेंट कैंप आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की। स्पेशल एजुकेटर एकता सक्सेना के द्वारा बच्चों को दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की सुविधाओं व दिव्यांगता के बारे में एवं सलोनी मिश्रा द्वारा दिव्यांगता के प्रकार एवं उनके निराकरण के बारे में अभिभावकों द्वारा चर्चा कर विचारों का आदान-प्रदान भी किया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस मौके पर कार्यालय कर्मचारी जितेंद्र दीक्षित, पावेल राज,शिवानी गौतम, विनोद वर्मा, सुनील कुमार, अजय दीक्षित सहित अभिभावक भी मौजूद रहे।

# हैदरगढ़ में दर्दनाक हादसा : युवक नहर में कूदा, 24 घंटे बाद भी लापता


### पुलिस अधिकारियों के साथ उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा एवं राजस्व टीम मौके कर

### भाई ने किसी भी तरह के विवाद से किया इनकार एनडीआरएफ की मदद से खोज जारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के दयालगंज पुलिया पर बुधवार की देर रात एक हृदयविदारक घटना सामने आई। ब्लॉक त्रिवेदीगंज अंतर्गत खेरवा उर्फ क्षत्रपतिखेड़ा मजरे रामनगर निवासी संजय (लगभग 28 वर्ष) अचानक शारदा सहायक नहर, खंड-28 में कूद गया।घटना को देखकर राहगीरों ने तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाते ही उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा, तहसीलदार शशांक उपाध्याय, नायब तहसीलदार सौरभ कुमार और कोतवाली प्रभारी अभिमन्यु मल्ल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँच गए और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया।



ग्रामीण देवेन्द्र गिरी ने बताया कि संजय उनके चाचा का बेटा है। घटना की खबर सुनते ही परिजन नहर किनारे पहुँचे और संजय को खोजने के लिए रो-रोकर अधिकारियों और गोताखोरों से गुहार लगाने लगे।घटना के बाद से ही एनडीआरएफ की टीम और गोताखोर लगातार नहर की छानबीन कर रहे हैं, लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी युवक का कोई पता नहीं चल सका है। नहर का तेज बहाव और गहराई खोजबीन में बड़ी चुनौती बना हुआ है।एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम और गोताखोरों को लगाया गया है, परंतु अब तक शव बरामद नहीं हो पाया है। वहीं प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल ने कहा कि रात होने और अंधेरे के कारण तलाशी अभियान को फिलहाल स्थगित किया गया था। सुबह 6 बजे से पुनः तलाश शुरू की जाएगी।इस दर्दनाक घटना के बाद गांव और परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजन बेटे के सकुशल मिलने की आस लगाए बैठे हैं। वहीं, ग्रामीणों की भारी भीड़ नहर किनारे जुटी हुई है और सभी की निगाहें गोताखोरों एनडीआरएफ की कोशिशों पर टिकी हैं।

### युवा संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बने राजेश

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय युवा संघर्ष मोर्चा (अराजनैतिक संगठन) की गुरुवार को निंदूरा में आयोजित बैठक में संगठन द्वारा राजेश राठौर को राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं विस्तारक पद का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में संगठन अध्यक्ष के साथ वरिष्ठ कार्यकर्ता शिवशंकर सिंह, असगर सिद्दीकी, धनपाल यादव,नीरज कुमार, मुकेश रावत, हसीब खान, श्रवण रावत, इंद्रजीत यादव और अजमेरी मौजूद रहे।

### जानलेवा हो गया रामनगर सुढियामऊ मार्ग

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र में बुढ़वल सीतापुर मार्ग पर अपरिगामी रेलवे पुल के दोनों तरफ सड़क गढ्ढों में बदल गई है यहां अक्सर दुर्घटना होती है।पुल पर गहरे गड्ढों में मोटरसाइकिल व साइकिल सवार प्रायः संतुलन खोकर घायल होते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि तमाम शिकायतों के बावजूद सालों से पुल की मरम्मत नहीं हुई।वहीं इस बारे में लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह रेलवे का कार्य है उनसे संपर्क किया गया है।ग्रामीणों को चिंता है कि यदि गढ्ढे नहीं भरे गए तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है चूंकि इस मार्ग पर भारी वाहनों का कुछ अधिक ही आवागमन होता है।

### समूहों के जरिए महिलाओं को आजीविका संसाधन से जोड़ने का बीडीओ ने किया आव्हान



निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक निंदूरा में पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स (पी.ए.आई) संस्करण एक के प्रचार-प्रसार एवं संस्करण दो के विषय पर दो दिवसीय खंड स्तरीय प्रशिक्षण आऊ गुरुवार से प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम दिन मास्टर ट्रेनर योगेश शुक्ला एवं एम.एच.यू. अंसारी ने प्रतिभागियों को सतत विकास लक्ष्यों (एलएसडीजी) से जुड़ी नौ प्रमुख थीमों गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, पर्याप्त जल युक्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा युक्त पंचायत, सामाजिक रूप से सुरक्षित एवं न्यायपूर्ण पंचायत, सुशासन युक्त पंचायत एवं महिला हितैषी पंचायत पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के पहले दिन करीब 50 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान पी.ए.आई- दो से संबंधित पुस्तिके भी वितरित की गईं।
कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को एलएसडीजी की नौ थीमों में से एक थीम पर कार्य करना होता है। चुने गए कार्य के आधार पर विभागीय रिपोर्ट तैयार होगी, उसका वेरिफिकेशन कर ऑनलाइन फीडिंग की जाएगी। फीडिंग के आधार पर पंचायतों को ग्रेडिंग मिलेगी और बेहतर प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। बीडीओ ने उदाहरण देते हुए कहा कि केवल खड़ंजा, इंटरलॉकिंग या नाली निर्माण से ही विकास नहीं माना जाएगा, बल्कि गरीबी उन्मूलन के लिए महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर आजीविका के साधन उपलब्ध कराना आवश्यक है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके।
इस अवसर पर एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह, सीएम फ़ेलो डॉ. अलकमा बानो, एडीओ कृषि हरी प्रकाश चौधरी, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान एवं पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

### जम्मू दर्शन करने गए सिरौली क्षेत्र के 32 श्रद्धालु कटरा में फंसे

सिरौली गौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जम्मू कश्मीर में भारी बारिश दौरान हिमस्खलन से मार्ग अवरूद्ध है। माता वैष्णो के दर्शन करने गए विकासखंड के भर्तीपुर गांव निवासी ? 32 लोग भी फंसे हैं। कारण सभी लोग वहीं फंस गए हैं। श्रद्धालुओं का यह दल 23 अगस्त को लखनऊ से हिमगिरी ट्रेन द्वारा रवाना हुआ था। वापसी 27 अगस्त को होना था। भू-स्खलन से मार्ग अवरूद्ध हुआ और संपर्क टूट गया। श्रदालु दल का नेतृत्व कर रहे क्षेत्रीय भाजपा नेता एवं मंडल महामंत्री दीपक वर्मा ने दूरभाष पर बताया कि वह अपने साथियों के साथ किसी प्रकार कटरा से जम्मू पहुंच गए हैं। पठानकोट में पुल टूटने के कारण सभी ट्रेनें रद्द हो गई। जिससे आवागमन के सारे रास्ते बंद हो गए हैं और सम्पर्क टूट गया। सभी लोग जम्मू में श्री बाँके बिहारी, गोरखा मंदिर, शिवाजी चौक सेक्टर चार नानक नगर में ठहरे हैं।
दल में नौ महिलाएं और कई बच्चे भी हैं। श्रद्धालुओं के पास धन समाप्त होने से भोजन की समस्या आन पड़ी है और जलवायु परिवर्तन से बच्चों का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा हैं।

# नारकोटिक्स, नकली एवं प्रतिबंधित औषधियों की रोकथाम हेतु औषधि की टीम ने की छापेमारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी, नमूने संग्रहित, जांच रिपोर्ट आने पर होगी अग्रिम कार्रवाई



बाराबंकी । जिले में नारकोटिक्स, नकली एवं प्रतिबंधित औषधियों की रोकथाम के उद्देश्य से औषधि विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। जिला औषधि निरीक्षक सुश्री रजिया बानो ने बताया कि जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी के निर्देश तथा सहायक आयुक्त औषधि अयोध्या मंडल, अयोध्या के आदेश पर कार्यवाही की गई। हाल ही में समाचार पत्रों में प्रकाशित दो थोक दवा व्यापारियों की गिरफ्तारी संबंधी खबर को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जिला औषधि निरीक्षक, बाराबंकी सुश्री रजिया बानो एवं जिला औषधि निरीक्षक, अयोध्या श्री आलोक कुमार त्रिवेदी की संयुक्त टीम द्वारा दवा मंडी एवं कुर्सी रोड स्थित शगुन फार्मा तथा जायसवाल मेडिकल स्टोर पर औचक छापेमारी की गई। जांच के दौरान नारकोटिक्स एवं प्रतिबंधित औषधियों की गहनता से पड़ताल की गई, किंतु मौके पर किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित औषधि बरामद नहीं हुई। तथापि, प्रतिष्ठान पर कॉम्पिटेंट पर्सन (योग्य फार्मासिस्ट) की अनुपस्थिति पाई गई। औषधि प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की धारा 22 (1) (द) के तहत कार्रवाई करते हुए शिड्यूल्ड औषधियों की खरीद-बिक्री तत्काल प्रभाव से रोक दी गई और प्रतिष्ठान को तब तक सील कर दिया गया जब तक कि कॉम्पिटेंट पर्सन का भौतिक सत्यापन नहीं हो जाता।इसके अतिरिक्त, मेडिकल स्टोर्स पर रखी गई औषधियों में से चार औषधियों के नमूने रैंडम आधार पर संग्रहित किए गए जिन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।जिला औषधि निरीक्षक ने बताया कि जनपद में नारकोटिक्स, नकली एवं प्रतिबंधित औषधियों की रोकथाम हेतु निरंतर छापेमारी व सैम्पलिंग अभियान जारी रहेगा। विभाग का उद्देश्य जनसामान्य को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना है।

### तीन माह से गायब नाबालिक के पिता से मिलीं महिला आयोग की सदस्य

बागपत। बागपत जिले के खिंदौड़ा गांव में बृहस्पतिवार को महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला पहुंचीं। तीन माह से गायब नाबालिक के पिता से घटना की पूरी जानकारी लीं और पूरे मामले को लेकर पुलिस की लापरवाही बताते हुए एसपी बागपत से बात की। अनशन पर बैठे नाबालिक के पिता अशोक शर्मा से महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला ने घटना की जानकारी ली। पीड़ित ने बताया की किस तरह पुलिस उनके साथ व्यवहार कर रही है। बेटी को खोजने के प्रयास नहीं किए गए। उल्टा परिजनों पर ही दबाव बनाया गया। उनको धमकी दी गई। बेटी की बरामदगी को लेकर जब वो आमरण अनशन पर बैठ गए तो रात भर पुलिस द्वारा उनको उठने के लिए प्रयास किया गया। मीनाक्षी भराला ने पीड़ितों के साथ हुए व्यवहार पर दुःख जताया। बेटी को लेकर उन्होंने एसपी बागपत से बात की है।

# एशिया कप के जरिये विश्व कप में जगह बनाने पर भारतीय हॉकी टीम की नजरें

एजेंसी



राजगीर। तीन बार की चैम्पियन भारतीय टीम पिछले कुछ अर्से के खराब फॉर्म को भुलाकर पुरूष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट जीतकर अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के इरादे से उतरेगी जिसे शुक्रवार को पहले मैच में चीन से खेलना है। भारत और चीन को पूल ए में जापान और कजाखस्तान के साथ रखा गया है जबकि पूल बी में पांच बार की चैम्पियन दक्षिण कोरिया, मलेशिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपै हैं। कजाखस्तान तीन दशक में पहली बार एशिया कप खेल रही है जिसने ओमान की जगह ली है जबकि बांग्लादेश की जगह पाकिस्तान खेल रहा है। अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत के आपरेशन सिंदूर के मद्देनजर पाकिस्तान ने सुरक्षा कारणों से नाम वापिस ले लिया। हर पूल की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी जबकि फाइनल सात सितंबर को होगा। यह टूर्नामेंट अगले साल 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने का भारत के पास सर्वश्रेष्ठ और आखिरी मौका है। भारत ने पहला मौका गंवा दिया जब यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन के बाद वह एफआईएच प्रो लीग में सातवें स्थान पर खिसक गया। भारत ने आठ में से सिर्फ एक मैच जीता और सात मैच लगातार हारे जिससे कोच क्रेग फुल्टोन को एशिया कप में अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारनी पड़ी है। फुल्टोन ने स्वीकार किया कि एशिया कप इस साल का सबसे अहम टूर्नामेंट है। भारत को इस टूर्नामेंट में शीर्ष रैंकिंग मिली है और टीम बेहतरीन प्रदर्शन करके आलोचकों का मुंह बंद करना चाहेगी। इसके लिये कोच फुल्टोन को रक्षण पर फोकस वाली अपनी रणनीति बदलनी होगी जो प्रो लीग में नाकाम रही। भारत ने आठ मैचों में 26 गोल गंवाये और कई बार डिफेंडरों की गलती से हारे। इस टूर्नामेंट में हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम डिफेंस में कोई कोताही नहीं बरत सकती। भारत की चिंता का सबब पेनल्टी कॉर्नर भी है जिसमें हरमनप्रीत सिंह पर अधिकांश दारोमदार रहता है। उनकी गैर मौजूदगी में अमित रोहिदास, जुगराज सिंह और संजय अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके हैं। प्रो लीग के यूरोप चरण में गोलकीपिंग भी चिंताजनक रही। पी आर श्रीजेश के संन्यास के बाद कृशन बहादुर पाठक और सूरज करकेरा दबाव में दिखे हैं। पाठक हवा में आती गेंद पर काबू नहीं कर पाये हैं और करकेरा दबाव झेलने में नाकाम रहे हैं। भारत ने 2023 एशियाई खेलों और 2024 एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में 14 मैचों में 94 गोल किये। लेकिन टीम को आत्ममुग्धता से बचना होगा क्योंकि 2022 एशिया कप में उसे कांसे से संतोष करना पड़ा था। भारत को शुक्रवार को चीन से खेलना है जो विश्व रैंकिंग में 23वें स्थान पर है लेकिन उसे हलके में नहीं लिया जा सकता।

# भविष्य में कोचिंग से पुजारा को नहीं है ऐतराज

एजेंसी



नयी दिल्ली। अपने शानदार कैरियर पर विराम लगाने के बाद भारत के धुरंधर टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को भविष्य में अपनी दूसरी पारी में कोचिंग या बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र पर कोई जिम्मेदारी निभाने से गुरेज नहीं है। क्रिकेट के सभी प्रारूपों से विदा लेने के कुछ दिन बाद पीटीआई से बातचीत में पुजारा ने भविष्य की अपनी योजनाओं और 103 टेस्ट के अपने सुनहरे कैरियर पर बात की जिसमें उन्होंने 7000 से अधिक रन बनाये। पुजारा ने कहा ,'' मुझे ब्रॉडकास्टिंग के काम में मजा आता है। मैं वह करता रहूंगा। कोचिंग या एनसीए (उत्कृष्टता केंद्र) की जहां तक बात है तो मैं इसके लिये तैयार हूं। उन्होंने कहा ,'' मैने इसके बारे में सोचा नहीं है। जब भी मौका मिलेगा, मैं इस पर फैसला लूंगा। मैं पहले भी कह चुका हूं कि खेल से जुड़ा रहना चाहता हूं। पुजारा ने कहा ,''जिस तरह से भी मैं भारतीय क्रिकेट को योगदान दे सकूं, मुझे खुशी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि खेल से विदा लेते हुए उन्हें किसी तरह का अफसोस या मलाल नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि टेस्ट क्रिकेट अब पारंपरिक तरीके से नहीं खेला जा रहा हालांकि पारंपरिक बल्लेबाजों की प्रासंगिकता बनी हुई है। टेस्ट मैचों में बल्लेबाजी का शास्त्रीय तरीका खत्म हो रहा है और क्या वह इससे दुखी हैं ? यह पूछने पर उन्होंने कहा ,'' मैं दुखी नहीं हूं। मेरा अभी भी मानना है कि मौजूदा दौर में भी टेस्ट मैच के शास्त्रीय बल्लेबाज प्रासंगिक हैं। लेकिन समय बदल गया है और समय के साथ बदलना लाजमी है। उन्होंने कहा ,'' अगर मुझे किसी युवा खिलाड़ी को कोई सलाह देनी है तो मैं यही कहूंगा कि तीनों प्रारूपों में खेलो क्योंकि आजकल सफ़ेद गेंद का क्रिकेट अधिक हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसका कारण यह है कि टेस्ट खिलाड़ी भी आईपीएल या वनडे में प्रदर्शन के आधार पर चुने जा रहे हैं। पुजारा ने कहा ,'' जब आप सफ़ेद गेंद के क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो भारतीय टेस्ट टीम में मौका मिल जाता है। यही वजह है कि उनकी बल्लेबाजी में आक्रामकता होती है। उन्होंने हालांकि अभिमन्यु ईश्वरन और करूण नायर के उदाहरण भी दिये जिनका चयन रणजी टीम के प्रदर्शन के आधार पर हुआ। उन्होंने कहा ,'' रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिये भी गुंजाइश है कि वे टेस्ट टीम में चुने जायें। केएल राहुल इस समय टीम में सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाजों में से हैं। वह तकनीक के धनी है और अच्छी बात यह है कि पारी की शुरूआत करते हैं जिससे टीम के लिये अच्छी नींव तैयार होती है।

# राज्य लीगें प्रतियोगी नहीं, प्रतिभा की नर्सरी हैं : डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने देशभर में बढ़ रही टी20 लीगों की सराहना करते हुए कहा है कि ये टूर्नामेंट एक-दूसरे के प्रतिद्वंदी नहीं, बल्कि नई प्रतिभाओं को सामने लाने और निखारने का बेहतरीन मंच हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें भारतीय क्रिकेट के ढांचे को और मजबूत करती हैं तथा खेल के समग्र विकास में योगदान देती हैं। जेटली ने कहा, राज्य लीगें एक-दूसरे की प्रतियोगी नहीं बल्कि अपने-अपने इकोसिस्टम की फीडर हैं। हर राज्य की अपनी प्रतिभा और संरचना है। अधिक लीगों का मतलब है खिलाड़ियों के लिए अधिक मौके और यह भारतीय क्रिकेट के लिए शुभ संकेत है। दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे संस्करण पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि पहली सीजन की तुलना में प्रतियोगिता का पैमाना, संगठन और गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि लीग ने न केवल खेल के स्तर को ऊंचा किया है बल्कि पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों के लिए राजधानी में एक मजबूत आधार तैयार करने की दिशा में अहम कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासक के तौर पर हमेशा कोशिश रहती है कि पिछले सीजन से बेहतर आयोजन हो–बेहतर तैयारी, बेहतर क्रियान्वयन। इस बार की लीग अधिक पेशेवर और संरचित है। टीमें ज्यादा संगठित हैं, प्रबंधन और मजबूत है और संपूर्ण इकोसिस्टम भी विकसित हुआ है। हर साल रिकॉर्ड टूटे यह ज़रूरी नहीं, लेकिन निरंतरता और प्रतियोगिता का पैमाना अहम है। उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ियों का फिटनेस स्तर बढ़ा है और वे घरेलू सीजन से पहले बेहतर तैयारी के साथ मैदान में उतर रहे हैं।

# बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2025 दूसरे दौर में हारकर बाहर हुए एचएस प्रणय

एजेंसी



पेरिस। भारतीय शटलर एचएस प्रणय बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2025 के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए हैं। प्रणय ने विश्व नंबर-2 एंडर्स एंटोनसेन (डेनमार्क) के खिलाफ बड़ा उलटफ़ेर करने की कोशिश की, लेकिन रोमांचक संघर्ष के बाद दूसरे दौर में 8-21, 21-17, 21-23 से हारकर बाहर हो गए। प्रणय के पास निर्णायक गेम में दो मैच प्वॉइंट थे, लेकिन वह मौके को भुना नहीं सके। मैच के बाद उन्होंने निराशा जताई और कहा, आखिरी कुछ अंकों में मैंने खराब शॉट खेले। मुझे ज्यादा ऊर्ज़ा बचाकर आक्रामक खेलना चाहिए था। एंटोनसेन ने आखिरी 3-4 प्वॉइंट में आक्रमण किया और मैंने उन्हें आसान स्मैश दिए, जिससे खेल पलट गया। मुझे नेट पर और मौके लेने चाहिए थे। पहले गेम में कमजोर शुरुआत के बावजूद प्रणय ने दूसरा गेम जीतकर मैच को निर्णायक तक खींचा, लेकिन अंत में गलतियां उन्हें महंगी पड़ी। उन्होंने कहा, बड़े टूर्नामेंट में मैच प्वॉइंट गंवाना हमेशा दर्द देता है। एक मैच पूरी प्रतियोगिता की दिशा बदल सकता है। अगर आप किसी फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी को हराते हैं तो आत्मविश्वास मिलता है, लेकिन हारने पर सारी मेहनत व्यर्थ लगती है और खुद पर शक होने लगता है। विश्व और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रणय पिछले कुछ वर्षों से कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझते रहे हैं। उन्हें पुरानी पेट की समस्या, कमर की चोट और पेरिस ओलंपिक से ठीक पहले चिकनगुनिया जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने आगे कहा, मैं लगातार सुधार की कोशिश कर रहा हूं। खेल के लिहाज से मैं अब भी कुछ साल खेल सकता हूं, लेकिन फिटनेस के मामले में युवा खिलाड़ियों के साथ तालमेल बिठा पाना मुश्किल हो रहा है। खेल की गति बहुत तेज है और शरीर वैसा रिस्पॉन्ड नहीं करता। यह खेल की वास्तविकता है। प्रणय ने संकेत दिया कि उनका अगला विश्व चैंपियनशिप शायद आखिरी हो सकता है। उन्होंने कहा, शायद एक और। आप चाहते हैं कि दो-तीन साल और खेलें, लेकिन अधिकतम एक और चैंपियनशिप ही खेल पाऊंगा, वो भी अगर खुद को काफी खींच पाया तो।

# भारतीय मुक्केबाजों ने चीन में 'इंटरनेशनल यूथ बॉक्सिंग गाला' में 26 पदक पक्के किए

नयी दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजों ने चीन में आयोजित तीसरे 'बेल्ट एंड रोड' 'इंटरनेशनल यूथ बॉक्सिंग गाला' अंडर-17, अंडर-19 और अंडर-23 अंतरराष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर और टूर्नामेंट में 26 पदक पक्के किए। भारत ने अंडर-17 आयु वर्ग में 20 लड़कों और 20 लड़कियों सहित 58 सदस्यीय दल भेजा है। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले मुक्केबाजों में ध्रुव खरब (46 किग्रा), उदय सिंह (46 किग्रा), फलक (48 किग्रा), पीयूष (50 किग्रा), आदित्य (52 किग्रा), उधम सिंह राघव (54 किग्रा), आशीष (54 किग्रा), देवेंद्र चौधरी (75 किग्रा), जयदीप सिंह हंजरा (80 किग्रा) और लोवेन गुलिया (+80 किग्रा) शामिल हैं जिन्होंने चीन, कोरिया, उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान के कड़े प्रतिद्वंद्वियों को हराकर कम से कम एक पदक पक्का किया।

# सरकार ने कपास पर आयात शुल्क छूट की अवधि 3 महीने बढ़ाकर 31 दिसंबर तक की

एजेंसी



नई दिल्ली। ट्रंप प्रशासन की ओर से भारतीय आयात पर लगाए गए अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ के बीच केंद्र सरकार ने कपास के शुल्क मुक्त आयात की अवधि तीन महीने के लिए बढ़ाकर 31 दिसंबर तक कर दी है। इससे पहले 18 अगस्त को वित्त मंत्रालय ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक कपास आयात पर शुल्क छूट की अनुमति दी थी।

वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि निर्यातकों को और अधिक समर्थन देने के लिए केंद्र सरकार ने कपास (एचएस 5201) पर आयात शुल्क छूट 30 सितंबर से 31 दिसंबर तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इस संदर्भ में अधिसूचना जारी की जाएगी। सरकार के इस कदम का मकसद अमेरिका के कुल 50 फीसदी उच्च शुल्क का सामना कर रहे कपड़ा निर्यातकों को समर्थन प्रदान करना है। मंत्रालय के मुताबिक इसमें पांच फीसदी मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) और पांच फीसदी कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर (एआईडीसी) से छूट के साथ दोनों पर 10 फीसदी सामाजिक कल्याण अधिभार छूट शामिल है, जिससे कपास पर कुल आयात शुल्क 11 फीसदी बैठता है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक इस कदम से उत्पादन लागत कम करके तथा कपड़ा क्षेत्र में लघु एवं मझोले उद्यमों (एसएमई) को संरक्षण देकर भारतीय कपड़ा उत्पादों की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही कपड़ा मूल्य श्रृंखला की कच्चे माल की लागत कम होने और विनिर्माताओं एवं उपभोक्ताओं दोनों को आवश्यक राहत मिलने की उम्मीद है। कपड़ा मूल्य श्रृंखला में धागा, कपड़ा, परिधान एवं सिले हुए उत्पाद शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि कपड़ा, रत्न एवं आभूषण और चमड़ा सहित भारतीय वस्तुओं पर 27 अगस्त से अमेरिकी टैरिफ बढ़कर 50 फीसदी हो गया है। सरकार के कपास पर शुल्क छूट से घरेलू बाजार में कच्चे कपास की उपलब्धता बढ़ेगी, कपास की कीमतें स्थिर होंगी और इस प्रकार तैयार वस्त्र उत्पादों पर महंगाई का दबाव कम होगा।

# निर्यात संवर्धन मिशन के तेजी से क्रियान्वयन के लिय प्रयास जारी: सरकार

नयी दिल्ली। सरकार निर्यातकों की मदद के लिए 'निर्यात संवर्धन मिशन' के क्रियान्वयन में तेजी लाने का प्रयास कर रही है। एक सरकारी अधिकारी ने अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर कुल 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के एक दिन बाद यह जानकारी दी। अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि निर्यातकों ने नकदी के मोर्चे पर सरकार से मदद मांगी है और इन सभी मुद्दों पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''निर्यात विविधीकरण, नए मुक्त व्यापार समझौते, निर्यात संवर्धन मिशन की शुरुआत और बढ़ता घरेलू बाजार, भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी शुल्क के प्रभाव से बचाने में मदद करेंगे। अधिकारी ने कहा, सरकार निर्यातकों के सामने आने वाली समस्याओं से अवगत है और उनकी मदद के लिए सकारात्मक प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्यात के विविधीकरण से निर्यातकों को लंबे समय तक व्यापार की गति बनाए रखने में मदद मिलेगी। अधिकारी ने प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के संबंध में कहा, ''हमें उम्मीद है कि जल्द ही दोनों पक्षों के बीच बातचीत शुरू होगी। हालांकि, अधिकारी ने यह भी कहा कि व्यापार समझौते के लिए अगले दौर की बातचीत की नई तारीख अभी तय नहीं हुई है।

# पीएमजेडीवाई के 11 साल पूरे, 56 करोड़ से अधिक खाते खुले, जमा राशि 2.68 लाख करोड़ रुपये के पार




एजेंसी

नई दिल्ली। देश में वित्तीय समावेशन के राष्ट्रीय मिशन के रूप में शुरू की गई प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) ने गुरुवार को अपने 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस दौरान 56 करोड़ से ज्यादा जन-धन खाते खोले गए, जिसमें कुल 2.68 लाख करोड़ रुपये की राशि जमा है। दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल के रूप में पीएमजेडीवाई लाखों वंचित नागरिकों के लिए बैंकिंग तक पहुंच को नए सिरे से परिभाषित कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों 28 अगस्त, 2014 को शुरू की गई पीएमजेडीवाई योजना ने देशभर में बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच का विस्तार किया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने आधिकारिक आंकड़ों के जरिये बताया कि लगभग 67 फीसदी खाते ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हैं, जबकि 56 फीसदी महिलाओं के नाम हैं। इस पहल से दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली में शामिल होने में मदद मिली है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि पीएमजेडीवाई योजना के तहत 38 करोड़ से ज्यादा निःशुल्क रुपे कार्ड जारी किए गए हैं, जिससे डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा मिला है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पीएमजेडीवाई को वैश्विक स्तर पर सबसे व्यापक वित्तीय समावेशन कार्यक्रमों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि जन-धन योजना सम्मान, सशक्तिकरण और अवसर का प्रतीक है। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना न केवल देश में बल्कि पूरी दुनिया में सबसे सफल वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। सब्सिडी वितरण के लिए एक सकारात्मक परिवर्तन व्यवस्था, प्रधानमंत्री जन-धन योजना के मूल में जन-धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) तीन योजनाएं हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान विभिन्न प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजनाओं के अंतर्गत बैंक खातों में 6.9 लाख करोड़ रुपये जमा किए गए हैं। पूरी तरह से केवाईसी अनुपालन वाले पीएमजेडीवाई खातों में शेष राशि या लेन-देन की राशि की कोई सीमा नहीं है। यह एक बीएसबीडी खाता है। पीएमजेडीवाई खाताधारकों को बैंक शाखा के साथ-साथ एटीएम/सीडीएम में नकदी जमा करने, किसी भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से या केंद्र/राज्य सरकार की एजेंसियों और विभागों के चेक से धन प्राप्ति/जमा करने की निःशुल्क सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इसके अलावा योजना के तहत एक महीने में जमा की जाने वाली राशि और राशि की कोई सीमा नहीं है। एक महीने में कम से कम चार बार निःशुल्क निकासी की अनुमति है, जिसमें मेट्रो एटीएम सहित किसी भी एटीएम से निकासी शामिल है। इसके बाद की निकासी पर बैंक शुल्क ले सकते हैं।

# एब्रिल पेपर टेक का आईपीओ 29 अगस्त को, मूल्य 61 रुपये प्रति शेयर

एजेंसी

नयी दिल्ली। एब्रिल पेपर टेक ने अपने 13.42 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 61 रुपये प्रति शेयर की कीमत तय की है। सूरत स्थित एब्रिल पेपर टेक ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आईपीओ 29 अगस्त को आवेदन के लिए खुलेगा और दो सितंबर को बंद होगा। कंपनी का शेयर बीएसई के एसएमई मंच पर सूचीबद्ध होगा। यह आईपीओ पूरी तरह से 22 लाख नए शेयर का निर्गम है, जिसका अंकित मूल्य 10 रुपये प्रति शेयर है। आईपीओ के लिए निर्धारित मूल्य के ऊपरी स्तर पर कंपनी को 13.42 करोड़ रुपये हासिल हो सकते हैं। नए निर्गम से प्राप्त 5.40 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग दो अतिरिक्त पूर्ण स्वचालित सब्लिमेशन पेपर कोटिंग एवं स्लिटिंग मशीनों के लिए, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने और सामान्य कंपनी कार्यों के लिए किया जाएगा। एब्रिल पेपर टेक लिमिटेड (एपीटीएल) सब्लिमेशन पेपर रोल और संबंधित उत्पादों के विनिर्माण और विपणन से जुड़ी है। सब्लिमेशन हीट ट्रांसफर पेपर एक विशेष प्रकार का कागज होता है जिसका उपयोग किसी डिजाइन या छवि को कपड़े, मग, या अन्य वस्तुओं पर स्थायी रूप से स्थानांतरित करने के लिए किया जाता है। यह प्रक्रिया सब्लिमेशन प्रिंटिंग कहलाती है।

# सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इसके विपरीत चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,02,600 रुपये से लेकर 1,02,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 94,050 रुपये से लेकर 94,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,02,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 94,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,02,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,02,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,02,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 94,050 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,02,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,02,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 94,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 94,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,02,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,02,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 94,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा निंदनीय : शाह, नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेतृत्व ने गुरूवार को बिहार में वोटर अधिकार यात्रा में कांग्रेस-आरजेडी के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां के लिए कथित तौर पर अभद्र भाषा के प्रयोग को निंदनीय और लोकतंत्र को कलंकित करने वाला बताया है।

पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री ने अभद्र भाषा वाले बयान की आलोचना करते हुए राहुल गांधी और तेजस्वी यादव से अविलंब माफी मांगने को कहा है। श्री नड्डा ने एक्स पर अपने पोस्ट में एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि कांग्रेस की तथाकथित वोटर अधिकार यात्रा में जिस तरह से कांग्रेस-आरजेडी के मंच से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत मां को गाली दी गई, वह घोर निंदनीय और भर्त्सनीय है। यह अभद्रता की सारी सीमा लांघ चुके दो शहजादों का बिहार की धरती पर बिहार की संस्कृति का तिरस्कार भी है। उन्होंने कहा कि राहुल गाँधी और तेजस्वी यादव को अविलंब इस कुकृत्य के लिए अविलंब माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस नेता को यह नहीं सहन हो रहा है कि कैसे एक गरीब का बेटा संघर्ष कर देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचा।



उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के तू तड़ाक की भाषा बोलने के बाद उनके पार्टी के नेता भी इसी तरह की शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं।

दूसरी ओर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर 'मां का अपमान कांग्रेस की पहचान' हैशटैग से एक पोस्ट में लिखा कि बिहार के दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी स्वर्गीय माताजी के लिए कांग्रेस और आरजेडी के मंच से जिस प्रकार गालियों से भरी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है, वह न केवल निंदनीय है, बल्कि हमारे लोकतंत्र को भी कलंकित करने वाला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की राजनीति अपने निम्न स्तर पर आ पहुंची है। उनको यह बर्दाश्त नहीं हो पा रहा है कि कैसे एक गरीब मां का बेटा बीते 11 वर्षों से प्रधानमंत्री पद पर बैठा हुआ है और अपने नेतृत्व में देश को निरंतर आगे ले जा रहा है।

श्री शाह ने कहा कि यह साफ दर्शाता है कि कंग्रेस पार्टी अपने उस चाल-चरित्र में वापस लौट आई है, जिसके माध्यम से उसने हमेशा देश की राजनीतिक संस्कृति में जहर घोलने का काम किया। गुजरात के मुख्यमंत्री काल से लेकर आज तक गांधी परिवार ने मोदी जी के खिलाफ नफरत फैलाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। परंतु अब तो इन्होंने मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ दी हैं। यह हर मां का, हर बेटे का अपमान है, जिसके लिए 140 करोड़ देशवासी उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे।

# बिहार में मसौदा मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने के दावों की अंतिम तिथि एक सितंबर निर्धारित

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा- निर्देशों के तहत मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के अंतर्गत एक अगस्त को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची पर दावा और आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि एक सितंबर निर्धारित की गयी है।




आयोग को एक अगस्त से 27 अगस्त तक मतदाताओं से सीधे 1,78,948 दावे प्राप्त हुए जिनमें से एक सप्ताह के भीतर 20,702 आपत्तियों का निपटारा किया जा चुका है। आयोग ने मसौदा मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के दावे और आपत्तियों के लिए अंतिम तिथि एक सितंबर निर्धारित की है।

आयोग ने मसौदा मतदाता सूची को प्रकाशित किया है और मसौदा मतदाता सूची की प्रति बिहार के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी गई है ताकि राजनीतिक दल इसकी गहन जाँच कर सकें और यदि किसी पात्र मतदाता का नाम मसौदा मतदाता सूची में उपलब्ध नहीं है, तो वे संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के समक्ष दावे और आपत्तियाँ दर्ज करा सकते हैं। आयोग ने दावे और आपत्तियाँ दर्ज कराने की अंतिम तिथि एक सितंबर निर्धारित की की है।

आयोग के निर्देशों के अनुसार, त्रुटिरहित और अद्यतन मतदाता सूची तैयार करने के लिए पूरे बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया जा रहा है। आयोग के बुधवार के दैनिक बुलेटिन के अनुसार केवल एक राज्य राजनीतिक दल अर्थात भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी) (लिबरेशन) द्वारा कल तक चुनाव आयोग के समक्ष केवल 53 दावे और आपत्तियाँ दर्ज कराई गई हैं, जिनमें से सभी दावों और आपत्तियों का निर्धारित समय के भीतर निपटारा कर दिया गया है।

बुलेटिन के अनुसार मतदाताओं से सीधे 1,78,948 दावे और आपत्तियाँ प्राप्त हुईं, जिनमें से 20,702 का निपटारा निर्धारित समय अवधि कर दिया गया है। राज्य में 18 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग वाले नए मतदाताओं से 6,35,124 फार्म प्राप्त हुए है और सात दिनों के भीतर 27,825 फॉर्म का निपटारा किया जा चुका है।

# मोदी की चीन यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों के फिर से पटरी पर आने की उम्मीद

एजेंसी

नयी दिल्ली। सात साल से भी अधिक समय के बाद चीन यात्रा पर जा रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रपति शी जिनपिंग से पिछले एक वर्ष के अंदर यह दूसरी मुलाकात होगी और दोनों देशों को उम्मीद है कि वे पांच साल पहले गलवान घाटी में उनके सैनिकों के बीच हिंसक झड़प से पैदा हुई कड़वाहट को दूर करने और व्यापार सहित सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की दिशा में आगे बढेंगे। श्री मोदी जापान की दो दिन की यात्रा के बाद 31 अगस्त को सीधे चीन जायेंगे जहां वह एक सितंबर को तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्रध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। श्री मोदी शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति से भी मिलेंगे। उनके रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई वैश्विक नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बैठकें करने की संभावना है। अमेरिका द्वारा भारत समेत विभिन्न देशों पर लगाये जा रहे भारी भरकम आयात शुल्क के कारण दुनिया भर में व्यापारिक मोर्चे पर मची उथल-पुथल के बीच प्रधानमंत्री की चीन यात्रा और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ वार्ता को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। श्री मोदी और श्री जिनपिंग की बातचीत से सीमा पर शांति तथा सौहार्द बनाये रखने के लिए महत्वपूर्ण लंबित मुद्दों के समाधान की दिशा में भी प्रगति होने की उम्मीद है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय साझेदारी को समय-समय पर प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और निरंतर बदल रही भू राजनीतिक तथा सामाजिक परिस्थितियों में दोनों के सामने गलवान की घटना के पांच वर्ष बाद एक बार फिर से उसी मुकाम से आगे बढने की चुनौती है। दोनों देशों के बीच 1950 में शुरू हुए संबंधों को 1962 के सीमा संघर्ष के बाद पहली बार चुनौती का सामना करना पड़ा था। इसके बाद ऊंच-नीच के विभिन्न दौर से गुजरे संबंध मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद वुहान और चेन्नई में श्री मोदी तथा शी जिनपिंग के बीच हुए अनौपचारिक शिखर सम्मेलनों की मदद से पटरी पर आ गये थे। एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में अप्रैल-मई 2020 में गलवान में हुई हिंसक सैन्य झड़प ने दोनों देशों के संबंधों को एक बार फिर कड़ा झटका दिया। पिछले वर्ष रूस के कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई मुलाकात के बाद से धीरे-धीरे संबंधों को चरणबद्ध तरीके से बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर के हाल के चीन दौरे और चीन के विदेश मंत्री वांग यी की इसी महीने डा. जयशंकर के साथ भारत में द्विपक्षीय वार्ता तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ विशेष प्रतिनिधि स्तर की 24 वें दौर की बैठक में दोनों देशों के संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की दिशा में अनेक अहम फैसले किये गये। श्री वांग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात की।

# मोदी की यात्रा से प्रगाढ़ होंगे भारत और जापान के संबंध

एजेंसी

नयी दिल्ली। पन्द्रहवें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आज शाम टोक्यो रवाना हो रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आठवीं जापान यात्रा से दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार, निवेश और बुनियादी ढांचागत सुविधाओं के क्षेत्र में सहयोग को बढावा मिलने की उम्मीद है।

जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के निमंत्रण पर दो दिन की यात्रा पर जा रहे श्री मोदी की यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच वर्ष 2000 से चली आ रही वैश्विक साझेदारी और 2014 में शुरू हुई विशेष रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाना है।

अमेरिका की भारत और जापान के साथ आयात शुल्क संबंधी वार्ता में गतिरोध के बीच हो रही श्री मोदी की जापान यात्रा को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

श्री मोदी की प्रधानमंत्री इशिबा के साथ यह पहली वार्षिक शिखर वार्ता है और इसे इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि पिछले सात वर्षों के दौरान यह पहली यात्रा है जो पूरी तरह द्विपक्षीय संबंधों को समर्पित है। वर्ष 2014 में पदभार ग्रहण करने के बाद से यह प्रधानमंत्री की जापान की आठवीं यात्रा है। इससे जापान के साथ भारत के संबंधों के महत्व का पता चलता है। पिछले एक दशक में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों का दायरा और महत्वाकांक्षा लगातार बढ़ी है । अब इसमें व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढाँचा और गतिशीलता, लोगों से लोगों का संपर्क और दोनों पक्षों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव भी शामिल हैं।

जापान लंबे समय से भारत का भरोसेमंद और विश्वसनीय मित्र देश बना हुआ है। इसकी एक बानगी यह है कि साल 2023-24 में दोनों एशियाई देशों में द्विपक्षीय व्यापार नई ऊंचाईयों को छूता हुआ 22.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया। भारत से जापान भेजी जाने वाली वस्तुओं में रसायन, वाहन, एल्युमीनियम और समुद्री भोज्य शामिल हैं जबकि भारत जापान से मशीनरी, इस्पात, तांबा जैसी चीजें मंगाता है।

जापान भारत का पांचवां सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक है। जापान ने 2023-24 में भारत में 3.1 अरब डॉलर का निवेश करके भारत को दीर्घकालिक निवेश गंतव्य के रूप में स्थान दिया है। इसी का परिणाम है कि भारत में लगभग 1,400 जापानी कंपनियां सफलतापूर्वक काम कर रही हैं जबकि 100 से अधिक भारतीय कंपनियां जापान में कार्यरत हैं।

भारत में जापान का निवेश लगातार बढ़ रहा है। बीते दो सालों में 170 से अधिक समझौते और इनसे 13 अरब डॉलर से अधिक का प्रतिबद्ध निवेश जापान का भारतीय अर्थव्यवस्था में गहरे विश्वास को दर्शाता है। दोनों देशों में सहयोग के उभरते हुए प्रमुख क्षेत्रों में सेमीकंडक्टर, स्टार्टअप, स्वच्छ ऊर्ज़ा, रियल एस्टेट , एयरोस्पेस और कौशल विकास जैसे क्षेत्र शामिल हैं। निवेश का यह विस्तार भारत की दीर्घकालिक आर्थिक क्षमता में जापान के विश्वास को पुख्ता करता है।

जापान के निवेश का खास फायदा भारतीय लघु एवं मध्यम उद्यमों को मिल रहा है। जापानी कंपनियां टोक्यो इलेक्ट्रॉन और फुजीफिल्म, टोयोटा और सुजुकी, फुजित्सु, इन उद्यमों के कामकाज को आगे ले जाने में मदद कर रही हैं। दोनों देशों की यह आपसी भागीदारी सुनिश्चित करती है कि 'भारत में बनाओ, दुनिया के लिए बनाओ' का सपना साकार हो।

जापान अपनी हरित ऊर्ज़ा परियोजनाओं के माध्यम से भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रत्यक्ष रूप से सशक्त बना रहा है। जापानी कंपनी सोजित्ज़ कॉर्पोरेशन, इंडियन ऑयल के साथ साझेदारी में, 30 बायोगैस संयंत्र स्थापित करने के लिए 39 करोड़ 50 लाख डॉलर का निवेश कर रहा है। यह कदम भारतीय किसानों की आमदनी को बढ़ायेगा और साथ ही स्वच्छ ऊर्ज़ा के क्षेत्र में बड़ी प्रगति होगी। यही नहीं सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और स्थानीय डेयरी सहकारी समितियों के साथ मिलकर, एक बायोगैस पहल शुरू कर रहा है जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी के साथ साथ ग्रामीण रोजगार सृजित होंगे और किसानों की आय बढ़ेगी।

# कर्नाटक के बाद लोकसभा और हरियाणा के चुनाव में हुई वोट चोरी का भी पर्दाफास करेंगे : राहुल

एजेंसी

रीगा(सीतामढ़ी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कंाग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि कर्नाटक में वोट चोरी का सबूत मिला है जिसकी वजह से उनका गठबंधन बिहार में भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) तथा चुनाव आयोग की मिलीभगत का पर्दाफाश करने में सफल रहा और शीघ्र ही पूरे प्रमाण के साथ 2024 के लोकसभा और हरियाणा विधानसभा में हुई वोट चोरी का पर्दाफाश किया जाएगा।

श्री गांधी ने सीतामढ़ी जिले के रीगा ब्लॉक में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार जनता की चुनी हुई सरकार नही है और इसका गठन वोट चोरी से हुआ है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक और महाराष्ट्र में वोट चोरी के खुलासे के बाद बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कंाग्रेस ने अपने गठबंधन के साथियों के साथ वोटर अधिकार यात्रा निकाली है ताकि प्रदेश में मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही उनकी पार्टी 2024 के लोकसभा और हरियाणा विधानसभा चुनाव में हुई वोट चोरी का प्रमाण के साथ खुलासा करेगी।



कंाग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि जिन 65 लाख लोगो के नाम बिहार की मतदाता सूची से काट दिए गये, उनमें कोई अमीर व्यक्ति नही है और सभी प्रभावित नाम गरीब, वंचित और शोषित लोगो के हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग देश मे लोकतंत्र को खत्म कर राजतंत्र स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अमीरों के पास बहुत कुछ होता है लेकिन गरीबो के पास अपनी अस्मिता और हक को बचाने के लिए एक ही साधन है और वह है उनका मताधिकार जिसकी बदौलत मजबूत सरकारे भी गिरा दी जाती हैं। श्री गांधी ने कहा कि बिहार के लोगों में अन्य राज्यो के मुकाबले राजनीतिक जागरूकता ज्यादा है और उन्हें बेवकूफ बनाना बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा कि बिहार में यात्रा करते हुए बिहारियों की राजनीतिक प्रतिबद्धता का मैं कायल हो गया हूँ और भाजपा जितना भी जोर लगा ले प्रदेश में एक भी वोट चोरी नही होने दिया जाएगा। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि महान समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया कहते थे,'वोट का राज, मतलब छोट का राज' अर्थात गरीब, वंचित, शोषित और छोटी जातियों का राज वोट में निहित है। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले दलित और वंचित अश्पृश्य थे और उन्हें समाज मे सम्मान मतदाता अधिकारों के मिलने के बाद ही मिला। श्री यादव ने कहा कि भाजपा की पूरी राजनीति दंगा फसाद और हिन्दू मुसलमान तक सीमित है और उन्हें पढ़ाई,दवाई, कमाई, सिंचाई, सुनवाई और कार्रवाई से कोई लेना देना नही है। राजद नेता ने कहा कि सीतामढ़ी के पड़ोसी जिले चंपारण में प्रधानमंत्री वादा कर गए थे कि सुगौली में चीनी मिल शुरू होने के बाद उसमें निर्मित चीनी की चाय पियेंगे। प्रधानमंत्री पुनः मोतिहारी आ कर गए लेकिन चीनी मिल नही शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि जब 17 महीने तक जब राजद सरकार में थी तब निर्णय ले कर रीगा चीनी मिल को पुनः शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि इस चीनी मिल में काम करने वाले स्थानीय लोगों के वेतन में अभी भी विसंगतियां हैं ।

# श्रीलाल शुक्ल जन्मशताब्दी: रागदरबारी का संपूर्ण रचनाबंध व्यंग्य का है : नित्यानंद तिवारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने कहा कि जब सामाजिक विद्रूपता को उसकी पराकाष्ठा में व्यक्त करना होता है तो उसके लिए व्यंग्य या फैंटेसी ही उपयुक्त माध्यम होती है, श्रीलाल शुक्ल ने भी यही किया, उन्होंने व्यंग्य शैली को अपनाया। उनके उपन्यास अपने समय से आगे की रचनाएँ हैं, जिन्हें वैश्विक धरातल पर देखने की जरूरत है।

श्री कौशिक ने गुरुवार को हिंदी कथाकार श्रीलाल शुक्ल की जन्मशती पर साहित्य अकादेमी द्वारा आयोजित संगोष्ठी में अपना विचार व्यक्त कर रहे थे।

साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने कहा कि श्रीलाल शुक्ल का साहित्य हमें समाज की वास्तविकता से परिचित कराता है और व्यंग्य के माध्यम से सुधार की प्रेरणा देता है। वरिष्ठ साहित्यकार श्री गोविंद मिश्र ने श्रीलाल शुक्ल से जुड़े कुछ संस्मरण सुनाते हुए उन्हें मस्ती और अल्हड़ता से भरपूर व्यक्ति बताया तथा कहा कि वे मूलतः उपन्यासकार थे, जिनकी औपन्यासिक दृष्टि बहुत विषद थी। आलोचक डॉ. रामेश्वर राय ने कहा कि श्रीलाल शुक्ल के लेखन की गहराई को नापने के लिए आलोचना के तथाकथित औजार नाकाफ़ी हैं। उनके लिखे उपन्यासों से हम आजादी के बाद के हिंदुस्तान की भयावह स्थिति को जान-समझ सकते हैं। उनके उपन्यास आजादी के सपनों के टूटने के उपन्यास हैं, शहीदों से क्षमा प्रार्थना हैं, इतिहास की मार्मिक आत्म स्वीकृतियाँ हैं। श्रीलाल शुक्ल की कनिष्ठ सुपुत्री विनीता माथुर ने अपने पिता के कई संस्मरण साझा करते हुए उनकी शास्त्रीय संगीत और शस्त्रों के प्रति रुचि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने उनकी खेल आदि अन्य रुचियों के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे पूरे परिवार ने पापाजी से विनम्रता, सरलता और उदारता के गुण पाए हैं। साहित्य अकादेमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा ने कहा कि श्री शुक्ल ने व्यंग्य को एक अस्त्र की तरह इस्तेमाल किया और साठ के दशक के बाद के भारत की राजनीतिक और समाज शास्त्रीय स्थितियों को सबके सामने रखा। वरिष्ठ कथाकार ममता कालिया ने कहा कि श्रीलाल शुक्ल बहुत अच्छे मनुष्य और लेखक थे। उनकी बातें मजेदार और चुटीली होती थीं। कथाकार शैलेंद्र सागर ने उनसे अपनी पहली मुलाकात और मृत्युपर्यंत संबंधों को याद करते हुए कहा कि वे दूसरों पर अपने विचार थोपते नहीं थे, सबके विचारों का सम्मान करते थे। कथाकार अखिलेश ने श्रीलाल जी को युवा ऊर्ज़ा से संपन्न व्यक्ति के रूप में याद किया और कहा कि वे नए से नए रचनाकारों को पढ़ते थे और उन्हें अपनी प्रतिक्रिया से अवगत कराते थे। आलोचक प्रो. नित्यानंद तिवारी ने कहा कि 'रागदरबारी' का संपूर्ण रचनाबंध व्यंग्य का है, उसकी भूमि व्यंग्य की है। जब हम इसे व्यंग्य उपन्यास कहते हैं तो यहाँ व्यंग्य विशेषण नहीं है, व्यंग्य और उपन्यास दोनों ही संज्ञाएँ हैं।

# पेज एक का शेष

## संभल में 30...

का जखीरा भी था। रिपोर्ट में पिछले दंगों की तिथियां, उनमें हुई जनहानि, प्रशासनिक कार्रवाई और उसके बाद की स्थिति का भी पूरा विवरण शामिल किया गया है। प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं गृह विभाग संजय प्रसाद ने बताया कि संभल में हिंसा की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय समिति ने आज मुख्यमंत्री को सौंप दी है। रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद सरकार के आगे के एक्शन पर योजना बनाई जाएगी। सूत्रों के हवाले से संभल हिंसा जांच कमेटी की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है कि 24 नवंबर 2024 की हिंसा पूर्वनियोजित और षड्यंत्र का नतीजा थी। नमाजियों को उकसाने के लिए सांसद जिया-उर-रहमान बर्क ने कहा था कि हम इस देश के मालिक हैं। सांसद जिया-उर-रहमान बर्क, विधायक के पुत्र सुहैल इकबाल और इंतेजामिया कमेटी के पदाधिकारी मुख्य भूमिका में थे। आरोप है कि संभल जामा मस्जिदकी इंतेजामिया कमेटी ने मिलकर साजिश रची। 22 नवंबर को नमाजियों को संबोधित करते हुए सांसद जिया-उर-रहमान बर्क ने भड़काऊ भाषण दिया था। उन्होंने कहा था कि हम पुलिस प्रशासन सरकार से दबने वाले थोड़ी हैं, अरे हम इस देश के मालिक है नौकर, गुलाम नहीं हैं'। मैं खुले रूप से कह रहा हूं कि मस्जिद थी, मस्जिद है, इंशा-अल्ला मस्जिद रहेगी कयामत तक। जिस तरह अयोध्या में हमारी मस्जिद ले ली गई, वैसा यहां नहीं होने देंगे। इस पूरे मामले की जांज के लिए उतर प्रदेश सरकार ने तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की थी। इसमें हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज देवेंद्र अरोड़ा को अध्यक्ष बना या गया था। उनके साथ रिटायर्ड आईपीएस और पूर्व डीजीपी एके जैन के साथ अमित मोहन प्रसाद सदस्य के रूप में शामिल किए गए थे।

## राज्य द्वारा बनाए...

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि आपत्तियों और सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए विधेयक को ऐसा स्वरूप दिया जाए, जो उद्योग और श्रमिकों के हितों में संतुलित हो। बैठक में श्रम कानूनों के सरलीकरण पर भी चर्चा हुई। प्रस्तावों में फैक्ट्री लाइसेंस की अवधि बढ़ाने, दुकानों व प्रतिष्ठानों के नियमों में व्यावहारिक बदलाव करने और महिलाओं को अधिक अवसर उपलब्ध कराने जैसे कदम शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि निरीक्षण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए स्व-सत्यापन और थर्ड पार्टी ऑडिट की प्रणाली अपनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से जहां उद्योगों का बोझ कम होगा, वहीं श्रमिकों का हित भी सुरक्षित होगा। सुधारों की शृंखला में 'निवेश मित्र 3.0 पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके तहत निवेशकों की आवेदन व अनुमोदन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सुगम बनाया जाएगा। कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म, पैन-आधारित पहचान, स्मार्ट डैशबोर्ड, बहुभाषी सहायता और एआई चैटबॉट जैसी सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सेवाओं की समयबद्ध डिलीवरी और निवेशकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल का नया संस्करण शीघ्र ही लॉन्च किया जाए, जिससे ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को नई मजबूती मिलेगी।

## नेपाल के रास्ते ...

अलर्ट है। पुलिस की टीम नेपाल सीमा से लेकर पूरे जिले में सघन जांच कर रही है। जिले के आम लोगों से भी आग्रह किया गया है कि कहीं भी आतंकियों के बारे में जानकारी मिलती है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। इसके लिए सूचना देनेवालों में पुरस्कृत किया जाएगा।

## 'तीन बच्चे पैदा...

का भी समावेश है। यह धीरे-धीरे विकसित किया जाना चाहिए।'' भागवत के मतुाबिक, हर शख्स को कला का ज्ञान होना चाहिए। संगीत ऐसा हो कि सबके कानों को भा सके, भले ही बुद्धि से हर कोई उसे न समझ पाए। हालांकि, उन्होंने कहा कि इसे बाध्यकारी नहीं बनाना चाहिए, क्योंकि अनिवार्यता से अक्सर विरोध उत्पन्न होता है। संस्कृत पर जोर देते हुए मोहन भागवत ने कहा कि शिक्षा की मुख्यधारा को गुरुकुल प्रणाली से जोड़ा जाना चाहिए। अगर भारत की वास्तविक पहचान को समझना है, तो संस्कृत का ज्ञान बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण और अवैध घुसपैठ के कारण ही देश में जनसंख्या का असंतुलन हुआ है। उन्होंने कहा कि धर्म व्यक्तिगत पसंद का विषय है, इसमें किसी प्रकार का प्रलोभन या बल प्रयोग नहीं होना चाहिए। मोहन भागवत ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि हिंदू समाज में एकता की जरूरत है। इसके लिए हमें मंदिर, श्मशान और कुंओं को एक रखना होगा। इस दौरान मोहन भागवत से एक सवाल आरक्षण को लेकर भी हुआ। इस पर उन्होंने कहा कि एक वर्ग के खिलाफ अन्याय हुआ है और उन्हें प्रतिनिधित्व नहीं मिला तो उन्हें सहारा मिलना चाहिए। मोहन भागवत ने यह भी कहा कि समाज में एकता के लिए यह जरूरी है कि कोई गड्ढे में गिरा है तो उसे हाथ देकर ऊपर खिंचा जाए। इसी से समाज में एकता होगी। उन्होंने कहा कि हमें सद्भाव के साथ इस पर काम करना होगा। मोहन भागवत ने कहा कि जब तक आरक्षण के लाभार्थियों को लगता नहीं है कि अब हम अपने बलबूते खड़े रहेंगे, तब तक हम इसके समर्थन में हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि संविधान के तहत जितना आरक्षण दिया जा रहा है। हम उसके साथ हैं। आरएसएस प्रमुख ने स्पष्ट किया कि हम समाज में जातिगत भेदभाव मिटाना चाहते हैं और इसके लिए हर तरह की खाई समाप्त करनी होगी।

## राष्ट्रपति-राज्यपाल...

टिप्पणी नहीं करेंगे, लेकिन यह भी कहा कि राज्यपाल का किसी विधेयक को छह महीने तक लंबित रखना सही नहीं है। मेहता ने जवाब में कहा कि अगर एक सांविधानिक संस्था अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करती, तो इसका मतलब यह नहीं कि कोर्ट दूसरी सांविधानिक संस्था को आदेश दे। इस पर सीजेआई ने कहा, हां, हम समझ रहे हैं कि आप क्या कह रहे हैं। लेकिन अगर यह अदालत ही किसी मामले को 10 साल तक नहीं सुलझाए, तो क्या राष्ट्रपति को कोई आदेश देने का हक होगा? सुनवाई अभी जारी है। 26 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने यह सवाल उठाया था कि अगर कोई राज्यपाल किसी विधेयक पर अनिश्चितकाल तक फैसला नहीं लेता तो क्या अदालत के पास कोई उपाय नहीं रहेगा? क्या राज्यपाल की स्वतंत्र शक्ति के चलते बजट जैसे जरूरी विधेयक भी अटक सकते हैं? शीर्ष कोर्ट ने यह सवाल तब उठाया जब कुछ भाजपा शासित राज्यों ने कहा कि राज्यपाल और राष्ट्रपति को विधेयकों पर फैसला लेने में पूरी स्वतंत्रता होनी चाहिए। इन राज्यों ने यह भी कहा कि कोर्ट हर समस्या का हल नहीं हो सकती। सुप्रीम कोर्ट अभी राष्ट्रपति की ओर से भेजे गए उस सांविधानिक संदर्भ पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें पूछा गया है कि क्या अदालत राज्यपाल और राष्ट्रपति को यह निर्देश दे सकती है कि वे विधानसभा से पारित हुए विधेयकों पर तय समयसीमा में निर्णय लें? मई में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अनुच्छेद 143(1) के तहत सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी कि क्या अदालत राष्ट्रपति को निर्देश दे सकती है कि वह राज्य विधानसभा से आए विधेयकों पर कब और कैसे फैसला लें।

# दिल्ली विवि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मुख्यमंत्री ने यू स्पेशल बसों को दिखाई हरी झंडी

- यू बसों से छात्रों को आवागमन में होगी सुविधा, मेट्रो में राहत देने को लेकर सरकार गंभीर : सीएम रेखा गुप्ता
- कार्यक्रम में परिवहन मंत्री पंकज सिंह, भाजपा सांसद मनोज तिवारी और विधायक सूर्य प्रकाश खत्री रहे मौजूद




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। छात्रों के लिए लंबे समय से यू बसों को शुरू करने की मांग को आज पूरा किया गया। हमारी सरकार ने 100 नई बसें शुरू कर रही हैं, जिनमें डीटीसी रेडियो से लैस उन्नत यू स्पेशल बसें भी शामिल हैं। इन यू स्पेशल बसों के शुरू होने से दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों को आवागमन सुविधा होगी। यह बसें दिल्ली के विभिन्न कॉलेजों से होकर गुजरेंगी। पिछली सरकार यू-टर्न वाली सरकार थी और हमारी सरकार आगे बढ़ने वाली है। यह बातें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही। इस दौरान सीएम और परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में गुरुवार को यू स्पेशल बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में भाजपा सांसद मनोज तिवारी और विधायक सूर्य प्रकाश खत्री भी मौजूद रहे। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो में दिल्ली के छात्रों को राहत (मेट्रो पास) देने को लेकर सरकार गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार दिल्ली की स्वच्छ और सुव्यवस्थित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। दिल्ली सरकार कूड़े के पहाड़ों को हटाने के लिए बहुत तेज से काम कर रही है। युवाओं से दिल्ली को बेहतर बनाने के लिए काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के युवाओं को नौकरी देने वाला बनना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1998 में जब उन्होंने यूनिवर्सिटी छोड़ी थी, तब यह यू-स्पेशल मेरे कॉलेज दिनों की सबसे मीठी यादें अपने साथ ले गई थी। आज, आपके बीच वापस लौटी हूं तो आपके लिए एसी, एफएम रेडियो, पैनिक बटन और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यू स्पेशल भी साथ ले आई हूं।

# उप महापौर ने गिरि नगर में स्केटिंग पार्क के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली के उप महापौर जय भगवान यादव ने गुरुवार को कालकाजी स्थित गिरि नगर में स्केटिंग पार्क के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को बेहतर मनोरंजन सुविधाएं प्रदान करना है।

इस दौरान उपमहापौर जय भगवान यादव ने कालकाजी के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां निवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उनके साथ पार्षद एवं मध्य क्षेत्र की अध्यक्ष योगिता सिंह, दिल्ली भाजपा के कई नेता और दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। उप महापौर ने क्षेत्र में स्वच्छता की स्थिति की भी समीक्षा की और अधिकारियों को चल रहे 'दिल्ली की कूड़े से आजादी-महा स्वच्छता अभियान' के तहत हर गली और कॉलोनी में सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यादव ने अवैध अतिक्रमण से संबंधित मुद्दों का संज्ञान लिया और अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी अवैध अतिक्रमण हटाए जाने चाहिए ताकि पैदल यात्रियों को सड़कों पर कोई बाधा न हो। इस अवसर पर उप महापौर ने कहा कि निगम का लक्ष्य दिल्ली के लोगों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और सुलभ सार्वजनिक स्थान बनाना है। गिरि नगर स्थित स्केटिंग पार्क युवाओं के लिए खेल और स्वस्थ गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक कदम है। साथ ही निगम स्वच्छता, अतिक्रमण और हरियाली के रखरखाव जैसे नागरिक मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि नागरिक बेहतर जीवन स्तर का अनुभव कर सकें।

# पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों में बीएसएफ जवानों ने ऑपरेशन चलाकर सैकड़ों लोगों को बचाया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। भारत-पाकिस्तान की सीमा पर डटे बीएसएफ के जवानों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मोर्चा संभाल लिया है। पंजाब का करीब 550 किलोमीटर का क्षेत्र पाकिस्तान की सीमा से सटा हुआ है। जिसकी सुरक्षा के लिए बीएसएफ के जवान तैनात हैं। बीएसएफ के जवान पिछले दो दिनों से सीमावर्ती गांवों में बाढ़ की चपेट में आए ग्रामीणों तथा पशुओं को बचाने में जुटे हुए हैं। बीएसएफ की तरफ से जारी की गई जानकारी के मुताबिक सतलुज नदी में बढ़ते जलस्तर से उत्पन्न संकट के बीच सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने साहस और तत्परता का परिचय देते हुए कई गांवों में बाढग्रस्त लोगों को सुरक्षित निकाला। बीएसएफ की राहत टीम ने बुधवार देर रात तक चले ऑपरेशन में फिरोजपुर जिले के धीरागढ़ा, निहाला लवेरा और सुल्तानवाला गांवों में ग्रामीणों को बाढ़ से बाहर निकाला और उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाया। गांवों में अचानक पानी भर जाने से लोग बेहद मुश्किल स्थिति में फंस गए थे। ऐसे समय में बीएसएफ जवान नावों और अन्य साधनों के जरिए मौके पर पहुंचे और लोगों को बाहर निकालने का अभियान शुरू किया। कई घंटों तक चले इस अभियान के दौरान बीएसएफ ने न केवल ग्रामीणों की जान बचाई, बल्कि स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर राहत कार्य को सुचारू रूप से आगे बढ़ाया। इस बीच बुधवार शाम बाढ़ का पानी नजदीकी आर्मी कैंप तक भी पहुंच गया। स्थिति गंभीर होते ही सेना की ओर से बीएसएफ को तत्काल मदद के लिए बुलाया गया। बीएसएफ की विशेष बचाव टीम तुरंत मौके पर पहुंची और वहां फंसे छह जवानों को सुरक्षित बाहर निकाला। इतना ही नहीं, जवानों ने सेना के विशेष हथियारों और अहम सैन्य उपकरणों को भी सुरक्षित बाहर लाकर एक बड़ी क्षति को टाल दिया। गुरदासपुर में बीएसएफ बचाव दल ने मकोड़ा और चकमकोड़ा गाँवों में एक विशेष अभियान चलाया, जहाँ प्रशिक्षित बीएसएफ जल विंग कर्मियों ने नावों की मदद से 70 ग्रामीणों को सुरक्षित निकाला। फिरोजपुर के कालूवाला गाँव में एक और बचाव अभियान चलाया गया, जहाँ बीएसएफ कर्मियों ने 14 ग्रामीणों को बाढग्रस्त सतलुज नदी पार कराई। फाजिल्का जिले के बाढ़ प्रभावित गाँव महार जमशेर से एक बीमार वृद्ध व्यक्ति को बीएसएफ के जवानों ने सुरक्षित रूप से फाजिल्का के सिविल अस्पताल पहुँचाया।

# दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली में यमुना का जलस्तर गुरुवार को खतरे के निशान 205.33 को पार कर चुका है। यमुना का जलस्तर पहाड़ी इलाकों में बारिश और हरियाणा के हथिनी कुंड बांध से लगातार पानी छोड़ जाने की वजह से खतरे के निशान के ऊपर पहुंचा है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान 205.33 मीटर को पार कर गुरुवार सुबह आठ बजे दिल्ली रेलवे ब्रिज पर 205.45 मीटर तक पहुंच गया।सरकार ने यमुना के किनारे बसे इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम शुरू कर दिया है। सभी विभाग 24 घंटे सतर्क रहकर काम कर रहे हैं और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। राहत और बचाव कार्यों के लिए 14 अहम जगहों पर नावों की तैनाती की गई है। साथ ही यमुना का पानी मुख्य सड़कों तक न पहुंचे और ट्रैफिक प्रभावित न हो, इसके लिए सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग को सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश सरकार ने दिए हैं। साथ ही सभी रेगुलेटर्स को पूरी तरह चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा डीएम ईस्ट के कार्यालय में ़सेंट्रल फ्लड कंट्रोल रूम़ की शुरुआत कर दी गई है। यह केंद्र अब पूरे दिल्ली के लिए एक केंद्रीय समन्वय केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है और सभी सिविक एजेंसियों के प्रतिनिधि यहां 24ग7 तैनात हैं। इस साल शहर में सेंट्रल कंट्रोल रूम सहित 15 वायरलेस स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं, जो यमुना के जलस्तर सहित जलभराव वाले इलाकों की हर समय निगरानी कर रहे हैं। साथ ही राहत और बचाव कार्य में इस्तेमाल होने वाले सभी उपकरणों की जांच पूरी कर ली गई है और संबंधित विभागों ने यमुना खादर क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं। उल्लेखनीय है कि 19 अगस्त को यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर पहुंचा था। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने तब यमुना बाजार स्थित बाढ़ग्रस्त बस्ती में नंगे पांव बाढ़ के पानी में उतर गईं थीं। उन्होंने बाढ़ से पीड़ित लोगों से बात की और आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ है। मुख्यमंत्री का यह भी कहना था कि दिल्ली के यमुना से सटे इलाकों में बाढ़ की स्थिति नियंत्रण में है।

# यात्री वाहन से 93.75 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, धंधेबाज गिरफ्तार

नवादा। नवादा जिले के रजौली में उत्पाद विभाग की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 93.75 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त कर एक कारोबारी को गिरफ्तार किया। कार्रवाई रजौली थानाक्षेत्र के चितरकोली जांच चौकी के पास की गई। बताया जाता है कि भोजपुर क्लासिक नामक यात्री बस झारखंड से बिहार के हाजीपुर जा रही थी।इसी दौरान चितरकोली स्थित समेकित जाँच चौकी पर नियमित जांच के क्रम में उत्पाद पुलिस ने बस को रोककर गहन तलाशी शुरू की। इस दौरान एक यात्री के बैग में रखे 375 एमएल की 250 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जिसकी कुल मात्रा 93.75 लीटर पाई गई। कार्रवाई जांच चौकी प्रभारी सह इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता के निर्देश पर एसआई प्रवीण कुमार के नेतृत्व में की गई। मौके पर शराब लेकर जा रहे कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी पहचान वैशाली जिले के सदर थाना क्षेत्र के दिघी खुर्द निवासी नरेश सिंह के पुत्र 22 वर्षीय रौशन कुमार के रूप में हुई।

# मानव तस्कर के चुंगल से नाबालिग लड़की को कराया गया मुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। भारत-नेपाल सीमा स्थित रक्सौल के मैत्री पुल के समीप एसएसबी के मानव तस्करी रोधी इकाई व एनजीओ की टीम ने बुधवार की रात कार्रवाई करते हुए एक मुस्लिम युवक को गिरफ्तार किया है,जो एक नाबालिग हिन्दू लड़की को बुर्का पहनाकर नेपाल ले जाने की कोशिश कर रहा था। पकड़े गए युवक की पहचान पूर्वी चंपारण निवासी मोहम्मद जहांगीर आलम के रूप में हुई है। एसएसबी टीम ने युवक की संदिग्ध गतिविधि को देखने के बाद उसको रोक कर पूछताछ की,तो पता चला कि आरोपी युवक सीतामढ़ी निवासी एक नाबालिग लड़की सोनी कुमारी(काल्पनिक नाम) को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेम जाल में फंसाया था। लड़की ने खुलासा किया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक शोषण किया और 22 अगस्त को योजना बनाकर उसे घर से भगा लिया। इसके बाद चार पांच दिनों तक बेतिया में अपने रिश्तेदार के घर में रखा और फिर उसको नेपाल ले जा रहा था।लड़की की पहचान छिपाने के लिए आरोपी जहांगीर ने उसे बुर्का पहनाया,हालांकि बार-बार बुर्का संभालने के कारण संदेह के आधार एसएसबी ने मामला को पकड़ लिया। लड़की ने बताया कि जहांगीर ने नेपाल जाकर शादी करने और फिर नौकरी करने की बात कही थी। जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि उक्त लड़की के परिजनो ने सीतामढी के पुनौरा थाना में 26 अगस्त 2025 को अपहरण की प्राथमिकी संख्या 189/25 दर्ज करायी है। रेस्क्यू टीम में मानव तस्करी रोधी इकाई एसएसबी के प्रभारी विकास कुमार, हवलदार अरविंद द्विवेदी,मानव तस्करी रोधी इकाई के महिला सिपाही नीतू कुमारी, प्रियंका नायक, कामनी कुमारी एवं कविता के साथ प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर, पूर्वी चंपारण की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी, राज गुप्ता तथा स्वच्छ रक्सौल संस्था के रणजीत सिंह शामिल थे। टीम ने काउंसलिंग के बाद लड़की को सुरक्षित परिजनों के हवाले करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन बेचने के आरोप में भाजपा पार्षद गिरफ्तार

हरिद्वार। फर्जी दस्तावेज के आधार पर जमीन बेचने के आरोप में एसटीएफ ने भाजपा पार्षद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर रूड़की गंगनहर थाने में पार्षद और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि कुख्यात प्रवीण बाल्मीकि के साथ मिलकर भाजपा पार्षद मनीष उर्फ बॉलर ने सुनहरा की एक महिला और उसके परिवार को डराया धमकाया और उसके नाम से फर्जी कागजात तैयार कर जमीन बेचने की साजिश की। इसका विरोध पीड़िता रेखा के देवर कृष्ण गोपाल ने किया था। आरोप है कि प्रवीण वाल्मीकि ने अपने शूटरो से सन 2018 में कृष्ण गोपाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रेखा का भाई सुभाष इस मामले में पैरवी शुरू की तो उसके ऊपर भी वर्ष 2019 में भी हमला किया गया, लेकिन उसकी जान बच गई। इसका आरोप भी मनीष उर्फ बॉलर और उसके साथियों पर लगा था। इसके बाद पीड़ित रेखा से 5 लाख की फिरौती मांगी गई और ना देने पर उसे व उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी गयी। इस मामले में एसटीएफ की जांच में यह सामने आया कि जुलाई-अगस्त माह में प्रवीण बाल्मिकी व मनीष उर्फ बॉलर ने अपने व्यक्तियों के माध्यम से रेखा पत्नी स्व. श्याम बिहारी व उसके बच्चों को लगातार धमकाया जा रहा है और उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

जांच में आया कि प्रवीण बाल्मिकी, पार्षद मनीष उर्फ बॉलर, पंकज अस्टवाल, राजकुमार, अंकित, मोनिका व अन्य ने मूल सम्पत्ति स्वामिनी रेखा की फर्जी पावर ऑफ अटार्नी बनाकर निर्देश पत्नी रजनीश निवासी जमालपुर कलां थाना कनखल ने पंकज अस्टवाल को दी बेची गई है।

# यमुनोत्री–गंगोत्री मार्ग बंद, यातायात बहाल करना प्रशासन के लिए चुनौती

- हर्षिल, धराली व आसपास के क्षेत्रों में बिजली, पानी एवं संचार संपर्क बहालजलमग्न सड़क के हिस्से पर यातायात बहाली के लिए डीएम ने दिए निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। धराली-हर्षिल में अतिवृष्टि के बाद प्राकृतिक आपदा से हर्षिल क्षेत्र में गंगोत्री-यमुनोत्री मार्ग सहित कई अन्य सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाने से यातायात प्रभावित हुआ है। प्रशासन गंगोत्री-यमुनोत्री हाइवे पर यातायात बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। बताया गया है कि हर्षिल-गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग का कुछ हिस्सा हर्षिल के निकट जलमग्न और क्षतिग्रस्त होने से यातायात बाधित है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य के निर्देशन में मार्ग बहाली और आवाजाही को सुचारू करने का कार्य निरन्तर युद्ध स्तर किया जा रहा है। लिमच्यागाड , डबरानी और सोनगाड जैसे चुनौतीपूर्ण स्थानों पर क्षतिग्रस्त मार्गों को बहाल करके उत्तरकाशी से हर्षिल तक सड़क संपर्क बहाल किया जा चुका हैं। साथ ही विकट परिस्थितिया होने पर भी प्रशासन ने हर्षिल, धराली और आसपास के क्षेत्रों में बिजली, पानी और संचार संपर्क भी बहाल कर दिया गया है। इसके अतरिक्त जनजीवन के सामान्य होने की स्थिति तक आपदाग्रस्त क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में रोजमर्रा की सभी जरूरी वस्तुएं तथा खाद्यान्न सामग्री भी लगातार वितरित की जा रही हैं। चारधाम यात्रा के दृष्टिगत गंगोत्रीधाम व यमुनोत्रीधाम यात्रा को बहाल करने के लिए प्रशासन निरंतर प्रयासरत है और इसके लिए जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिये गए हैं। जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी, सिंचाई, राजस्व, स्वास्थ्य, आपूर्ति, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस, बीआरओ सहित समस्त संबंधित सरकारी एजेंसियों को आपदा के दौरान सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने मार्ग के इस हिस्से को आवाजाही के लिए जल्द से जल्द बहाल करने के लिए बीआरओ के अधिकारियों को निर्देश दिये। मार्ग के जलमग्न हुए हिस्से की बहाली के लिए बीआरओ युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है।

# गिरफ्तारी के विरोध में बाल्मीकि समाज के लोगों ने किया प्रदर्शन

हरिद्वार। निगम पार्षद मनीष बॉलर की गिरफ्तारी के विरोध में बाल्मीकि समाज के लोगों ने निगम कार्यालय रूड़की के बाहर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान कूड़ा वाहनों के चक्के जाम रहे। पुलिस एवं अन्य अधिकारियों ने उन्हें समझाकर शांत किया। वहीं पार्षद की गिरफ्तारी से गुस्साए वाल्मीकि समाज के लोग सुबह से ही निगम कार्यालय के बाहर एकत्र होना शुरू हो गए। इतना ही नहीं निगम के सफाई कर्मियों ने गाड़ियों के चक्के जाम कर शहर की सफाई व्यवस्था भी ठप रखी। करीब डेढ़ घंटे तक प्रदर्शन किया गया। इस दौरान रास्ते से आवागमन भी पूरी तरह बाधित रहा। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप था कि इस प्रकार एक जनप्रतिनिधि के खिलाफ की गई कार्रवाई ठीक नहीं है। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाया और शांत किया। उल्लेखनीय है कि नगर निगम वार्ड नंबर 38 के पार्षद मनीष बॉलर को बुधवार रात एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि पार्षद ने कुख्यात प्रवीण बाल्मीकि के साथ मिलकर अपने गिरोह के साथ जमीनों के फर्जी दस्तावेज तैयार किए और फिर जमीनों को बेच दिया। आरोप है कि अपनी आवाज उठाने पर पीड़ितों को जान से मारने की धमकी भी दी गई







चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063